CMYK

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 19°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 3 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 257 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 15 जिल कदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र: जनगणना 2027: दो चरणों में होगी प्रक्रिया, घर-घर जाकर जुटाया जाएगा डेटा पेज 2



पहली टी-20 मुंबई महिला लीग: युवा सनसनी इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं खेल टाइम्स



ईरान और अमेरिका के बीच फिर छिड़ सकता है युद्ध पेज 11



पापा के करीब रहने के लिए बॉलीवुड में आना चाहती थीं त्रिशाला दत्त बॉलीवुड

# ट्रम्प ने EU की कारों-ट्रकों पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अगले हफ्ते से यूरोपीय संघ (ईयू) से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा।

ट्रम्प का कहना है कि यूरोपीय संघ पहले से तय व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा है, इसलिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि अगर यूरोपीय कंपनियां अमेरिका में ही कार और ट्रक बनाएंगी, तो उन पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। ट्रम्प के मुताबिक, इस समय अमेरिका में कई नई ऑटोमोबाइल और ट्रक फैक्ट्रियां बन रही हैं, जिनमें 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका में इस तरह का निवेश और विकास पहले कभी नहीं देखा गया। इन फैक्ट्रियों में अमेरिकी लोगों को रोजगार मिलेगा। ट्रम्प जिस व्यापार समझौते की बात कर रहे हैं वो उनके और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के बीच पिछले साल जुलाई में हुआ था। इस समझौते को टर्नबेरी एग्रीमेंट कहा जाता है, जिसका नाम स्कॉटलैंड में ट्रम्प के गोल्फ कोर्स के नाम पर रखा गया है। इस समझौते का मकसद अमेरिका और ईयू के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को कम करना था।



■ **कहा: व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहे, छूट चाहिए, तो अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग करनी होगी**

## अमेरिका की हर गलत हरकत का कड़ा जवाब देंगे: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता। असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।

■ **अमेरिका किसी समझौते को नहीं मानता, उसके वादे दिखावटी होते हैं**

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में 15 बूथों पर दोबारा वोटिंग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम विधानसभा के कुल 15 बूथों पर शनिवार को दोबारा मतदान हुआ है। साउथ 24 परगना में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं फालता में वोटर्स ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वोटिंग के बाद टीएमसी के लोगों ने उनके साथ मारपीट की।

### देशभर में करोड़ों मोबाइल पर एकसाथ अलर्ट मैसेज आया

**नई दिल्ली।** देशभर में शनिवार सुबह 11:45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएमए ने भेजा था। एनडीएमए ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया। शनिवार को देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली-एनसीआर में सभी मोबाइल फोन पर एक साथ टेस्टिंग मैसेज भेजा गया।

### नौ राज्यों में आंधी- बारिश यूपी में पेड़ गिरे

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से राहत मिली। 9 राज्यों में आंधी-बारिश आई। कई जगह ओले गिरे। उप्र में दोपहर एक बजे के बाद ललितपुर और झांसी में धूलभरी आंधी चली। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। झांसी मेडिकल कॉलेज में एक बड़ा पेड़ स्कूटी और कार पर गिर गया। 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा।

# मतगणना से पहले TMC को झटका

## मतगणना कर्मचारियों पर चुनाव आयोग के नियम रहेंगे बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले टीएमसी को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग द्वारा वोटों की गिनती के लिए मुख्य रूप से केंद्र सरकार और पीएसयू के कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

इस अहम मुद्दे को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को टीएमसी की याचिका पर सुनवाई की। विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई भी नया आदेश पारित करने से साफ इन्कार कर दिया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह अपने 13 अप्रैल के परिपत्र (सर्कुलर) का पूरी तरह से पालन करेगा। टीएमसी के मुताबिक, इस सर्कुलर में मतगणना प्रक्रिया में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ राज्य सरकार के कर्मचारियों की तैनाती का भी प्रावधान है। चुनाव आयोग के वकील के इस बयान के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने केवल यह दोहराया कि चुनौती दिए गए सर्कुलर को लागू किया जाएगा और मामले में आगे कोई अन्य आदेश देने से मना कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि मतगणना के दौरान वहां हर राजनीतिक दल के चुनाव एजेंट मौजूद रहेंगे। इसलिए, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता कि पर्यवेक्षक केंद्र सरकार का नामित अधिकारी है या नहीं।



■ **चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार: सुप्रीम कोर्ट**

### पश्चिम बंगाल में मतगणना के लिए सुरक्षा इंतजाम और सख्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की चार मई को होने वाली मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को होने वाली मतगणना में 165 अतिरिक्त गणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं ताकि मतगणना केंद्रों पर कानून-व्यवस्था मजबूत रहे और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके। आयोग के अनुसार इन पर्यवेक्षकों की तैनाती का उद्देश्य मतगणना को सुरक्षित, भयमुक्त और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना है। अतिरिक्त गणना पर्यवेक्षक उन 165 विधानसभा क्षेत्रों में लगाए गए हैं, जहां एक से अधिक मतगणना कक्ष हैं, ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। पुलिस पर्यवेक्षक संबंधित मतगणना केंद्रों के आसपास सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की निगरानी आयोग के निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित करेंगे।

# छत्तीसगढ़: डी-माइनिंग के दौरान ब्लास्ट, 4 जवान शहीद

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। कांकेर नारायणपुर सीमा क्षेत्र में डी-माइनिंग अभियान के दौरान हुए आईईडी विस्फोट में डीआरजी के चार जवान शहीद हो गए।

बता दें कि, छत्तीसगढ़ के कांकेर में डीमाइनिंग ऑपरेशन करते समय नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी विस्फोट में छत्तीसगढ़ पुलिस के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के चार जवान घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान सभी जवानों की मौत हो गई। एक अधिकारी के अनुसार, यह धमाका नारायणपुर जिले से लगे जंगल वाले इलाके में हुआ। वहां पुलिस टीम नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी को खोजने और निष्क्रिय करने के लिए अभियान चला रही थी। विस्फोटक डिवाइस की चपेट में आने से चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा और कांस्टेबल संजय गढ़पाले ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चौथे जवान कांस्टेबल परमानंद कोर्राम को एयरलिफ्ट करके रायपुर ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान वो भी शहीद हो गए।



■ **शहीद जवानों में इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा, कांस्टेबल संजय गढ़पाल व कांस्टेबल परमानंद कोर्राम शामिल**

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Admission Open
Welcome to the WORLD of
SRGC - SHRI RAM GROUP OF COLLEGES



Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
SHRI RAM COLLEGE OF PHARMACY Diploma Ranked 15th with 'A' Grade by SIRF UP Govt MUZAFFARNAGAR

Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CSE, AI & ML, Data Science, CE, ME, EE, ECE) | BArch | MCA
MBA (Agribusiness Management)
MBA (Banking & Financial Services)
MBA (Business Analytics) | MBA
DPharm | Polytechnic (CE, ME, EE)
'A' Grade by SIRF

Shri Ram Polytechnic
'A' Grade by SIRF
Polytechnic (CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm

Shri Ram College of Law
LLB (3 Years Course)
BALLB | BComLLB (5 Years Courses)

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc- Agronomy, Agri Chemistry & Soil Sc | BSc- Phy, Chem, Mathematics, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chemistry Zoology, Botany | BSc- Biotech | BSc- Microbio MSc- Biotech, | MSc-Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing &Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | MPEd | BEd | MEd | BABEd | BScBEd | BComBEd (under ITEP) Apprenticeship Embedded Degree Programms (AEDP)- BCom - Banking, Financial Services & Insurance, BSc - Tourism & Hospitality Management

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927079966, 9927074735; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agri: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Journalism: 9927668855; Home Sc & AEDP: 8800538281

For Admission/ Registration in college, Click on below link:
https://srgcerp.in/studentapplication.aspx
or Scan QR Code

# देश को जल्द मिलेंगी हाइपरसोनिक मिसाइलें

## 'सुपरसोनिक ब्रह्मोस' से दोगुनी होगी रफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने युद्धों की बदलती रणनीति को देखते हुए अत्याधुनिक 'हाइपरसोनिक' मिसाइल तकनीक पर काम तेज कर दिया है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी. कामत ने एक कार्यक्रम में बताया है कि देश जल्द 'हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल' और 'हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल' से लैस होगा।

इनकी रफ्तार सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से दोगुनी होगी। इसकी खासियतों की वजह से दुनिया का कोई डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक नहीं पाएगा। डीआरडीओ प्रमुख के अनुसार, ग्लाइड मिसाइल का पहला परीक्षण जल्द संभव है। स्क्रैमजेट इंजन पर आधारित क्रूज मिसाइल को लेकर भी बड़ी कामयाबी मिली है। हाल ही में स्क्रैमजेट प्रोपल्शन का 1,000 सेकंड से ज्यादा समय तक परीक्षण सफल रहा है। औपचारिक मंजूरी मिलने के 5 साल में इस मिसाइल प्रणाली को सेना के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। भारत एंटी-शिप मिसाइल भी विकसित कर रहा है। यह मिसाइल ब्रह्मोस की तुलना में और ज्यादा तेज होगी। इसके तीसरे चरण का परीक्षण इसी महीने किया जाना है। रूस के पास 'जिरकान' और 'किंजल' हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं।

■ **कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक पाएगा**

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

**एक नजर**

## घायल की उपचार के दौरान मौत



**राजा का ताजपुर।** नौ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। 22 अप्रैल को ताजपुर निवासी जौनी सैनी (24 वर्ष) पुत्र मोहन सैनी, राजकुमार व रवि तीनों दोस्त बाइक से शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। ताजपुर-रवाना मार्ग उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। तीनों दोस्त गंभीर घायल हो गए थे। जबकि जौनी की हालत गंभीर होने के कारण उसे मेरठ रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। जौनी अपने माता-पिता का अविवाहित इकलौता पुत्र था। एक बहन है। जिसकी शादी हो चुकी है। कई वर्ष पूर्व उसकी मां की मौत हो गई थी। पिता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। वह इधर-उधर घुमता फिरता रहता है। जौनी का दहासंकार परिजनों ने ही किया।

## दंत जांच शिविर में दिए सुझाव




**हल्दौर।** डॉक्टर फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोटरी क्लब द्वारा नि:शुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। डा.विश्वास ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई, संतुलित आहार और समय-समय पर जांच कराने की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि छोटी-छोटी सावधानियों से दंत रोगों से बचाव संभव है। उन्होंने सही तरीके से ब्रश करने और मीठे खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन से बचने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष नवीन कुमार के नेतृत्व में क्लब के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। इनमें हेमचंद्र राणा, धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, अभिषेक कुमार, रोटेरियन अनुज मारवाड़ी, अमित राजपूत, कुंवर प्रदीप एड., देवेंद्र कुमार रस्तोगी, संदीप रस्तोगी, अनिल चौहान एवं प्रवीण कुमार रस्तोगी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। साथ ही गोपेश्वरी विश्वास की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। शिविर के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने रोटरी क्लब के अध्यक्ष नवीन कुमार एवं समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।

## गौशालाओं में लगेगें सीसीटीवी कैमरे




**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में गौशालाओं के सुव्यवस्थित रूप संचालन से सम्बंधित बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप/ जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.लोकेश कुमार अग्रवाल सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। डीएम ने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी गौशालाओं के परिसर में प्रतिदिन सुबह शाम पानी का छिड़काव कराया जाना तथा प्रत्येक गौशाला में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और उनका क्रियाशील होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस गौशाला में अतिरिक्त शेड की आवश्यकता हो, वहाँ प्राथमिकता के आधार पर शेड बनाये जाने का प्रस्ताव प्रेषित करें और प्रत्येक पशु की अनिवार्य रूप से इयर टैगिंग भी कराएं। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जहाँ अस्थायी गौशाला/ गो आश्रय स्थल की आवश्यकता है, उसके लिए प्रस्ताव प्रेषित करें, जिससे गौशालाओं के निर्माण की अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि यदि किसी भी गौशाला में कोई पशु बीमार हो जाए, तो गौशाला के किसी अन्य भाग में उसके लिए अतिरिक्त व्यवस्था करें और वहां पर उसका उपचार किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि गौशालाओं की भूमि पर पाए जाने वाले अवैध कब्जों हटाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाएं और यदि किसी स्थान पर गौशालाओं की भूमि पर अवैध कब्जा पाया जाता है, तो तत्काल उसको कब्जा मुक्त कराना सुनिश्चित करें।

# डा. गर्ग की पुण्यतिथि पर रक्तदान

### गर्ग परिवार की पहल पर आयोजित शिविर में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्वर्गीय डा. एसपी गर्ग की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रख वीरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में गर्ग परिवार के प्रवीण गर्ग एवं नवीन गर्ग, अनन्त गर्ग, मैत्री गर्ग का अहम योगदान रहा।



2 मई, 2021 को डा. एसपी गर्ग का निधन हो गया था। तब से उनका परिवार श्रद्धांजलि के रूप में रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा है। नगर के नजीबाबाद मार्ग स्थित बिजनौर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, एसडीओ वन विभाग अंशुमान मित्तल, किसान नेता चौधरी दिग.बर सिंह, राहुल वर्मा प्रदेश अध्यक्ष व्यापारी संगठन ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

इस मौके पर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने कहा कि स्वर्गीय डा. एसपी गर्ग की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर कार्यक्रम आयोजित करना एक सच्ची श्रद्धांजलि है और गर्ग परिवार द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सचमुच सराहनीय है। इसके लिए समस्त गर्ग परिवार बधाई के पात्र हैं। एसडीओ अंशुमान मित्तल ने कहा हर व्यक्ति को ब्लड डोनेट के लिए आगे आना चाहिए।

चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि गर्ग परिवार हमेशा ही सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और उन्होंने यह शि.विर लगवाकर पुण्य का काम किया है।

राहुल वर्मा ने कहा कि समाज में कुछ ऐसे भी लोग है, जो समाज के लिए समर्पित भावना रखते हैं। ऐसे लोगों को में साधुवाद देता हूं। वरिष्ठ पत्रकार संजीव शर्मा ने कहा कि पुण्यतिथि पर ब्लड डोनेट कैंप एक सच्ची श्रद्धांजलि है।

रक्तदान शिविर मे कई ऐसे युवा रक्तवीर भी आए जिन्होंने प्रथम बार रक्तदान किया, वहीं महिलाओं ने भी शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर की सराहनीय व्यवस्था के लिए बिजनौर ब्लड बैंक के संचालक दुष्यंत सैनी की रक्तवीरों तथा आयोजकों ने सराहना की। शिविर में वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सिंह एड, वरिष्ठ पत्रकार अवनीश गौड़, नदीम अहमद आजाद, आलोक भारद्वाज, डा. सत्येंद्र शर्मा, नरेंद्र मारवाड़ी, विकास अग्रवाल पत्रकार झालू, विनीत चौधरी, राजू अग्रवाल, आदिल अहमद, कार्मेंद्र चौधरी, वीरेंद्र प्रताप, दीपेंद्र त्यागी,मोहित शर्मा, देवेश चौधरी, अनुज शर्मा, मनीषा, कीर्ति थापन, निखिल राघव, शेखर सिंह, अमित गौड़, पुलकित गुप्ता, मिथुन कौशिक, गौरव शर्मा, नरेंद्र नेगी, अमित सरीन, शशांक जैन, भारतीय किसान संघ से सीमा त्यागी, बीज.ेपी के मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, पंडित गोपाल, राजीव, अंशुल, रविकांत, राहुल चौहान, ऋषिराज, मोहित गुप्ता, अनिल शर्मा, देवेंद्र कुमार, ललित चौहान, मनमोहन, अलका, कीर्ति थापन, अभिषेक वत्स, रितेश भटनागर, दक्ष थापन, डा. टीकम सेंगर, आशुतोष, नमन उपाध्याय, विजय मोहन गुप्ता, वीर सिंह, शेखर चौधरी उपस्थित रहे।

# जंगल में बांटे जा रहे गैस सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर के एमकेडी अग्रिम एकेडमी के पास स्थित जंगल में रसोई गैस सिलेंडर बांटे जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी के कर्मचारियों पर निर्धारित दर से अधिक वसूली करने और खुले मैदान में असुरक्षित तरीके से वितरण करने का गंभीर आरोप लगाया है।



### तय रेट से ज्यादा पैसे मांगने का आरोप

प्राप्त समाचार के अनुसार यह घटना शनिवार को सामने आई, जब एमकेडी अग्रिम एकेडमी के पीछे जंगल वाले रास्ते पर एक गैस से भरा पिकअप वाहन खड़ा देखा गया। इसे देखकर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई। आरोप है कि यहां गैस एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित कर रहे थे।

मुख्तार अहमद, परवेज अहमद, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार आदि ने आरोप लगाया कि सिलेंडर की वास्तविक कीमत से काफी ज्यादा पैसे वसूले जा रहे थे। वितरण के तरीके पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। उपभोक्ताओं ने कहा कि रिहायशी इलाके और एकेडमी के पास खुले जंगल में इस तरह गैस बांटना किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। हम यहां घंटों से लाइन में लगे हैं, लेकिन हमसे तय रेट से ज्यादा पैसे मांगे जा रहे हैं। जब हमने इसका विरोध किया, तो कर्मचारी अभद्रता पर उतारू हो गए।

इस संबंध में गैस एजेंसी के वितरण मैनेजर नितिन कुमार का कहना है कि होम डिलीवरी की जा रही है और सिलेंडर निर्धारित मूल्य पर ही दिए जा रहे हैं।

# अफजलगढ़ में एमआरपी से ज्यादा वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर क्षेत्र में इन दिनों उपभोक्ताओं के साथ बड़े स्तर पर आर्थिक शोषण का मामला सामने आ रहा है। बाजारों में लगभग हर छोटे-बड़े उत्पाद पर अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) से अधिक कीमत वसूलना आम चुका है। इससे आम जनता में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।



प्राप्त समाचार के अनुसार कैंपा एनर्जी ड्रिंक, जिस पर 30 रु. की एमआरपी अंकित है, उसे खुलेआम 40रु. में बेचा जा रहा है। इसी तरह सिगरेट पर 3 रु. और गुटके पर 4 रु. तक अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। यह स्थिति किसी एक दुकान तक सीमित नहीं है, बल्कि बस स्टैंड से लेकर मुख्य बाजारों, मोहल्लों और गलियों तक फैली हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई ग्राहक अधिक कीमत देने का विरोध करता है, तो दुक.ानदार सामान देने से मना कर देते हैं या बहानेबाजी करने लगते हैं। मजबूरी में उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि इतने बड़े स्तर पर चल रही इस अवैध वसूली के बावजूद संबंधित विभाग और निरीक्षण तंत्र चुप क्यों है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद न तो कोई छापेमारी हुई और न ही किसी दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। कानून के अनुसार किसी भी पैकेटबंद वस्तु को एमआरपी से अधिक मूल्य पर बेचना दंडनीय अपराध है, लेकिन अफजलगढ़ में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। महंगाई के इस दौर में यह अतिरिक्त वसूली आम आदमी की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर रही है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सघन अभियान चलने और दोषी दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की उपलब्धता : डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने समस्त किसान बंधुओं को सूचित किया है कि जनपद में खरीफ सीजन में पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की उपलब्धता है, जिसको कृषकों की मांग के अनुसार वितरण किया जा रहा है। उक्त उपलब्धता के अतिरिक्त कृषकों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की आवश्यकता के अनुसार यूरिया एवं डीएपी उर्वरक की आवश्यकता होगी, उसकी उपलब्धता भी सुनिश्चित कर ली जायेगी। जिससे जनपद में कृषकों के लिए किसी भी प्रकार के उर्वरकों की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में एक फसली सीजन में एक हेक्टेयर भूमि पर सात बैग यूरिया एवं पांच बैग डीएपी कृषकों में वितरित किये जाये एवं बिना फार्मर रजिस्ट्री के कृषकों को किसी भी प्रकार के उर्वरकों का वितरण न किया जाए। यदि उक्त निर्देशों के बाद भी किसी उर्वरक विक्रेता/समिति प्रभारियों द्वारा यदि किसी भी कृषक को उनकी जोतबही एवं खतौनी के अनुसार अनुमन्य संस्तुत मात्रा से अधिक उर्वरकों का वितरण किया जाता है, तो क्रेता कृषकों (टॉप-20) की जांच कराकर सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक नियन्त्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर करने, उर्वरकों के साथ अन्य ऊर्वरकों की टेगिंग करता हुआ पाया जाने एवं असामाजिक तत्वों द्वारा अधिक मात्रा में उर्वरक क्रय कर गैर कृषि गतिविधियों में जैसे यूरिया डायवर्जन, कालाबाजारी, जमाखोरी इत्यादि करने पर दण्डात्मक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

**एक नजर**

## पोषण जागरूकता रैली निकाली



**बुढ़नपुर।** श्री साई इंटर कॉलेज की रासेयो इकाई द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा पोषण जागरूकता रैली निकाली गई। तथा जागरूकता रैली का आयोजन ग्राम रूपपुर के आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छ जल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर कालेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को पोषक आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में फल, हरी सब्जियों, दालों एवं पौष्टिक भोजन के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। तथा विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने 'सही पोषण-देश रोशन' तथा 'कुपोषण हटाओ, स्वस्थ भारत बनाओ' जैसे नारों के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई। प्रबंधक प्रमोद त्यागी ने विद्यार्थियों द्वारा अच्छे तरीके से जन जागरूकता फैलाने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे ही आगे कार्य करते रहे। प्रधानाचार्य प्रियंका कुमारी व स्टाफ ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के आयोजन में योगदान रहा।

## डा. सय्यद इजहार अली का इंतकाल



**किरतपुर।** नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं मुस्लिम फंड कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य डा. सय्यद इजहार अली का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वह लगभग 65 वर्ष के थे। डा. इजहार अली अपने मिलनसार स्वभाव, नेकदिली और समाजसेवा के लिए पूरे क्षेत्र में जाने जाते थे। उन्होंने वर्षों तक लोगों की सेवा करते हुए जरूरतमंद और बेसहारा लोगों की हर संभव मदद की। गरीब मरीजों का नि:स्वार्थ इलाज करना उनकी पहचान बन गया था। नगर के लोग उन्हें एक दयालु और इंसा.नियत पसंद डॉक्टर के रूप में याद करते हैं। परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनके इंतकाल की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों, सामा.जिक संगठनों और नगरवासियों का उनके आवास पर तांता लग गया। लोगों ने परिजनों को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की मगफिरत के लिए दुआ की। बाद नमाज जौहर उन्हें नगर के पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में नगरवासी, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी तथा विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद रहे। डा. इजहार अली के निधन पर विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके सम्मान में मुस्लिम फंड, मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, अब्दुल समी मेमोरियल लॉ कॉलेज , क्रिसेंट ऑफ एक्सीलेंस स्कूल (चांदपुर) सहित कई संस्थाओं में शोक घोषित करते हुए अवकाश का ऐलान किया गया। मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने कहा कि डा. इजहार अली का समाज और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। लोगों का कहना है कि उन्होंने पूरी जिंदगी इंसानियत और सेवा भाव के साथ समाज की सेवा की, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

## राजपुर नवादा में पानी की किल्लत



**मंडावली।** क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा में ग्रामीण सुबह पानी की टंकी पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि गर्मी के दिनों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से यहां कोई भी अधिकारी नहीं आया है। पानी की टंकी में आए दिन कोई न कोई समस्या उत्पन्न होती रहती है, जैसे कभी कट-आउट का खराब हो जाना या कभी तार का जल जाना। टंकी पर तैनात ऑपरेटर हबीब अहमद ने जानकारी दी कि उन्हें कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि वे उपकरणों की मरम्मत में अपनी जेब से पैसे लगा चुके हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूरे जिले में नई पानी की टंकियां बनाने का कार्य चल रहा है, लेकिन उनके गांव में नई टंकी के निर्माण के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है। वर्तमान में जो टंकी है, वह बहुत पुरानी हो चुकी है और उसकी रेलिंग तक लटक गई है। इस दौरान ग्रामीणों में विवेक त्यागी, मुकुल त्यागी, जमीर अहमद, फरमान अहमद, नौबहार सिंह और गांव की महिलाएं भी शामिल रहीं।

## मान के मुद्दे पर स्पष्टीकरण दें केजरीवाल: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पंजाब पुलिस की ओर से छापा मारे जाने की निंदा की है और पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के शराब के नशे में धुत होकर विधानसभा सभा में जाने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी और केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पर छापा मारने की कोशिश की। हम पंजाब सरकार से यह सवाल पूछना चाहते हैं कि एक ऐसा राज्य जहां कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी इतनी लचर है कि आपकी पुलिस ड्रग वालों को पकड़ नहीं पा रही है। पवित्र हरमंदिर साहिब के गेट पर गोली चल जाती है। जहां पर पुलिस अधिकारियों के कार्यालय पर हमला हो जाता है, लेकिन वहां पर स्थिति पर नियंत्रण न करके पाठक के घर छापा मारा जाता है। ऐसा क्यों किया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल केजरीवाल से है, जो खुद को इस 'नई राजनीति' का अलंबरदार बताते हैं, पंजाब विधानसभा में विपक्ष ने कल ही मुख्यमंत्री भगवंत मान पर एक गंभीर आरोप लगाया था, जिसमें उन पर शराब के नशे में होने का आरोप लगाया गया था।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय की सेहत में सुधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है और उनको जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार शरीर में सोडियम की कमी के चलते राय की तबीयत शुक्रवार शाम बिगड़ गई थी, जिसके कारण उन्हे मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।



**मेदांता अस्पताल में हैं भर्ती, जल्द मिल सकती है छुट्टी**

बताया जा रहा है कि लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद वे अपने आवास लौटे थे, जहां उन्हें चक्कर आ गया और वे बेहोश हो गए। रक्तचाप से जुड़ी शिकायत के बाद उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने गुरुवार शाम एक्स पर लिखा कि उन्हें अजय राय के स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिली है और वे उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि अजय राय शुक्रवार शाम अचानक अस्वस्थ हो गए, जिसके बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

### अजय राय की सेहत को लेकर राहुल गांधी ने जताई चिंता



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस खबर से वह चिंतित हैं और राय के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। गांधी ने उम्मीद जताई कि राय जल्द स्वस्थ होकर पूरी ऊर्जा के साथ जन सेवा में सक्रिय होंगे। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार शरीर में सोडियम की कमी के चलते श्री राय की तबीयत लखनऊ में शुक्रवार शाम बिगड़ गई थी जिसके कारण उन्हे मेदांता अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। बताया जा रहा है कि लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद वे अपने आवास लौटे थे, जहां उन्हें चक्कर आ गया और वे बेहोश हो गए। रक्तचाप से जुड़ी शिकायत के बाद उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## कांग्रेस सांसद तिवारी ने मान पर लगे आरोपों पर मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर लग रहे आरोपों को लेकर स्पष्ट जवाब देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंजाब जैसे महत्वपूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री पर बार-बार नशे से जुड़े गंभीर आरोप लगना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

प्रमोद तिवारी ने हाल ही में सामने आए आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दावा किया जा रहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री मान विधानसभा में नशे की हालत में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा का विषय बन चुकी हैं। उन्होंने पूर्व में विदेश यात्रा के दौरान विमान से उतारे जाने की कथित घटना और संसद के समय उठे सवालों का हवाला देते हुए कहा कि इन घटनाओं ने जनमानस में संदेह और असहजता पैदा की है तथा मुख्यमंत्री पद की गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। हालांकि तिवारी ने यह भी कहा कि इन आरोपों की सच्चाई स्पष्ट होना आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे इन सभी मुद्दों पर खुलकर स्पष्टीकरण दें। उनका कहना है कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि होती है, खासकर जब बात किसी राज्य के सर्वोच्च पद की हो।

# सपा प्रदेश सचिव राशिद का जोरदार स्वागत

## पीडीए को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश में सपा की सरकार जरूरी : राशिद






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के नवनियुक्त प्रदेश सचिव राशिद राईन का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का ऐलान किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं युवा नेता राशिद राईन का शनिवार को पार्टी जिला कार्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। वह अपने चांदपुर रोड स्थित कैंप कार्यालय से सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ विशाल काफिले के रूप में पार्टी कार्यालय पहुंचे। पूरे रास्ते कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए उनके साथ चलते रहे। कार्यालय पहुंचने से पहले राशिद राईन ने नुमाइश ग्राउंड चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पार्टी कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष हनी फैसल, पूर्व मंत्री एवं नगीना विधायक मनोज पारस, पूर्व जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर राशिद राईन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह जमीनी स्तर पर काम करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाएंगी। उन्होंने हर बूथ और हर गांव तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने तथा जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में बहुत कम समय बचा है। हमें भाजपा की साजिशों को नाकाम करना है। भाजपा के द्वारा छोटे-छोटे राजनीतिक दलों का इस्तेमाल हमारे वोट काटने के लिए किया जा सकता है। हमें आम मतदाताओं को इन दलों की साजिशों के बारे में बताना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। प्रदेश में विकास ठप पड़ा है और साम्प्रदायिकता फैला कर भाईचारे को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश में सपा की सरकार बनना जरूरी है।

जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि राशिद राईन जैसे युवा और ऊर्जावान नेता को प्रदेश सचिव बनाए जाने से बिजनौर को नई ताकत मिली है। उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक संगठित होगी और 2027 में सपा की जीत सुनिश्चित होगी।

कार्यक्रम में शारिक सुल्तान, मौहम्मद शनावर सिद्दीकी, खालिद सिद्दीकी, पंकज अग्रवाल, जयप्रकाश चंदेल, माजिद हुसैन, वसीक कुरैशी, सभासद आदिल एड., अंजार राईन, असलम मॉनसून, याकूब मुनसन, शकील अहमद, शारिक राणा, रफीक राइन, फरहान राइन, दानिश, अबरार अहमद, फहीम अहमद, शादाब राईन, वसीक चौधरी, शारिक सभासद, फहाद काजी, शैफी, मिन्नी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थानों में भ्रष्टाचार न रूकने पर पाशा करेंगे सड़कों पर आंदोलन



### पुलिस अधिकारियों की सम्पत्तियों की जांच की मांग उठाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दबे कुचले समाज की लड़ाई लड़ रहे एमआर पाशा ने आरोप लगाया कि थानों व पुलिस चौकियों में भ्रष्टाचार हो रहा है। बिना रिश्वत के आम आदमी की सुनवाई नहीं होती है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से लेकर सिपाहियों तक की सम्पत्तियों की जांच कराने की मांग उठाते हुए कहा कि अगर भ्रष्टाचार नहीं रूका, तो वह सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

एक बयान में उन्होंने कहा कि थानों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। गरीब फरियादियों की सुनवाई नहीं होती है। अवैध खनन व नशे का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। रात भर सड़कों पर अवैध खनन के ओवरलोड वाहन दौड़ते रहते है। जो पुलिस दिन में हैलमेट न लगाने पर दुपहिया वाहन चालकों का चालान कर देती है, वह रात में ओवरलोड अवैध खनन के वाहनों को बाइज्जत जाने देती है। उन्हें सीज नहीं किया जाता है। पुलिस गरीब फरियादियों की रिपोर्ट दर्ज नहीं करती है। पुलिस चौकियों व थानों में उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता है। विकलांगों एवं गरीबों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता है। पुलिस अपने हिसाब से रिपोर्ट दर्ज करती है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी तत्काल कार्यवाही नहीं होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस ज्यादा बेलगाम हो गई है और कोई नियंत्रण नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से लेकर सिपाहियों के पास तक लग्जरी वाहन है। उन्होंने कहा कि इनकी सम्पत्तियों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बरसों से एक ही थानों में जमे पुलिस कर्मियों को हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर थानों व पुलिस चौकियों में भ्रष्टाचार नहीं रूकता है, तो उनका संगठन सड़कों पर आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित जनता सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है।

# भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी की चौतरफा तारीफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी की हर तरफ तारीफ हो रही है। गर्म राख में चार बच्चों के कल गंभीर रूप से झुलसने की दिल दहला देने वाली घटना के बाद उन्होंने जिस तरह से आगे आकर उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाया, वो भाजपा के सबका साथ और सबका विकास, नारे को असलियत में लागू करने वाला है।

गौरतलब है कि सदर सीट से सुचि चौधरी के विधायक बनने के बाद से पूर्व विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी जाति व धर्म से ऊपर उठ कर 'नर सेवा- नारायण सेवा' का अपना नारा व संकल्प बुलंद करते हुए मजबूती के साथ सबकी मदद कर रहे हैं। वह सिर्फ हिन्दू समाज के ही चहेते नेता नहीं है। उन्होंने मुस्लिमों एवं खासतौर पर गैर मुस्लिमों के दिल में जगह बनाई है। जो भी जरूरतमंद उनके पास जाता है, वह उसकी दिल से मदद करते है। उन्होंने कभी भी अपने इस नेक काम का मीडिया के माध्यम से प्रचार नहीं किया है। वह प्रचार करने पर विश्वास नहीं करते हैं। उनका विश्वास सिर्फ कर्म पर है। उनका मानना है कि इंसान को कर्म करना चाहिए और फल तो ऊपर वाला देता है। जो जैसा कर्म करता है, उसे ईश्वर वैसा ही फल देता है। उनका मानना है कि कभी किसी के साथ बुरा नहीं करना चाहिए। जीवन में अच्छाईयों को ही तरजीह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छाईयों को छिपाया नहीं जा सकता है। वह समाज के सामने स्वयं आ जाती हैं।

### सबका साथ व सबका विकास के नारे को ईमानदारी से लागू कर रहे

गौरतलब है कि कल वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने गर्म राख में झुलसे बच्चों की मदद के लिए विधायक निधि से 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा के साथ ही सदर विधायक के वेतन से भी मदद की थी। जिसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। हालांकि ऐश्वर्य मौसम चौधरी किसी को इस मदद के बारे में बताना नहीं चाहते थे, लेकिन मीडियाकर्मियों के मौके पर पहुंच जाने की वजह से यह बात सभी को पता चल गई थी। इससे पहले उन्होंने झलरी के एक गरीब मुस्लिम परिवार की बेटी की शादी में दिल खोल कर मदद की थी। लडापुरा के एक परिवार की भी उनके द्वारा मदद की गई थी। उनके द्वारा काफी लोगों की मदद की जा चुकी है और यह सिलसिला आगे तक चलता रहेगा। लेकिन वह इसका प्रचार करने से बचते हैं। उनका मानना है कि ऊपर वाला सबका है और वह खुद देख रहा है।

# गर्म राख की जगह का दौरा

### एसडीएम के साथ टीम ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एसडीएम सदर रितु रानी के साथ जांच टीम ने झालू मार्ग स्थित उस स्थान का दौरा किया, जहां पर पड़ी गर्म राख में कल चार बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए थे।

प्राप्त समाचार के अनुसार कल हुई घटना से सभी परेशान है। इस घटना में झुलसे बच्चों को देख कर सभी की आंखें नम थी। बच्चों का फिलहाल उपचार चल रहा है। जिला प्रशासन ने गर्म राख सड़क के किनारे डालने के मामले में जांच के लिए टीम का गठन करने की बात कही थी।

आज एसडीएम सदर रितु रानी के नेतृत्व में टीम झालू रोड पर स्थित मौके पर पहुंची। हालांकि गर्म राख को कल ही फायर बिग्रेड ने पानी डाल कर ठंडा कर दिया था। लेकिन मौके पर राख पड़ी हुई है। प्रशासन यह नहीं बता रहा है कि यह राख किस फैक्ट्री के द्वारा डाली गई थी।

नागरिकों का कहना है कि फैक्ट्री संचालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज होनी चाहिए और उसकी गिरफ्तारी की जानी चाहिए। ताकि आइंदा फिर कोई इस तरह की घटना को अंजाम न दे सके।

नागरिकों का कहना है कि आरोपी फैक्ट्री संचालक से बच्चों के इलाज के लिए दस-दस लाख रुपए दिलवाए जाए।

# सन शाइन स्कूल में क्लास बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें कक्षा तीन से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने हैप्पी मदर्स डे, स्पोर्टस डे, भविष्य निर्माण, अनेकता में एकता, मजदूर दिवस, सफलता प्राप्तकर्ता आदि विषय पर रचनात्मक गतिविधियों से सजावट की। निर्णायक विनोद मित्तल, आलोक कुमार अग्रवाल एवं आयुष द्वारा कक्षा आठ को प्रथम तथा कक्षा सात को द्वितीय और कक्षा नौ को तृतीय स्थान पर रखा गया। कक्षा आठ की कशिश, आयुषी, फरहान, हिफजान, कृष्णा, निक्की, अनम, शिफा, इस्माइला, अर्शलान, अनमोल कनिष्क, उज्ज्वल, वंश, आख, प्रबल, आदि सभी ने अनेकता में एकता विषय पर बड़े सुंदर तरीके से चित्रात्मक प्रस्तुति दी। कक्षा सात के बच्चों ने भी



सुंदर गतिविधि द्वारा सभी का मन मोह लिया। जिसमें आदर्श, आर्यन, वासु, प्रीत, ध्रुव, आरिश, उवेश, निनम, सुनैना, मयंक, सरस खेता, कंचन, अलिशा, शिक्षा, अदिबा, वंश आदर्श, इकरा, तोरन सभी ने बहुत मेहनत से सजावट की। कक्षा नौ में आभाष, अमित, रीत, आदित्य बंधन, शाहजेब ने भी बड़े सुंदर तरीके से कक्षा को सजाया।

### फार्म हाउस में शादी समारोह से दो प्रोफेशनल कैमरे चोरी

**नहटौर।** क्षेत्र के एक फार्म हाउस में शादी की खुशियों का माहौल था। फोटोग्राफी की टीम अपना काम कर रही थी। फोटोग्राफर शब्बू मंसूरी ने बताया कि इसी बीच, जब वह जयमाला स्टेज के पास व्यस्त थे, तभी अज्ञात चोरों ने मौका पाकर वहां रखे दो प्रोफेशनल कैमरे पार कर दिए। पीड़ित फोटोग्राफरों के अनुसार, चोरी हुए कैमरों की कीमत 50,000 रुपये से लेकर एक लाख रुपए तक बताई जा रही है।

### एक नजर

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत



**नहटौर।** मौहल्ला नौधा निवासी सिन्टू सैनी (30 वर्ष) पुत्र महावीर सिंह मौहल्ले में स्थित शिव मंदिर के पास सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान एक ट्रक ने दूसरे वाहन से ओवरटेक करते समय सिन्टू को टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रक को पुलिस ने धामपुर में पकड़ लिया। युवक की आकस्मिक मौत से परिवार में शोक का माहौल है। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### कातिल राहुल गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने रामलीला ग्राउण्ड स्थित कांशीराम कॉलोनी में हुए मुस्लिम युवती के कत्ल के मामले में ग्राम गोकुलपुर निवासी राहुल पुत्र घनश्याम को गिरफ्तार कर उससे चाकू बरामद कर लिया है। अभियुक्त ने बताया कि उसका मृतका से पूर्व से परिचय व निकटता थी। जिसको लेकर पूर्व में विवाद उत्पन होने पर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था और वह जेल भी गया था। जेल से आने के बाद फिर दोनों के बीच सम्पर्क स्थापित हो गया था। 21 अप्रैल को जब वह उसके घर मिलने के लिए गया, तो आपसी कहा.सुनी हो गई थी। गुस्से में आकर उसने चाकू से बार कर उसकी हत्या कर दी थी और स्वयं को भी घायल कर दिया था। चाकू उसने घर के पीछे कचरे में फेंक दिया था। जिसे अब बरामद कर लिया गया है। राहुल का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ धोखाधड़ी का भी मुकदमा पंजीकृत है।

### हिरण के शावक को कुत्तों से बचाया



**अफजलगढ़।** रसूलाबाद मार्ग पर सड़क किनारे हिरण का शावक घायल अवस्था में मिला, जिस पर आवारा कुत्ते हमला कर रहे थे। उधर से गुजर रहे अफजलगढ़ के कुछ युवकों ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए शावक को कुत्तों से बचाया। युवक शावक को वन्यजीव प्रेमी रसूलाबाद निवासी विपिन यादव के पास ले गए। विपिन यादव ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। वनकर्मियों के पहुंचने तक शावक की देखभाल की। बाद में शावक को वन रक्षक विवेक चौधरी के सुपुर्द कर दिया गया। वन रक्षक विवेक चौधरी ने युवकों के साहसिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास वन्य जीवों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आमजन से भी वन्य जीवों की रक्षा में सहयोग करने की अपील की। वन विभाग के अनुसार यह शावक स्पॉटेड डियर (चितल) का है, जिसकी उम्र लगभग एक सप्ताह बताई जा रही है। शावक का कासमपुर गढ़ी पशु चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा, इसके बाद फिलहाल उसे अमानगढ़ चौकी पर रखा जाएगा।

### नजीबाबाद में चांदी के सिक्के बरामद

**बिजनौर।** नजीबाबाद थाने में मौहल्ला बालकराम निवासी शुभम अग्रवाल पुत्र हरिओम अग्रवाल ने तहरीर दी थी कि उसके हरिओम वैरायटी स्टोर, चौक बाजार से नकदी, नोटों की मालाएं व जेवरात सहित चांदी के सिक्के चोरी कर लिए गए है। वारदात के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया था। इस मामले में अभियुक्त मौहम्मद रफी उर्फ बब्बू पुत्र बन्ने निवासी निकट लाल मस्जिद, मौहल्ला कायस्थान, चामुंडा रोड, थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा का नाम प्रकाश में आया था। उसे पांच लाख चौदह हजार तीन सौ अस्सी रुपए की नकदी व पन्द्रह चांदी के सिक्कों के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान पता चला कि वारदात में उसके साथ इमामुद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन निवासी ग्राम बादल गुम्मद, थाना नखाशा, जनपद संभल भी शामिल था। पुलिस ने इमामुद्दीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 16 हजार रुपए की नकदी, 15 चांदी के सिक्के व दो अंगूठी भी बरामद की गई है। इमामुद्दीन का लम्बा आपराधिक इतिहास है।

# सपा को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे : हनी

## मासिक बैठक में बनाई गई सत्ता संग्राम की रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन ही शक्ति होती है और संगठन के बिना कोई भी चुनाव नहीं जीता जा सकता है। उन्होंने अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव हमारे लिए बड़ी चुनौती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं 2027 मे चुनाव में सरकार बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्त्ता सक्रिय होगा, उसे ही कार्यकारिणी में पद दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बूथों की कमेटियों को भी



मजबूत करें। उन्होंने कहा कि 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर 24 घंटे में गन्ना मूल्य का भुगतान किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष 40 हजार रुपए गरीब महिलाओं को दिए जाएंगे। 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्त्ताओं को सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार मे हर वर्ग दुखी व परेशान है। स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता का शोषण किया जा रहा है। महंगाई चरम पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इस बार पीडीए सरकार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनने जा रही है।

बैठक प्रवक्ता अखलाक पप्पू के संचालन में हुई। जिसमें नगीना के विधायक मनोज पारस, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, पूर्व जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अमित चौहान, सत्यपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन शमसाद अंसारी, सफदर आमिर, डॉ. शहबाज अली, कृपारानी प्रजा. पति, वीके कश्यप, प्रभा चौधरी, नमन, शिवकुमार गोस्वामी, नवाब मंसूरी, डॉ. रहमान, सुहेल बाकर, दारा सिंह, नसीम अहमद, सिकंदर कस्सार, डॉ. कुंतेश सैनी, महमूद कस्सार, अहमद खिजर, कमलेश भुईयार, कासिफ खान, शहजाद अंसारी, पंकज अग्रवाल, नवनीत देवल, दिलशाद अंसारी, आशुतोष विश्वकर्मा, तरुण लाम्बा, अशोक आर्य, नसीम राणा, नाजिम खा, राधा सैनी, श्लोक पवार, शिवकुमार यादव, अवतार सिंह, शेख आसिफ मुतलींकी, जुल्फेकार कुरैशी, नईम मकरानी, प्रमोद प्रधान, जाहिद अंसारी, डॉ. लुकमान, खुर्शीद सलमानी, सैफुल्ला मलिक, आबिद खा, रोहिल अल्ताफ, हैदर अली, मो. मिन खान, मुदित त्यागी, सुरेंद्र वाल्मीकि, सलीम सलमानी, नौशाद खान आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# डीएम ने किया विग फैक्ट्री का निरीक्षण

## स्योहारा में हजारों गौरैया के संरक्षण का अनूठा प्रयास देखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** डीएम जसजीत कौर ने एसडीएम स्मृति मिश्रा के साथ ग्राम फैजुल्लापुर स्थित विग निर्माण फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने फैक्ट्री में विग निर्माण की पूरी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बालों के शोधन, निर्माण तकनीक, विपणन व्यवस्था तथा उद्योग संचालन में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली।



फैक्ट्री स्वामी सलीम अहमद ने बताया कि वह पिछले 26 वर्षों से इस व्यवसाय से जुड़े हैं तथा पिछले 5-6 वर्षों से स्योहारा क्षेत्र में फैक्ट्री संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फैजुल्लापुर इकाई में लगभग 40 लोग कार्यरत हैं। जिनमें अधिकांश महिलाएं हैं। जबकि ग्राम सदाफल में करीब 200 लोगों को इस उद्योग से रोजगार मिला हुआ है। डीएम ने स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने वाले इस उद्योग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वरोजगार आधारित उद्योगों को प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इस दौरान ग्राम फैजुल्लापुर के ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था की कमी, गंदगी, विद्यालय की आवश्यकता सहित विभिन्न जनसमस्याएं डीएम के समक्ष रखीं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का संज्ञान लेकर जांच कराने तथा शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम नूरपुर रोड स्थित अक्षत देवरा कैक्टस प्लांट भी पहुंचीं। जहां उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के कैक्टस पौधों का अवलोकन किया। संचालक अक्षत देवरा ने बताया कि यहां तैयार कैक्टस पौधों की आपूर्ति दिल्ली, गाजियाबाद सहित देश के अन्य शहरों एवं विदेशों तक की जाती है। डीएम ने इस नवाचारपूर्ण पहल की सराहना की।

इसके बाद डीएम मौहल्ला शेखान स्थित गौरैया हाउस पहुंचीं जहां गौरैया संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों को देखा। बड़ी संख्या में गौरैयाओं की मौजूदगी देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि तेजी से घटती गौरैया प्रजाति के संरक्षण हेतु समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। वहीं नगर के समा. जसेवी एवं चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने डीएम का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की तथा प्रशासनिक पहल की सराहना की। इस मौके पर एसडीएम धामपुर, तहस. ीलदार, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार व अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप

## आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चांदपुर।** मौहल्ला पतियापाड़ा निवासी तहसीन फात्मा पत्नी सलीम अहमद ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका अपने पति सलीम अहमद से विवाद चल रहा है। जब से सलीम के विरुद्ध मेरे उत्पीड़न व मारपीट के सम्बंध में पुलिस द्वारा आदेश पत्र न्यायालय में भेजा गया है तब से सलीम मुझ पर दबाव बनाने के लिए उल्टे सीधे हथकंडे अपना रहा है। 14 अप्रैल की दोपहर दो बजे कुछ परिचितों ने कॉल पर बताया कि तुम्हारे पति सलीम व नीतीश नामक एक अन्य व्यक्ति द्वारा एक वीडियो में फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हो रही है। जिसमे तुम्हारे चरित्र पर लांछन लगाए जा रहे है। वीडियो में सलीम द्वारा मेरे चरित्र पर लांछन लगाते हुए झूठी बातें बोली जा रही है तथा नीतीश नामक व्यक्ति भी अपने वीडियो में धमकी देता हुआ नजर आ है। मेरे पति सलीम अहमद व नीतीश तथा एक अन्य व्यक्ति आपस में षडयंत्र के तहत फर्जी तथ्यों की वीडियो तैयार कर मुझे बदनाम करने के उद्देश्य से वायरल की गई है। महिला ने कहा सलीम व नीतीश आपराधिक व शातिर किस्म के लोग है इनका आपरा. धिक इतिहास भी है।

सलीम का भाई नदीम भी इस कृत्य में संलिप्त है। मेरे द्वारा षिकायत करने पर चांदपुर पुलिस द्वारा वीडियो बनाने वाले कलीम को धारा 170 बीएनएस में गिरफ्तार कर चालान किया गया। जबकि उसके कैमरे उपकरण आदि जब्त नहीं किए गए। पीड़िता सीओ से मिली और उनसे अपनी सारी पीड़ा बताई।

## एक नजर

### डा. विपिन जिला महासचिव मनोनीत



**चांदपुर।** राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के आदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष रामशीष राय, संगठन महासचिव उ.प्र.राजीव चौधरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखंड क्षेत्र रामवीर सिंह की सहमति पर स्थानीय सक्रिय कार्यकर्ता और पार्टी के प्रति निष्ठा व लगन से कार्य करने वाले डा. विपिन तोमर को राष्ट्रीय लोकदल का पांचवी बार जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। डा. विपिन तोमर को पांचवी बार पार्टी के प्रति समर्पित भावना से कार्य करने पर उन्हें पुन: जिला महासिचव पद से नवाजा गया है। डा. विपिन तोमर के इस पद पर मनोनीत किए जाने से उनके समर्थकों में अपार हर्ष का माहौल देखा जा रहा है और डा. विपिन तोमर को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। योगेंद्र प्रधान, मौहम्मद अकरम, इकरार अंसारी, मुजरिन अहमद आदि ने डा. विपिन तोमर के पांचवी बार रालोद जिला महासचिव मनोनीत किए जाने पर पार्टी व प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा है कि जनपद बिजनौर में रालोद पहले से अधिक मजबूत होगी।

### मजदूर दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम



**हल्दौर।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में विद्यालय के कर्मचारियों के सम्मान में बड़े उत्साह के साथ मजदूर दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु वंदना से किया गया। मैम अमिता शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसी श्रृंखला में विद्यालय की मैम नीता राजपूत ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने विचारों के द्वारा सभी कर्मचारियों की कार्यशैली और उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शेनेट ने सभी कर्मचारियों को फूल देकर उनका स्वागत किया । सिस्टर शेनेट ने सभी के स्कूल में योगदान की प्रशंसा की और सभी को विद्यालय परिवार का हिस्सा बताया। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मैम मेहरीन ने सभी सहयोगियों को तिलक लगाकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का अभिवादन किया। मैम आभा शर्मा ने विद्यालय सहयोगियों के सम्मान में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने भाषण में बताया कि श्रमिकों के सम्मान में और उनके उज्जवल भविष्य के लिए एक मई को विश्व मजदूर दिवस मनाया जाता है। सभी सहयोगियों के सम्मान में उन्होंने कहा कि मेहनत उसकी लाठी है, मजबूती उसकी काठी है, विकास की वह नीव है, उसका जीवन सीख है। समारोह का कार्यभार प्रोग्राम इंचार्ज मनोज और पारुल ने बड़े ही सुंदर ढंग से संभाला। इस शुभ अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शेनेट, सिस्टर क्लेरेट अम्माजी, सिस्टर धन्य ने सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए उपहार देकर सम्मानित किया। इसमें सुशील, सुनीता, रोमा, रजनी, मनवीर, बिजेंद्र, नविता, लोकेंद्र, ज्योति, दीपा, सरोज, अंकित आदि सहयोगी सम्मिलित हुए। सिस्टर शेनेट ने सभी के सम्मान में कहा कि कर्मचारियों के योगदान के बिना विद्यालय एवं छात्रों की उन्नति संभव नहीं है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

### यूपी ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस मनाया

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने अपनी सफलता का एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। इस अवसर पर कल शाखा तैमूरपुर आवास विकास बिजनौर के परिसर में बैंक स्थापना की प्रथम वर्षगांठ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बैंक के ग्राहकों, स्थानीय समाजसेवियों और कार्मिकों की उपस्थिति रही, जहां केक काटकर और मिष्ठान वितरण कर खुशियां साझा की गईं। स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए बैंक द्वारा नवारंभ पहला कदम लक्ष्य की ओरश नामक एक वृहद जन-संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, किसानों, व्यापार मंडलों आदि से सीधा संवाद स्थापित किया गया। ग्राहक गोष्ठी के दौरान बैंक के शाखा प्रबंधक राजीव कुमार शर्मा ने उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, जमा उत्पादों और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शाखा अधिकारी दीपक कुमार ने बैंक की एक साल की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 01 मई 2025 को भारत सरकार की एक राज्य, एक ग्रामीण बैंक, योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अस्तित्व में आया था। इस अवसर पर बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी योगेंद्र पाल सिंह, दीपक रस्तौगी, ओपी परमार, अनेक सम्मानित ग्राहक राजेश्वर प्रसाद, अनमोल राठी, श्रीकांत शर्मा, नीरज चौधरी (एड.), श्रीमती नूतन शर्मा, रवि कुमार, आलम, शाहनवाज उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई बुद्ध पूर्णिमा

**नजीबाबाद।** कोतवाली रोड सिद्धबली विहार कॉलोनी में डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति जनजाति जन कल्याण समिति द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध के छाया चित्र के सम्मुख समिति के अध्यक्ष रामनाथ सिंह, रिटायर्ड दरोगा एवं सुरजा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में हिमालयन कॉलोनी, दुर्गा विहार, आदर्शनगर, महावतपुर तथा आसपास के विभिन्न कॉलोनियों से बौद्ध अनुयायियों ने प्रतिभाग किया।

### दुकान से कीमती सामान चोरी

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम छाछरी टीप स्थित किसान इंटर कॉलेज से सटी खाद बीज की दुकान को मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए उसमें रखा कीमती सामान चोरी कर लिया। आज सुबह दुकान खोलने पर जब दुकान का सामान तीतर-बितर और आधा अधूरा पाया, तो दुकानदार ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तहरीर पर पुलिस ने धारा 305 (ए) व 331(4)बीएनएस दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। आयुष कुमार पुत्र जसपाल सिंह ने तहरीर में बताया कि अज्ञात चोरों ने उनकी छत पर से जाकर दुकान का ताला तोड़ा और दुकान में रखा पेस्टिसाइड व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

## एक नजर

### हत्या की आशंका, मुकदमा दर्ज

**स्योहारा।** ग्राम जुजैला निवासी गुलशन कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक के पास मिला था। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। मृतक के पिता ने थाना स्योहारा में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उनके पुत्र ने कुछ समय पूर्व प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद से लड़की पक्ष के कुछ लोग उससे रंजिश रखने लगे थे। घटना वाली रात युवक को बुलाकर ले जाया गया और उसके साथ मारपीट कर हत्या कर दी गई तथा शव को रेलवे पटरी के पास फेंक दिया गया। परिजनों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अनुज अग्रवाल नगर अध्यक्ष बने

**नजीबाबाद।** विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन सेवा भारती के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार श्रीवास्वत ने नजीबाबाद के प्रमुख व्यवसायी अनुज अग्रवाल को नजीबाबाद का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर प्रमुख उद्योगपति एसपी मित्तल के व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम को मुख्य अतिथि भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लीना सिंघल, सरदार जसपाल सिंह एवं विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख ऋषिपाल ने भारत माता के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित करके नवमनोनीत अध्यक्ष अनुज अग्रवाल को पटका पहनांकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीना सिंघल ने कहा कि सेवा भारती पूरे विश्व में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाला सबसे बड़ा संगठन है, जिसके सैकड़ों प्रकल्प है तथा पूरे भारत में सेवा केंद्रों के माध्यम से समाज सेवा का कार्य कर रहे है। लीना सिंघल ने कहा अनुज अग्रवाल बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें इतने बड़े संगठन से जुड़ने तथा इतने बड़े पद पर कार्य करने का मौका मिला। कार्यक्रम संयोजक शोभित मित्तल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नगर अध्यक्ष अनुज अग्रवाल को सहयोग करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दीपक शर्मा, नवीन राणा, नवीन मल्होत्रा, सरदार रोविन सिंह, जयपाल सिंह, विपिन सैनी, रविंद्र त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# पालिका ने कई स्थानों पर लगाए रेफ्रिजरेटर

## नगर में विकास कार्य व सौंदर्यकरण प्रगति पर : चेयरपर्सन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर पालिका ने आम जनता को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी के रेफ्रिजरेटर लगाए हैं। इन रेफ्रिजरेटर के स्थापित होने से लोगों को राहत मिल रही है।



नगर पालिका चेयरपर्सन तबस्सुम जावेद व ईओ एसपी सिंह के नेतृत्व में यह कार्य किया जा रहा है। इन रेफ्रिजरेटर के लगने से आम जनता में खुशी की लहर है। इसके साथ ही, नगर पालिका सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत नगर के सौंदर्याकरण पर भी ध्यान दे रही है। चेयरपर्सन पति जावेद विकार ने बताया कि नगर में विकास कार्य प्रगति पर हैं। नगर के विभिन्न मार्गों पर बोर्ड लगाने और सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि नगर की अधिकतर सड़कें बन चुकी हैं और जो शेष रह गई हैं। उन पर भी जल्द ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। ईओ सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नगर को और अधिक सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ पालिका को मिल रहा है। नगर के मुख्य चौराहों पर स्ट्रीट लाइटें लगाना शामिल है। नगर में सफाई व्यवस्था और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर को स्वच्छ रखने के लिए हर संभव प्रयास जारी हैं। ईओ ने कहा हमारी कोशिश है कि अफजलगढ़ प्रदेश में स्वच्छता अभियान में नंबर एक आए। हमें इस अभियान में शहर के हर निवासी के सहयोग की आवश्यकता है। इस मौके पर रोबिन कुमार, सनी गुप्ता, साबिर अहमद, बृजमोहन, मौहम्मद फराहीम और संजीव कुमार अग्रवाल सहित कई नगर पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# आवास योजना में रिश्वत का आरोप

## समाधान दिवस में बहुजन समाज पैंथर ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आवास योजना में रिश्वतखोरी का आरोप सामने आया है। आज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान बहुजन समाज पैंथर संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़ित महिला शशि कला के साथ एडीएम और एसडीएम के समक्ष पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।



यह मामला बुधवार, 29 अप्रैल को खंड विकास अधिकारी कार्यालय में हुए हंगामे से जुड़ा है। मुबारकपुर राठे निवासी शशि कला पत्नी रणजीत सिंह ने एक पंचायत सचिव पर आवास योजना में नाम शामिल कराने के नाम पर पैसे लेने का आरोप लगाया था। महिला का कहना था कि पैसे देने के बावजूद उसे योजना का लाभ नहीं मिला, जिसके बाद उसने भरी बैठक में पंचायत सचिव से हाथापाई कर दी थी। खंड विकास अधिकारी दीपक तेवतिया ने बताया कि महिला की शिकायत पर जांच कराई गई थी, जिसमें शशि कला आवास योजना के लिए अपात्र पाई गईं। इस घटना के बाद पंचायत सचिव ने थाने में महिला के खिलाफ तहरीर दी थी। थाना प्रभारी अमित कुमार ने पुष्टि की कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संपूर्ण समाधान दिवस में बहुजन समाज पैंथर संगठन ने एडीएम अंशिका दीक्षित और एसडीएम शैलेंद्र कुमार के समक्ष इस मामले को उठाया। संगठन ने महिला के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की। एडीएम अंशिका दीक्षित ने प्रशासनिक अधिकारियों को मामले की जांच के लिए एक टीम गठित करने और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार संतोष कुमार नायक और तहसीलदार ममता यादव सहित कई अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

### भूतपुरी पुल की दोनों तरफ की रैलिंग टूटने से हादसों का खतरा

**नूरपुर।** भूतपुरी स्थित पुल की दोनों तरफ से रैलिंग टूट गई है। रैलिंग टूटी होने से हर वक्त दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस मार्ग से उत्तराखंड व दिल्ली दिल्ली जाने वाले हजारों छोटे-बड़े वाहन रोज गुजरते हैं। एक हफ्ते पहले भी बाइक सवार युवक अचानक खाई में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। रात में आवारा पशु को बचाने के चक्कर में बड़ी गाड़ी लोहे की रैलिंग से टकरा गई। जिससे लोहे की रैलिंग टूट गई। इसकी मरम्मत कराने की कई बार शिकायत लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है। लेकिन अभी तक पुल की रैलिंग सही नहीं हो पाई है। एसडीएम विनीत तेवतिया को पुल की रैलिंग लगाने के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। जल्दी ही पुल की रैलिंग की मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा।

# मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों पर बैठक




## 9 मई के संभावित कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था जांची

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के दृष्टिगत मुख्यमंत्री के 09 माई को प्रस्तावित विकास खंड अफजलगढ़ के ग्राम आलमपुर गांवड़ी क्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण समाधान दिवस के बाद तहसील धामपुर के डबाकरा हाल में दोपहर दो बजे विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

डीएम जसजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के तहत पूर्व में ही विभागीय अधिकारियों को उनके दायित्व सौंप दिए गए हैं और उक्त कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए नोडल अधिकारियों को भी नामित कर दिया गया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण सजगता, गंभीरता और तत्परता के साथ शत प्रतिशत निर्वहन करना सुनिश्चित करें, इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बैठक के दौरान हेलीकॉप्टर लेंडिंग, सभास्थल, प्रेस गैलरी, सैफ हाऊस, पार्किंग आदि स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था साहित सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण मानक के आधार पर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्वीकृत पत्र आदि उपलब्ध कराए जाएंगे, उन्हें सुव्यवस्थित रूप से स्टेज पर लाने और जिन योजनाओं एवं परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा, उनकी सूची विभागवार एवं पूर्ण विवरण के साथ तैयार करना सुनिश्चित करें, जिससे समय पर किसी भी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न होने पाए।

इस मौके पर एसपी अभिषेक झा, सीडीओ रणविजय सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, लोनिवि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत , कृषि तथा अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# शिकायतों का समयबद्धता से निस्तारण करें: डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 183 शिकायतें दर्ज, 11 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है, तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मंशा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य द्वारा प्राप्त शिकायतों का समयबद्वता के साथ गुणवत्ताप. रक निस्तारण किया जाए ताकि आमजन को राहत प्राप्त हो।



डीएम जसजीत कौर आज तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुन: प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति प्रदेश सरकार अति संवे. दनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में 183 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें 11 शिकायतों का निस्तारण उपस्थित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही किया गया। इस मौके पर एसपी अभिषेक झा, सीडीओ रणविजय, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निद. ेशक डीआरडीए दिनकर भारती, एसडीएम स्मृति मिश्रा व सीओ सिटी, तहसीलदार सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. सलीम गलत संगत में पड़ गया है। वह नशेड़ी हो गया है। शराब पीकर घर में लड़ाई झगड़ा करता है। बड़ी भाभी पर बुरी नजर रखता है। मेरे साथ मारपीट करता है। उसकी भाभी रूकैया ने उसके विरूद्ध मु.अ.स. 0908/2025 थाना कोतवाली शहर बिजनौर पर दर्ज कराई थी। मैंने उसे बहुत समझाया, परन्तु वह अपनी आदतों में सुधार नहीं लाया। उससे तंग आकर मैंने अपने सामाजिक व पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए है तथा मैंने अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध वास्ता नहीं रहा, न ही मेरी किसी चल व अचल सम्पत्ति में इसका कोई हक रहेगा। इसके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **जरीफ पुत्र वजीर अहमद निवासी मौहल्ला मिर्दगान, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर।**

## एक नजर

### कामाख्या देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित अग्निशमन केंद्र परिसर में स्थित प्राचीन सिद्धपीठ माता कामाख्या देवी मंदिर का 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव के अंतर्गत सामूहिक हवन-यज्ञ, पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांवों और कॉलोनियों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धा-समर्पण समारोह के तहत माता कामाख्या देवी की मूर्ति का स्नान, वस्त्र व आभूषणों से श्रृंगार कर किया गया। इसके बाद सामूहिक पूजन एवं हवन-यज्ञ आयोजित हुआ। जिसमें अग्निशमन केंद्र प्रभारी सत्यवीर सिंह, उनकी धर्मपत्नी शशि देवी सहित कई परिवार मुख्य यजमान रहे। मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों और भजनों से गूंजता रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी चिकित्सक डा. एनपी सिंह एवं डा. शिखा सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मंदिर व्यवस्थापक कृष्ण कुमार गोस्वामी (बाबू भैया) द्वारा किया गया, जबकि भंडारे का संचालन धर्मेंद्र पंवार के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम की सफलता में श्रीमद् हनुमत सेवा समिति के संस्थापक सुभाष कौशिक, संरक्षक पंकज भटनागर, अध्यक्ष मयंक अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं का योगदान रहा।

### भाकियू ने सौंपा मांग पत्र



**धामपुर।** भाकियू (अराजनैतिक) के बैनर तले किसानों ने विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल धामपुर को मांग पत्र सौंपा। यूनियन के तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी के नेतृत्व में किसानों ने समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को बार-बार बिल जमा करने के बावजूद बिजली की समुचित आपूर्ति नहीं मिल रही है। ऐसे में स्मार्ट मीटर हटाकर पुन: सामान्य मीटर लगाए जाने की मांग की गई। साथ ही ट्यूबवेल के नए कनेक्शन के लिए बनाए जाने वाले स्टीमेट (आंकलन) की प्रक्रिया को पारदर्शी और स्पष्ट करने की भी मांग रखी गई। मांग पत्र में कहा गया कि क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइनें हादसों को न्योता दे रही हैं। आंधी-तूफान के दौरान इन लाइनों के टूटने का खतरा बना रहता है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए तत्काल जर्जर लाइनों के नवीनीकरण की आवश्यकता बताई गई। मांग पत्र पर महल सिंह, तेजवीर सिंह, दुष्यंत कुमार, लोकेंद्र सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह सहित अन्य किसानों के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

### सेनिटरी नेपकिन मशीनें दान की

**नजीबाबाद।** मूर्ति देवी कन्या इण्टर कॉलेज में नमो नारायण चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा विद्यालय में स्वच्छता बनाये रखने के लिए एक सेनिटरी नेपकिन इंसीनरेटर मशीन एवं सेनेटरी नेपकिन वेडिंग मशीन छात्राओं के हित के लिए विद्यालय को दान दी। इस उपलक्ष्य में नमो नारायण चैरिटेबिल ट्रस्ट ने अध्यक्ष सुभाषचंद्र अग्रवाल, मंत्री संदीप तायल, कोषाध्यक्ष आशीष तोषनीवाल, रूचिर अग्रवाल, नीरज जैन, सुनील गोयल, गौरव बंसल, विपुल सिंघल, संदीप सिंघल, सौरभ गोयल, परमवीर सिंह, नरेश गोयल आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रबंधक नीरज जैन एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्रीमती शबनम नसरीन द्वारा दी गई।

### एंटी लार्वा का स्प्रे कराया



**किरतपुर।** ग्राम पंचायत चांडक तुर्क एवं ग्राम चांडक जट, हादीपुर सदरूद्दीन और भगवानपुर में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए ग्राम प्रधान मौहम्मद अजमईन के निर्देशन में एंटी लार्वा का स्प्रे कराया गया। अभियान के दौरान गांव के विभिन्न क्षेत्रों में दवा का छिड़काव कर लोगों को डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम प्रधान मौहम्मद अजमईन ने बताया कि ग्राम पंचायत में समय-समय पर एंटी लार्वा स्प्रे एवं फॉगिंग कराई जाती है, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। बदलते मौसम में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए नियमित रूप से एंटी लार्वा स्प्रे और फॉगिंग कराई जा रही है। साथ ही पंचायत द्वारा गांव में साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बीमारियों को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपने आसपास पानी जमा न होने देने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की। ग्रामीणों ने अभियान की सराहना करते हुए ग्राम पंचायत के कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान ग्राम प्रधान मौहम्मद अजमईन, पंचायत सचिव राजन सिंह, मोहसिन ठेकेदार, मौहम्मद दानिश, पंचायत सहायक गर्वित राजपूत, सुनील कुमार, आजाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मौहम्मद रोहान ने परचम लहराया

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी आफताब के बेटे सेंटमैरी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले कक्षा दस के छात्र मौहम्मद रोहान ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने शहर का नाम रोशन किया है। रोहान के अच्छे अंक प्राप्त करने से उनके परिवार में खुशी का माहौह है।

### इज्तिमा ने नाम रोशन किया

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी डॉ. मौहम्मद रिजवान व शिक्षिका डॉ. शहला अंजुम की होनहार बेटी इज्तिमा रिजवान शेख ने सेंटमैरी स्कूल नजीबाबाद से कक्षा 10 में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया। इज्तिमा रिजवान ने अंग्रेजी में 94 प्रतिशत, हिन्दी में 96 प्रतिशत व कम्प्यूटर में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# कार-बाइक की टक्कर में एक की दर्दनाक मौत

## आरोपी चालक हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बीती देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। नूरपुर-धामपुर मार्ग पर कस्बा नीदंड़ू के पास कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल देखा गया।

पुलिस के अनुसार शाम दुर्घटना की सूचना थाना धामपुर को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भेजा गया। घायल की पहचान ओमप्रकाश (57 वर्ष) पुत्र मुकराम निवासी ग्राम चाकरपुर, थाना धामपुर के रूप में हुई, जो बाइक से किसी कार्य से जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सामने से आ रही कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिससे ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और आसपास मौजूद लोग मौके पर एकत्र हो गए।

अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टर ने ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार चालक निवासी ग्राम इस्लामपुर मुलागढ़, थाना नगीना देहात को वाहन सहित हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में लापरवाही से वाहन चलाने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा जा रहा है। साथ ही मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त मार्ग पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# नेशनल हाईवे पर कार पलटी



## दो लोग गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नैनीताल-देहरादून नेशनल हाईवे पर धामपुर क्षेत्र के राजपुताना के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। दुर्घटना में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार हल्द्वानी निवासी प्रकाश पांडे अपने परिवार के साथ देहरादून में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस हल्द्वानी लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार धामपुर के पास राजपुताना क्षेत्र में पहुंची, तभी चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई। इसके चलते कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और सड़क पर पलट गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाल कर तुरंत अस्पताल भिजवाया। घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को आई नींद की झपकी बताया जा रहा है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि लंबी दूरी की यात्रा के दौरान पर्याप्त आराम लेकर ही वाहन चलाएं, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# खुर्शीद मंसूरी का जोरदार स्वागत



## पूरनपुर में आसपा की आम सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर में आजाद समाज पार्टी कांशीराम की आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में बड़ी संख्या में जनसमर्थन देखने को मिला।

ग्राम जोशी से साहनपुर चेयरमैन और पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी के पहुंचने पर ग्रामीणों ने विभिन्न स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और वक्ताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी के भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी को विधायक बनाकर क्षेत्र में विकास की नई दिशा देने का संकल्प लिया। लोगों ने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी विकास के क्षेत्र में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है, जिससे जनता में निराशा है।

सभा में मौजूद लोगों ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है और पार्टी वंचित, शोषित तथा पिछड़े वर्गों की आवाज बनकर उभरी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अहमद ने की, जबकि संचालन कामिल द्वारा किया गया। इस मौके पर फिरासत हुसैन, इरशाद अहमद, शकील अहमद, नईम अहमद, कासिम राईन, सनव्वर, कफील, राशिद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने खुर्शीद मंसूरी के समर्थन में एकजुटता दिखाई।

# गर्मी में लापरवाही पड़ सकती है भारी सावधानी बरते और रहें स्वस्थ : डॉ. वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्योहारा।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने आमजन से स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।



डा. मनोज वर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम में छोटी सी लाप. रवाही भी गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है। इसलिए बच्चों बुजुर्गों और युवाओं सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। गर्मी के दौरान लू लगना, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त, फूड पॉइजनिंग, वायरल फीवर, टायफाइड तथा आंखों के संक्रमण जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ती हैं। उन्होंने बताया कि तेज धूप में अधिक समय तक रहने से लू लगने का खतरा रहता है। जिसके लक्षणों में तेज बुखार, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी और बेहोशी शामिल हैं। ऐसे में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। सिर को ढककर रखें तथा पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस का नियमित सेवन करें। लक्षण दिखाई देने पर मरीज को तुरंत छांव में लाकर ठंडा पानी पिलाएं और चिकित्सकीय सलाह लें। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि गर्मी में पसीना अधिक निकलने से शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या पैदा होती है। इससे बचने के लिए दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी, नारियल पानी व तरल पदार्थों का सेवन जरूरी है। उन्होंने चेताया कि बासी एवं खुले खाद्य पदार्थ खाने से उल्टी-दस्त और फूड पॉइजनिंग के मामले बढ़ जाते हैं। उन्होंने लोगों को घर का ताजा भोजन करने, हाथों की साफ-सफाई रखने और दूषित पानी से बचने की सलाह दी। बच्चों को विशेष रूप से बाहर के जंक फूड से दूर रखने की अपील भी की। साथ ही तेज धूप और पसीने के कारण घमौरी खुजली व आंखों में जलन जैसी समस्याओं से बचने के लिए सूती कपड़े पहनने और शरीर को साफ रखने की सलाह दी। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में बचाव ही सबसे प्रभावी इलाज है। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर देरी न करें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, ताकि गंभीर स्थिति से बचा जा सके।

## नाबालिग से दुराचार के प्रयास का आरोप

**धामपुर।** क्षेत्र के एक मौहल्ले में नाबालिग बच्ची के साथ दुराचार के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है। परिजनों के द्वारा पुलिस को दी गई शिकायती पत्र के अनुसार लगभग आठ वर्षीय बच्ची पास के एक ब्यूटी पार्लर में अपनी छोटी बहन को लेकर बाल कटवाने गई थी। आरोप है कि वहां मौजूद युवक ने उसके साथ अनुचित व्यवहार किया। बच्ची किसी तरह वहां से निकलकर अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और विरोध जताया। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# शिक्षकों ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन



## समस्याओं के निस्तारण की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उ.प्र.माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर आज जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर विशाल धरना आयोजित किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ की अध्यक्षता तथा जिला मंत्री विनोद कुमार के संचालन सैकड़ों शिक्षकों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं तथा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा निदेशक एवं शिक्षा सचिव से शिक्षा व्यवस्था में वंचित सुधार कर समस्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित धारा 18 तथा धारा 12 की बहाली, पुरानी पेंशन की बहाली, व्यवसायिक शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग, वंचित शिक्षकों का विनियमितीकरण, तथा 22 मार्च 2016 की राजग्या से विनियमित किए गए शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर यह धरना आयोजित किया जा रहा है। इस के अतिरिक्त जिला स्तर पर डीआईओएस के कार्यालय में शिक्षकों के विभिन्न प्रकार की अवशेष, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरण, एनपीएस की धनराशि का ठीक से रख-रखाव संबंधी बहुत ही समस्याएं लंबित हैं जिसके लिए बाध्य होकर माध्यमिक शिक्षकों को यह धरना आयोजित करना पड़ा।

धरना स्थल पर वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा वर्तमान में संगठन के संरक्षक विनेश त्यागी, पूर्व जिला मंत्री टिकेश चौधरी, अनिल योगी, सरदार गुरुशरण सिंह, ब्रजवीर सिंह, मयूर मलिक, निर्दोष कुमार, भानु प्रताप सिंह, राजेंद्र सोलंकी, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार आदि शिक्षकों ने धरने को संबोधित किया। उपस्थित पदाधिकारी ने जिला विद्यालय शिक्षक जयकरण यादव को मुख्यमंत्री को संबोधित विज्ञापन प्रस्तुत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिक्षकों की समस्याओं गंभीरता पूर्वक सुना तथा सहानुभूति पूर्वक ज्ञापन को मुख्यमंत्री को प्रेषित करने का आश्वासन दिया तथा अपने स्तर से अपने कार्यालय की सभी समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने का भी आश्वासन दिया। धरने पर देवेंद्र सिंह, मनोज कुमार गोहवर, लोकेश कुमार, अनूप सिंह, विकास कुमार, मौहम्मद मो. हतशिम, अरुण गर्ग, लवलेश कुमार, शबाना परवीन, रेखा रानी, रचना रानी, तरंग गंभीर आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### बी.ए.एलएल.बी. का परीक्षाफल शत प्रतिशत



**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बीएएलएलबी पंचम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बीएएलएलबी पंचम सेमेस्टर में छात्र आयशा अंसारी ने प्रथम, रिजवान अली खान ने द्वितीय तथा मिस्बा अल्ताफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि कृष्णा कॉलेज, रूहेलखंड विश्वविद्यालय का प्रथम स्ववित्तपोषित विधि महाविद्यालय है। पूर्व में भी महविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्ताओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गो आश्रय स्थल का निरीक्षण



**बिजनौर।** सदस्य गौ सेवा आयोग दीपक गोयल ने आज ब्लॉक अफजलगढ़ अंतर्गत वृहद गौ आश्रय स्थल अगवानपुर का निरीक्षण किया। इस मौके पर पशुचिकित्साधिकारी कासमपुर गढ़ी डा. एसपी सिंह एवं गौ आश्रय संचालक प्रधान एवं ग्राम विकास सचिव मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान गौवंश की भरण पोषण की व्यवस्था, हरे चारे की उपलब्धता, भूसा भंडार गृह पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई, लू से बचाव के उपाय एवं गौवंश शव निस्तारण स्थल के लिए अपने निर्देश दिए गए। भूसा भंडार में भूसा संग्रहण अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा भूसा दान से और क्रय के निर्देश दिए। गौ आश्रय स्थल पर चार गौवंश बीमार में मिले जिसको ले के मा. सदस्य ने नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद गौ आश्रय स्थल जालपुर (नजीबाबाद) का निरीक्षण किया गया। यहां पर डा. सामंत मनोहर ने उनका स्वागत किया। जहां पर भरण पोषण की व्यवस्था, हरे चारे की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की व्यवस्था की समीक्षा की गई। एक गौवंश बीमार मिला। गौ आश्रय स्थल पर लू से बचाव के प्रबंध की समीक्षा की गई। गोबर का निस्तारण ठीक प्रकार से करने के निर्देश दिए गए। नर गोवंश को छोटे गोवंश से अलग रखने के लिए शेड में बाढ़ कराकर उसमें रखा जाए। गौवंश के भरण पोषण हेतु पर्याप्त हरे चारा हेतु किसानों से अनुबंध करने, उपलब्ध गोचर भूमि पर नेपियर ग्रास लगाने तथा भूसा संग्रहण अभियान में भूसा दान से और क्रय कर लिया जाए। लू से बचाव हेतु शेड को टाट के बारे से ढक कर पानी छिड़काव किया जाए।

### विधिक साक्षरता शिविर



**धामपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के मई माह के एक्शन प्लान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के निर्देशानुसार प्राथमिक पाठशाला मिलक पूरनपुर (ब्लॉक अल्हैपुर) में 'राइट टू एजुकेशन एक्ट 2009' विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पीएलवी जयवीर सिंह ने उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि 86वें संविधान संशोधन (2002) के तहत संविधान के अनुच्छेद 21-। में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा एक से आठ तक) को मौलिक अधिकार बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह कानून 1 अप्रैल 2010 से प्रभावी है। उन्होंने आगे बताया कि इस अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में भी वंचित वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं तथा प्रवेश के समय अभिभावकों या बच्चों का इंटरव्यू/स्क्रीनिंग करना प्रतिबंधित है। यदि किसी बच्चे का समय पर प्रवेश नहीं हो पाता है, तो उसे विशेष प्रशिक्षण देकर कक्षा में शामिल किया जा सकता है। शिविर में पीएलवी राजीव कुमार, ममता रानी, हिमानी सिंह, गुंजन गुप्ता, नूतन कुमारी एवं उदयवीर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### एडीएम ने सुनीं 23 शिकायतें



**नजीबाबाद।** आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रशासनिक अंशिका दीक्षित ने जन शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। यह समाधान दिवस तहसील प्रांगण के दुष्यंत सभागार में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक चला। एडीएम अंशिका दीक्षित ने अधिकारियों के साथ मिलकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित 13, पुलिस विभाग की छह, विद्युत विभाग की दो, स्थानीय निकाय की एक और पूर्ति विभाग की एक शिकायत शामिल थी। अधिकारियों ने मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया, जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। समाधान दिवस में एसडीएम शैलेंद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार संतोष कुमार और नायब तहसीलदार ममता यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। एडीएम अंशिका दीक्षित ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए और फरियादियों को संतुष्ट किया जाए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

# किसान यूनियन टिकैत ने छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने उपजिलाधिकारी गुन्नौर को छह सूत्रीय दिये ज्ञापन सौंपकर तहसील क्षेत्र में जो चल रहे प्राइवेट विद्यालय में किसानों के बच्चों को कोर्स व फीस के नाम की जा रही रोके जाने की मांग की गई। सीधे-साधे किसानो की जमीनों पर भू माफिया हावी है तथा कुछ सरकारों पर भी कब्जा किये हैं इन पर कार्यवाही की जाये। यारा वेरा फर्टिलाइजर द्वारा एक बडा गोदाम खाद का खुलवाया जाये। जिससे क्षेत्र के किसानों को खाद की दिक्कत का सामना न करना पडे। वहीं फैक्टरी द्वारा जमीन में गन्दा पानी डाला जा रहा है। इसके कारण क्षेत्रिय आम जन को हेपेटाइटिस सी तथा कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे रोका जाये तथा जियों के अनुष्णर क्षेत्रिय लोगों को सुविधा मुहैया कराई जाये। तहसील क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा जो किसानों के घरों वर स्मार्ट मीटर लगा दिये गये हैं उन्हे हटाया जाये तथा सुचारू रूप से किसानों को बिजली सप्लाई दी जाये।ग्राम जहानपुर में एक व्यक्ति द्वारा जबरन रास्ता बंद किया जा रहा है उसे रोका जाये तथा रास्ता का चौडीकरण कराया जाये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेपेटाइटिस सी की दवा पंवासा व सम्भल में दी जाती है जिससे गुन्नौर की जनता को वहां जाने में समस्या का सामना करना पड़ता है।



सम्भल- बिजली समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता।

# कॉमर्शियल सिलेंडर 993 मँहगा ढाबा ठेले वालों की कमाई पर कैंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की बंपर बढ़ोतरी ने छोटे दुकानदारों से लेकर आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। घरेलू सिलेंडर के दाम भले न बढ़े हों, लेकिन होटल-ढाबों का खर्च बढ़ने से बाहर खाने वालों की जेब पर सीधाा असर पड़ रहा है।

1 मई 2026 से 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 3,071.50 रुपये हो गई है। फरवरी के बाद से ये तीसरी बड़ी बढ़ोतरी है। अप्रैल में 195.50 रुपये और जनवरी में 111 रुपये दाम बढ़े थे।

## आम आदमी को कैसा लगा झटका, चाय नाश्ता सब मँहगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सिलेंडर पर दाम बढ़ाकर आम आदमी को झटका दिया है। इससे चाय हो या नाश्ता सब मेंहगा हो गया है। रेहड़ी, ठेले और फास्ट फूड का काम करने वाले सबसे ज्यादा परेशान हैं। उझानी के चाय की दुकान चलाने वाले पंडित उमेश कहते हैं, ह्पहले 1800-2000 में सिलेंडर आता था, अब 3000 पार हो गया। 10 रुपये की चाय 12 रुपये करनी पड़ी, ग्राहक कम हो गए।

## होटा ढाबे का खाना पर बढ़ी महंगाई

**बबराला।** रेस्टोरेंट, ढाबों और कैटरिंग का खर्च बढ़ गया है। व्यापारी बढ़ी लागत ग्राहकों पर डाल रहे हैं। दाल-रोटी, पूड़ी-सब्जी की प्लेट 10-15 रुपये तक महंगी हो गई है। उझानी के ढाबा संचालक प्रवेश कुमार शर्मा ने बताया कि महीने में 8-10 सिलेंडर लगते हैं। 993 रुपये बढ़ने से 8000 रुपये महीना खर्च बढ़ गया।

## टिफिन दफ्तार के खाने पर असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** छोटे टिफिन सर्विस वालों ने रेट 200-300 रुपये महीना बढ़ा दिए हैं। दफ्तर जाने वाले लोगों का मासिक बजट गड़बड़ा गया है।

## घरेलू सिलेंडर की काला बाज़ारी का डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने पर घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी बढ़ जाती है। कई ढाबे वाले चोरी-छुपे घरेलू सिलेंडर इस्तेमाल करते हैं, जिससे असली घरेलू उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने में दिक्कत होती है।

# जिले में निषेद्याज्ञा तीस जून तक रहेगी लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद में निषेद्याज्ञा आगे बढ़ा दिया गया है। जिसके तहत पांच या उससे अधिक लोग किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकालेगा और न ही 5 या उससे अधिक व्यक्तियों का कोई समूह बना सकेंगे।

24 नवम्बर 24 को हई हिंसा के बाद से जिले में निषेद्याज्ञा लागू कर दीग ई थभ। तब से अब तक इसका विस्तार किया जा रहा है। अब बुद्व पूर्णिमा के बाद 9 मई को लोकनायक महाराण प्रताप जयंती व 27 मई को ईदुज्जहा(बकरीद) जबकि 26 जून को मौहर्रम आदि मनाया जाना प्रस्तावित है। विशवसनीय सूत्रों के अुनसार जिला प्रशासन लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध होने की प्रबल आंशका को देखते हुए इस अवधि मे विभिन्न प्रवेशम् प्रतियोगिात्मक/बोर्ड परीक्षायें आयोजित होना प्रस्तावित हैं। वर्तमान में धरना-प्रर्दशन आदि से शांति व्यवस्था भंग होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिससे कटुता बढ़ने व लोक प्रशांति विक्षुब्ध होने की प्रबल आशंका है। इसलिए जन विरोधी गतिविधियां में शांति व्यवस्था बनाये रखने घोषित आयोजनां/कार्यक्रमों के कारण उत्पन्नी होने वाले तनाव को कम करने तथा जन एवं जन सम्पत्ति की तथा लोक प्रशांति भंग होने से रोकने के उददेश्य से धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अर्न्तगत निषेद्याज्ञा जारी कर दी गई है। जिसके तहत किसी भी धार्मिक स्थल/सार्वजनिक स्थल /जुलूसों एवं अन्य आयोजनों पर लाउडस्पीकर की ध्वनि की तीव्रता के सम्बंध में ध्वनि प्रदूषण विनियम एवं नियंत्रण नियम 2000 तथा संशोधित प्राविधानों का अनुपालन आवश्यक होगा। किसी भी समय बिना सम्बन्धित मजिस्ट्रेट की अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। अनुमति लेने के उपरांत ही ऐंसे स्थलों पर भी रात्रि दस बजे से प्रात: छह बजे तक कोई भीध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जायेगा। साथ ही पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी प्रकार का कोई जुलूस नहीं निकालेंगे। तथा पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनाया जायेगा। कोई भी व्यक्ति मौखिक श लिखित इलेक्ट्रोनिक या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना व ऐंसी अफवाह नहीं फैलायेगां जिससे शांति भंग होने की आशंका हो ओर न ही सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का ऐंसा धार्मिक शब्द, प्रतीक चिन्ह, का प्रयोग करेगा। जिससे किसी भी समुदाय को धार्मिक ठेस पहुंचे अथवा समाज में द्वेष की भावना जागृत हो।

# नगर पंचायत ने कराई वाटर टैंक की सफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिरसी।** कस्बेवासियों के लिए नियमित पीने का शुद्व पानी उपलब्ध कराने का काम किया है। नगर पंचायत नागरिकों के हितों को लेकर जागरूक होता दिख रहा है। गौर तलब है कि कस्बे भर को पानी की आपूर्ति करने वाले वपाटर टैंक की नियमित रूप से हर साल सफाई की जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी ओवरहैड टैंक की सफाई का कार्य कराया गया है। गर्मी के मौसम में जन स्वास्थ्य को संक्रामक व अन्य बीमारियों से बचाव के लिए पीने का पानी भी शुद्व होना आवश्यक होता है। इसलिए नगर पंचायत ने समय पर वाटर टैंक की सफाई कराई है।

# लू से बचना है तो भर पेट पिएं पानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अगर आप 'लू' से बचना चाहते हैं तो आपको तमतमाती धूप एवं गर्म हवाओं से बचना होगा और घर से निकलते वक्त भर पेट पानी भी पीना होगा। साथ ही कुछ अन्य सावधानिया भी बरतनी होंगी। ऐसा नही किया तो समझिए आप लू के शिकार बन सकते हैं।

गर्म व तेज हवाएं शरीर से जब टकराती है तो उसके तापमान को बढ़ा देती हैं। जिसको लू लगना कहते है। इंसान के सामान्य तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण बीमारी घेर लेती है। चिकित्सकों के अनुसार शुरूआती हालत में 100 से 102 और लापरवाही दिखाने पर यही तापमान बढ़कर 106 डिग्री तक जा पहुंचता है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लू लगने पर सर मे तेज दर्द व शरीर में जलन महसूस होना लू लगने का मुख्य लक्षण है। इससे आंखों में तेज जलन भी होना शुरू हो जाती है। जिससे आंखों में लाली छा जाती है। पैरों के तलवों में बढ़ती जलन के साथ नब्ज़ के साथ बार-बार प्यास की शिद्दत महसूस होने लगती है, मगर फिर भी प्यास नही बुझती। शरीर व सिर में दर्द से मन बेचैन हो उठता है और घबराहट भी होना शुरू हो जाती है। ऐसी हालत में कभी-कभी इंसान बेहोश भी हो जाता है। अगर आप दर्जनों बीमारियों के भंडार लू से बचना चाहते है तो घर से निकलते वक्त भर पेट पानी पिए और घूमते समय बदन को नंगा न रखें। गर्मी के मौसम में कपड़े पहनने में भी सावधानी बरतना चाहिये। फैशन के लिए गहरे रंग के कपड़े पहनने वाले युवकों को चाहिये कि वह गर्मी व तेज धूप में हल्के रंग के सूती कपड़े पहने वरना गर्म हवा उनके शरीर को गर्म कर सकती है। इसके अलावा कमरे से बाहर निकलने से पहले कुछ समय घर में ही बिताएं।

# लू से किसानों को हो रहा आर्थिक नुक्सान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** लू चलने से जन-जीवन पर खासा असर पड़ रहा है। एक ओर जहां गर्म हवाओं से डायरिया जैसी बीमारियां फैल रही है, वहीं किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है।

वैसे तो बैशाख माह से लू चलने का दौर शुरू हो जाता है। जिससे दिन में निकलना मुश्किल हो जाता है। लू के दौरान गर्म-गर्म हवाएं चलती है जो स्वास्थ्य के प्रतिकूल होती है। क्योंकि यह गर्म हवाओं बीमारियों को दावत देने का कार्य करती है। गर्म ïवाओं के चलने से बाहर निकलने वाले व्यक्ति चाहे वे बड़े हो या छोटे सभी को डायरिया (उल्टी, बुखार) जैसी बीमारियां घेर लेती है और गिरफ्त में जकड़ लेती है। यहीं नही इनके प्रभाव से किसानों को गेंहू की फसल काटने के दौरान खासी असुविधा हो रही है। पिछले कई दिन से लू ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है और गर्म-गर्म हवाएं पवन गति में चल रही है। किसान गेंहू काटने के साथ-साथ भूसा भी निकल रहा है। जिस कारण वह भूसा को खेतों में ही निकाल कर खुले में छोड़ रहा है। पवन गति से चल रही गर्म हवाओं से भूसा उड़ रहा है। जिस कारण किसानों को आर्थिक समस्या उत्पन्न हो रही है। किसानों का कहना है कि इस समय सभी किसान गेंहू की कटाई करने में लगे हुए है। क्योंकि बरसात कभी भी आ सकती है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे भूसे की बोगियां बनाने के लिए उन्हें समय नही मिल पा रहा। उनका कहना है कि इन हवाओं से उन्हें एक ओर जहां फायदा मिल रहा है। वही इससे हानि भी अधिक हो रही है।

## बढ़ती गर्मी के साथ मच्छर कर रहे नींद हराम

**सम्भल।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की।। मौसम में आए भारी परिर्वतन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च करना पड़ रहा है।

## निजि चिकित्सक काट रहे चांदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मौसम के पल-पल बदलते मिजाज़ से डायरिया और अन्य बीमारियों के प्रकोप ने नगर के बाशिंदो को जकड़ रखा है। बुरी तरह फैले उल्टी दस्त के साथ टायफायड बुखार के रोगियों की चिकित्सकों के यहां भारी भीड़ लगी है। सरकारी चिकित्सालय में पूरी सुविधा न होने के कारण निजि चिकित्सकों की चांदी कट रही है।

नगर क्षेत्र में गर्मी के बढ़ते प्रभाव और पल-पल बदल रहे मौसम के मिजाज़ से डल्टी दस्त के साथ इस बार टायफायड रोग का प्रकोप तेज़ी के साथ फैल रहा है। क्षेत्र के साथ ग्रामीण अंचल में सबसे अधिक टायफायड पीड़ितों की संख्या है। रोज़ाना बढ़ती रोगियों की संख्या और टायफायड के प्रकोप को रोकने के लिए काई कारगर कदम उठाना तो दूर स्वास्थ्य विभाग ने इस ओर से आंखे मूंद ली हैं। सरकारी अस्पताल का हाल किसी से ढका -छिपा नही हैइसलिए गरीब रोगी झोला छापों की क्लीनिक पर जाने लगे हैं जहां कम ही सही,लेकिन गरीबों की जेबें ठंडी होना स्वभाविक है,जबकि सरकारी अस्पताल में कर्मचारी ओर चिकित्सक मौज मारने के सिवा और कुछ नही है।

# अवैध अस्पतालों में हो रहा जन-जीवन से खिलवाड़

**0कार्रवाई खुल जा सिमसिम बंद होजा सिमसिम**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** शासन एवं जिला प्रशासन के कठोर निर्देशों के बावजूद अवैध अस्पताल संचालक जन-जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जबकि स्वसथ्य विभाग कार्रवाई के नाम पर खुला सिमसिम बंद हो जा सिमसिम का खेल-खेल रहा है।

कस्बे के सम्भल-मुरदाबाद मार्ग पर जनपद की सीमा महमूदपुर से रेलवे क्रासिंग तक निजि अस्पताल परचून की दुकानों की तरह खुले हुए हैं। जिनमें अधितकरा झोलाछाप चिकित्सक साधारण चिकित्सा के साथ ही महिलाओं की डिलीवरी व अन्य आपरेशन भी करते हैं। जिनमें इलाज के दौरान अनेक मरीजों की मौत हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य सेवा को व्यापारी बनाने वालों व स्वास्थ्य की रक्षा को तैनात सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के लिए मरीजों का असमय मर जाना कोई खास बात नहीं है। स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण के नाम पर औपचारिकता पूरी कर जन-जीवन से खिलवाड़ की छूट मिल जाती है। जान लेवा घटना होने पर विभाग कार्रवाई जान लेवा घटना होने पर विभाग कार्रवाई के नाम पर अस्पताल सील कर देता है लेकिन श्ह सील कुछ दिनों में खुल भी जाती है और मरीजों का शोषण फिर शुरू हो जाता है। सम्बंधित विभाग कार्रवाईके नाम पर गम्भीर नहीं है। इसी कारण मानकों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे है। अस्पतालों के संचालक बैखौफ होकर मध्य व निम्न वर्गीय मरीजों का आर्थिक व मानसिक शोषण कर रहे है।

# रोडवेज बस स्टैंड पर यात्री सुविधाओं का अभाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिरसी।** कस्बे का रोडवेज बस स्टैंड पर यात्री सुविधाओं का अभाव है। यात्रियों को सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतेजार करना पड़ता है। जबकि बाहरी व्यक्तियों की मौज आ रही है। कथित समाज सेवकों के मुँह पर ताला लगा है।

रोडवेज बसों में यात्रा करने वालों से विभाग को प्रतिदिन लगभग पचार हज़ार की आय होना बताया जा रहा है,लेकिन मुरादाबाद की ओर जाने वाले यात्रियों जिनमें महिलाएं पुरूष, बुजुर्ग व बच्चे भी होते हैं। बस के इंतेजार में कड़ी ध

**0बाहरी लोगों की आ रही मौज**

ूप में सड़क किनारे खड़े रहते है। प्रतिदिन अंडा देने वाली मुर्गी भुखमारी के कगार पर है। ऐंसी विभागीय अनदेखी पर कहना गलत नहीं होगा। उधर नगर पंचायत ने रोडवेज बस स्टेंड के सौन्दर्यकरण का बीड़ा उठाया था। जो दो साल बाद भी जस का तस बना हुआ है। कस्बे के कथित समाज सेवक व वार्ड सभासद इस ओर से अनजान बने हुए हैं।

# मर्ज़ कोई भी पहले चढ़ा दी जाती है बोतल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मर्ज़ कोई हो चिकित्सक की दुकान पर पहुंचते ही सबसे पहले बोतल चढ़ा दी जाती है। इसकी आढ़ में मोटा पैसा वसूलने का खेल-खेला जा रहा है।

**लालच**

**कमीशन के फेर में रोगी की काटी जा रही है जेब चिकित्सकों के यहां फल-फूल रहा धंधा**

प्रधानमंत्री की और से चिकित्सकों को सस्ती और जेनरिक दवाएं ही रोगी को लिखने की हिदायत बराबर दी जा रही है,लेकिन क्वालिफाईड हों चया फिर झोलाछाप इन पर पीएम का कोई असर नही हो रहा है। अस्पतालो में रोग कोई भी हो सबसे पहले बोतल चढ़ाने का खेल सबसे अधिक चल रहा है। वजह कोई और नही बोतल और उसमें एक इंजेक्शन लगाकर पांच सौ रूपये वसूलने का काम आसानी से बन जाता है। ऐंसा एक क्वालिफाइड हों या फिर झोला छाप चिकित्सक जमकर खेल-खेल रहे हैं। जबकि प्रदानमंत्री की और से बराबर जेनरिक दवाएं ही लिखने तथा मेंहगी दवाएं रोगी को नही लिखने की हिदायत बार-बार प्रधानमंत्री की ओर से दी जा रही है,लेकिन बोतल और दवाएं लिखने का खेल कमीशन के फेर में जमकर फल-फूल रहा है।

## एंटी रोमियो टीम ने बालिकों की सुरक्षार्थ किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शकित अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं नोडिल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, क्षेत्रधिकारी चन्दौसी/सहायक नोडल मिशन शद्रि अभियान श्री दीपक कुमार के नेतृत्व में आज दिनाँक 02.05.2026 को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुकत महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंधा में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया।

# आईजीआरएस में मनमाने पर लगे रोक

**0आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने लगाये आरोप**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आईजीआरएस और पीजी पोर्टल पर हो रही मनमानी के खिलाफ आजाद अधिकार सेना ने मोर्चा खोल दिया है। सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में सौंपकर जन सूचना अधिकारियों की लापरवाही पर विराम लगाने की मांग की गई।

आजाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव खिजर गौस के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि जन सुनवाई (आईजीआरएस)/पी जी पोर्टल तथा आरटीआई में घोर लापरवाही, भृष्टाचार तथा मनमाना पन अपनाया जा रहा है। जबकि केन्द्र सरकार और विभन्न राज्यों की सरकारों ने आम नागरिकों को सशक्त करने के लिए जन सुनवायी माध्यम बनाया है। जबकि इसके विपरीत जमीनी हकीकत यह है कि लगभग पूरे देश में इस व्यवस्था को पूरी तरह मखौल बन गया है। जहां सरकारी कर्मचारी मनमाने ढंग से उल्टा पुल्टा रिपोर्ट लगाते हैं। व न तो मौके पर जाते हैं और न शिकायत कर्ता से बात करते हैं। फिर यही रिपोर्ट को ऊपर तक स्वीकार कर लिया जाता है। अक्सर जिस अधिकारी के खिलाफ आरोप होता है जांच भी उसी के द्वारा की जा रही है। ज्ञापन देने वालो में जरीफ मिर्जा, डा. शाहनवाज चौहान, दीपक कुमार, मनोज प्रजापति, मिन्टू कुमार, गुलाम रब्बानी आसदि मौजूद रहे।



सम्भल-आईजीआरएस में मनमानी के विरोध में ज्ञापन देते आ. अ. सेना के कार्यकर्ता।

# नालों पर सिरदर्द बना अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** क्षेत्र में चारों ओर व्यापक गंदगी फैल रही हो या फिर नाले पटे हों हमेशा सरायतरीन अंदेखा किया जाता रहा है। सवाल बड़ा है क्या सरकारी अमला और जनप्रतिनिधि क्षेत्र में फैल रही गंदगी और मच्छरों के प्रकोप से कुम्भकर्णी नींद में सोए हुए है। अब मानसून सिर पर आ चुका है। गंदगी के अम्बारों के कारण सरायतरीन के मौहल्ला पीला खदाना से आने जाने वाले लोगों को नाक बंद करके ही सम्भल तक का सफर तय करना पड़ता है। यहां घुसते ही दुर्गन्ध से मुंह पर रूमाल रखकर बामुश्किल गुज़रना पड़ रहा है। इसके अलावा हड्डियों व गंदगी की दुर्गन्ध आते ही सफर करते लोगों का जी मिचलाने लगता है। यह तो हुआ पीला खदाना का हाल, अब इससे भी बुरा हाल है सरायतरीन मुख्य बाजार का। जहां पर बरसात के दिनों में सड़क पर 2-2 फीट गंदगी भरा पानी इकट्ठा हो जाता है, इसका कारण पुलिस चौकी से लेकर अन्दर बाजार तक नालों पर अवैध निर्माण व व्यापारियों की बनी दुकाने जिससे पानी निकासी हमेशा अवरोधक बनी रहती है,क्योंकि नालों पर निर्माण किया जा चुका है तो फिर उसमें सफाई कैसे हो पायेगी। यही कारण है कि बरसात मेंभरी नालों की सारी सिल्ट उफन कर सड़क पर पसर जाती है। कई बार प्रशासन की ओर से नालों पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का अभियान चलाने का प्रयास किया गया,।

# गर्मी बढ़ते ही दुधारू पशुओं का दूध घटा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गर्मी बढ़ने से इंसान तो इंसान अब गर्मी का असर दुधारू पशुओं पर भी दिखाई देने लगा है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण पशुओं का दूधउत्पादन तेजी से घट रहा है। इससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। पशु चिकित्सकों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में पशुओं की उचित देखभाल नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

नगर गुन्नौर के पशुपालक किशनपाल ने बताया कि उनकी भैंस पहले प्रतिदिन करीब 10 लीटर दूध दे रही थी, लेकिन पिछले 7 दिनों से यह मात्र घटकर 8 लीटर से भी कम रह गई है। उनका कहना है कि तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते गाय सुस्त हो गई हैं। उनका खानपान भी प्रभावित हुआ है। दिनेश का कहना है कि दो बार नहलाने और पंखा चलाने

**0पशु पालक भी हुए परेशान**

के बावजूद दोपहर के समय गाय हांफती रहती हैं। पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि मध्य मार्च के बाद से तापमान में तेजी से वृ) हुई है। इसका सीधा असर दुधारू पशुओं की उत्पादकता पर पड़ा है। उन्होंने बताया कि जिले में औसतन दूधा उत्पादन में 25 से 30 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की जा रही है। इसका मुख्य कारण लू और अधािक गर्मी है। इससे पशुओं की शारीरिक क्रियाएं प्रभावित हो रही हैं और वे पर्याप्त मात्रा में चारा और पानी नहीं ले पा रहे। पशु चिकित्सक ने पशुपालकों को सलाह दी है कि पशुओं को खुले में बांधाने से बचें, तेज धूप और लू से उन्हें गंभीर नुकसान हो सकता है। पशुओं के लिए छांव की उचित व्यवस्था करें। सुबह-शाम उन्हें ठंडे पानी से नहलाएं, ताकि उनके शरीर का तापमान नियंत्रित रहे। उन्होंने यह भी बताया कि पशुओं को हरा चारा देना अत्यंत आवश्यक है, यह उनके शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है। इसके अलावा हर दो घंटे के अंतराल पर स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना चाहिए, जिससे पशु डिहाइड्रेशन का शिकार न हो।

## कार्यालय नगर पंचायत सिरसी ( सम्भल )

**पत्र संख्या:-118/न.पं. सिरसी/2026-27** | **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** | **दिनांक:02-05-2026**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिलाधिकारी महोदय सम्भल के पत्रांक-37/एल.बी.सी./15वें वि.आ./टाइड/अनटाइड ग्रान्ट/ 02 प्रति./बैठक कार्यवृत्त/2026-27 दिनांक 24 अप्रैल 2026 को स्वीकृत उपरांत 25वें वित्त आयोग (tied/United Grant) के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सिरसी में खड़ंजा, पी.वी.सी पाइप लाइन विसतार इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य की ई निविदा दिनांक 25.05.2026 को अपरान्ह् 06:00 बजे तक ऑन लाईन आमंत्रित की जाती हैं। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्सुनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्यन कर लें। निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी नगर पंचायत सिरसी की वेबसाइट www.npsirsi.in पर देखी जा सकती हैं।

| क्र.सं. | नगर पालिका/NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Tender Releas | | 03.05.20226 पूर्वान्ह् 10.00 बजे | —— |
| 02- | | Tender Download | 03.05.20226 पूर्वान्ह् 10.00 बजे | —— |
| 03- | | Bid Submission | 03.05.20226 पूर्वान्ह् 10.00 बजे | —— |
| 04- | Close Bid | —— | | 25.05.20226 अपरान्ह् 05.00 बजे |
| 05- | Bid Openining | —— | | 27.05.20226 अपरान्ह् 02.00 बजे |

वेबसाइड htt://etender.up.nic.inपर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

( अवधेश कुमार )
डिप्टी कलेक्टर/अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिरसी, सम्भल

( कौसर अब्बास )
अध्यक्ष
नगर पंचायत सिरसी, सम्भल

# टीएमयू की कॉन्फ्रेंस में नौ देशों के 135 रिसर्च पेपर्स प्रजेंट

**मुरादाबाद।** भारत के संग-संग ग्रीस, स्पेन, जर्मनी, यूके, यूएई, सउदी अरब, जॉर्डन, इजिप्ट सरीखे देशों के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर विशेषज्ञों ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की ओर से हुई मॉडर्न ट्रेंड्स इन कम्प्यूटर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस-आईसीएमसीई 2026 में ब्लेंडेड 135 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए। कॉन्फ्रेंस में इन विद्वानों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स-आईओटी, वीएलएसआई डिजाइन, सिग्नल एवं इमेज प्रोसेसिंग, एम्बेडेड सिस्टम, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार नेटवर्क एवं अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों सरीखे विषयों पर गहनता से अपना व्यापक नजरिया रखा। एक दर्जन से अधिक टेक्निकल सत्रों में ग्राफिक ऐरा यूनिवर्सिटी, देहरादून से डॉ. अंकित विश्नोई, जेएसएस एकेडमी ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, नोएडा के प्रो. लवकुश शर्मा, पदमावत सिंघानिया यूनिवर्सिटी, उदयपुर के डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, एकेजी इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के डॉ. आशीष दीक्षित, गलगोटिया यूनिवर्सिटी, नोएडा की डॉ. शिप्रा शुक्ला, जीसीईटी, ग्रेटर नोएडा की डॉ. शिल्पी पाटिल के अलावा डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. अर्निका, डॉ. अवधेश कुमार गुप्ता, डॉ. प्रमोद कुमार सागर आदि बतौर सेशन चेयर शामिल हुए। वेलेडिक्ट्री सत्र में रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को सीओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इन्नोवेशंस से इंडस्ट्रीज की बदल रही सूरत और सीरत: एक्सपर्ट जय आनंद स्विट्जरलैंड की ग्रीनीपैथ एजी में दक्षिण



एशिया परियोजना निर्माण और विकास निदेशक जय आनंद ने मॉडर्न ट्रेंड्स एंड रिसेंट टेक्नोलॉजी इन एंनवायरमेंटल कंजर्वेशन एंड क्लाइमेंट चेंज पर ब्लेंडेड मोड में बोलते हुए कहा, एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, एज कम्प्यूटिंग और आईओटी में हो रहे इन्नोवेशंस इंडस्ट्रीज से लेकर सामाजिक स्तर की सूरत और सीरत बदल रहे हैं। ये इन्नोवेशंस न केवल साइंटिक एक्सप्लोरेशन को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि प्रभावी तकनीकी समाधान के लिए स्मार्ट डिजाइन की परिकल्पना को भी मूर्त रूप दे रहे हैं। आईआईटी, कानपुर के प्रो. मनोज कुमार तिवारी यूज ऑफ एआई-एमएल इन वाटर ट्रीटमेंट एप्लिकेशंस पर बोले, वाटर ट्रीटमेंट में एआई और एमएल का उपयोग जल प्रबंधन को अधिक कुशल, सस्ता और सुरक्षित बना रहा है। पारंपरिक तरीकों की तुलना में ये तकनीकें डेटा का विश्लेषण करके भविष्य की समस्याओं का अनुमान लगाने में सक्षम हैं। कॉन्फ्रेंस स्टुडेंट्स, रिसर्चर्स के लिए होगी वरदान साबित: प्रो. आरके द्विवेदी सीओई के डीन एवम् कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, एआई, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, 5जी कम्युनिकेशन, वीएलएसआई डिजाइन सरीखी तकनीकें वक्त की दरकार हैं। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई, आईसीएमसीई 2026 स्टुडेंट्स, रिसर्चर्स और फैकल्टीज के लिए वरदान साबित होगी। कॉन्फ्रेंस के वेलेडिक्ट्री सत्र में कन्वीनर्स- प्रो. गुलिस्ता खान और डॉ. अलका वर्मा, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. संकल्प गोयल, डॉ. इंदु त्रिपाठी, डॉ. आशीष सिमल्टी, डॉ. शुभेन्द्र प्रताप, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. विभोर भारद्वाज, श्री अरुन पिपरसेनिया, श्री विजेन्द्र रावत, श्री भगवान, श्री उमेश सिंह, श्री नीरज कौशिक, श्री आदित्य जैन, श्री राहुल विश्नोई, श्री नमित गुप्ता, सुश्री अवंतिका, श्री मयूर अग्रवाल, श्री अमित विश्नोई, डॉ. अमित कुमार आदि मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस कन्वीनर श्री प्रशांत कुमार ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। संचालन स्टुडेंट नवजोत ने किया।

## एक नजर

### मॉडिफाई साइलेंसर प्रेशर हॉर्न और हूटर लगाकर चलने वालों के किए पुलिस ने चालान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** बाईको में मॉडिफाई साइलेंसर प्रेशर होरन और गाड़ियों में हूटर सायरन लगाकर चलने वालों के खिलाफ आज ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाया और कई के चालान काटे। एसएसपी सतपाल अंतिम के निर्देश पर की गई कार्यवाही में आज दर्जनों वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस की गाज गिरी।

टीएसआई जेपी सिंह ने मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर चलने वाले बुलेट बाइक सवारों को निशाना बनाया और उन्होंने उनके चालान काटे इसके अलावा अवैध हूटर एवं प्रेशर होरन लगाकर चलने वाले वाहनों पर भी ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की, टीएसआई जेपी सिंह का कहना था कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। और सड़क पर गलत तरीके से बाहन खड़े करने वालों पर भी कार्रवाई हो रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्ग पर किसी भी दशा में अवरोध उत्पन्न नहीं होने दिया जाएगा।

### फ्लैग मार्च निकालकर दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल के निर्देशन में आज पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया देर शाम थाने से निकली पुलिस टीम विभिन्न मार्गो से गुजरी उन्होंने नगर में लोगों से उनकी परेशानियों के बारे में भी जानकारी की और विभिन्न मार्गों का भ्रमण भी किया। हालांकि अचानक पुलिस फोर्स को देखकर लोग अनहोनी की आशंका से घिर भी गए लेकिन उन्होंने इसका मकसद केवल सुरक्षा और सुरक्षा दिलाने का भरोसा बताया लोगों ने पुलिस देखकर राहत महसूस की है।

# पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा, तो मचा कोहराम, किया सुपुर्दे खाक

**कांठ( शाह टाइम्स )।** मुख्तियारपुर नवादा निवासी जीशान का शब घर पहुंचा तो कोहराम मच गया परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्दे खाक किया है। बतादे की शुक्रवार की दोपहर को मुख्तियारपुर नवादा निवासी जीशान ने तमंचे से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी। जीशान अविवाहित था और परिजनों के मुताबिक मानसिक तनाव



से गुजर रहा था घटना की जानकारी मिली तो पुलिस भी मौके पर पहुंची और शब का पंचनाम भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था शनिवार को दोपहर करीब 3:00 बजे पोस्टमार्टम के उपरांत मृतक का शब घर पहुंचा तो कोहराम मच गया परिजनों का रोरो कर बुरा हाल हो गया उन्होंने जीशान की मौत का जिम्मेदार भी कुछ लोगों को ठहराया गमगीन माहौल में उसे सुपुर्दे2 खाक किया गया है।

# तहसील समाधान दिवस में आई 78 शिकायत में आठ का निस्तारण

**कांठ( शाह टाइम्स )** एडीएम प्रशासन संगीता गौतम की अध्यक्षता में आज तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आए क्षेत्र के लोगों ने 78 शिकायत दर्ज कराई इनमें आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया बाकी शिकायतों का निस्तारण करने के उन्होंने एक सप्ताह में निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए और समस्याओं के समाधान का फीडबैक भी शिकायत कर्ताओं से लिया जाना चाहिए अगर शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट नहीं है तो उसे समस्या का समाधान नहीं माना जाएगा। उन्होंने पक्की ठीए बन्दी कराने पर जोर दिया और कहा कि शासन द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचना बहुत जरूरी है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सोशल मीडिया



एवं अन्य माध्यम से शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रचार कराए जाने के लिए निर्देश दिए। तहसील दिवस में गैर हाजिर हुए अधिकारियों पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही के आदेश दिए। इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार तहसीलदार राजकुमार सिंह कानून गो केदार सिंह सीएचसी प्रभारी डॉक्टर राजीव डिप्टी रेंजर वन विभाग पुष्पेंद्र सिंह खंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में बोले विधायक हाजी फहीम इरफान बच्चों की शिक्षा पर दें ध्यान, लड़ाई-झगड़े से रहें दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** लोकप्रिय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने अपने कार्यालय पर जनसुनवाई कर क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनकी विधायक ने गंभीरता से सुनवाई की।

इस दौरान विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों को लेकर लड़ाई-झगड़े करना किसी समस्या का समाधान नहीं है। लोगों को आपसी विवादों से



दूर रहकर अपने परिवार और बच्चों के भविष्य पर ध्यान देना चाहिए।

विधायक ने कहा कि बच्चों की अच्छी शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं और उनके संस्कारों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने युवाओं से भी नशे और गलत संगत से दूर रहने की अपील की। जनसुनवाई के दौरान विधायक ने कई जरूरतमंद लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक मदद भी की। कुछ मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। क्षेत्रवासियों ने विधायक की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वह लगातार जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करते हैं।

# डीएम-एसपी ने काशीराम आवासों का किया निरीक्षण

## अनेक बार निरीक्षण के बाद भी प्रशासन नहीं हटा पाया अवैध कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लंबे समय से उपेक्षित काशीराम आवासों की स्थिति का शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई ने पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आवासों का नियमित आवंटन वर्षों से नहीं हो सका है और कई आवासों पर अवैध रूप से लोगों ने कब्जा कर रखा है। प्रशासन द्वारा पूर्व में कई बार इन्हें खाली कराने के प्रयास किए गए, लेकिन अभी तक सभी आवासों को पूर्ण रूप से कब्जामुक्त नहीं कराया जा सका है। बताया गया कि इन आवासों का निर्माण कार्यकारी संस्था मुरादाबाद द्वारा कराया गया था, लेकिन एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इन्हें नगरपालिका चन्दौसी को हस्तांतरित नहीं किया गया। लंबे समय से अवैध कब्जे और उपेक्षा के चलते अधिकांश आवास जर्जर हो चुके हैं। खिड़की, दरवाजे, जंगले व पाइपलाइन तक क्षतिग्रस्त या गायब हो चुके हैं। साथ ही बड़ी संख्या में कटिया कनेक्शन के जरिए विद्युत चोरी भी हो रही है, जिसे रोकने के प्रयास अभी तक सफल नहीं हो पाए हैं। गौरतलब है कि लगभग तीन माह पूर्व प्रशासन ने कुछ आवास खाली कराकर उन पर ताले भी डलवाए थे, लेकिन शेष आवास अब भी कब्जे में हैं।



जिलाधिकारी ने शेष सभी अवैध कब्जों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए और कहा कि कॉलोनी में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से निवास करता पाया जाए तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए।

डीएम ने जर्जर आवासों की मरम्मत कराने के निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में इन्हें प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नए पुलिसकर्मियों को आवंटित किया जाएगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और कॉलोनी में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के खिलाफ सपा विधायक हुए एकजुट

## यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों पर बढ़ा विवाद, विधायकों ने पोस्टपेड में बदलने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नजीबाबाद/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों को लेकर अब जनप्रतिनिधियों ने भी खुलकर नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक तसलीम अहमद ने प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग) को लखनऊ मे पत्र सौंपा और मीटरों को पोस्टपेड में बदलने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि पूरे प्रदेश में लाखों घरों में लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं।



उनके अनुसार, मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं की औसत मासिक बिजली खपत 100.21 यूनिट बढ़कर 219.15 यूनिट तक पहुंच गई है, जो लगभग 84 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इससे आम लोगों को अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है।

विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि कई मामलों में उपभोक्ताओं द्वारा रिचार्ज करने के बावजूद 2-3 दिन तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पा रही है, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा अग्रिम भुगतान और यूनिट गणना में भी गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिन्हें स्थानीय विद्युत विभाग के अधिकारी भी ठीक नहीं कर पा रहे हैं।

तसलीम अहमद ने बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुए कहा कि इन मीटरों की वजह से गरीब परिवारों और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि जनहित को देखते हुए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मीटर में परिवर्तित करने के निर्देश जारी किए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। इस मांग का समर्थन विधायक हाजी नासिर कुरैशी, मनोज पारस,रफीक अंसारी और मोहम्मद फहीम इरफान ने भी किया है।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का एक दिवसीय धरना आज दोपहर 12:00 बजे से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मुरादाबाद पर प्रारंभ हुआ। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजीव कुमार पाठक ने की तथा संचालन जिला मंत्री पुष्पेश मिश्र ने किया। धरने में जनपद के बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर शिक्षक एकता का प्रदर्शन किया। धरने को मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य तथा वरिष्ठ शिक्षक नेता डॉ. सुनीत गिरी ने संबोधित किया। उन्होंने धरने की प्रमुख मांगों को रखते हुए कहा कि पुरानी पेंशन योजना की यथावत बहाली की जाए। वित्तविहीन शिक्षकों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतनमान की नीति लागू करते हुए एक सेवा आयोग का गठन किया जाए। तदर्थ शिक्षकों की पेंशन बहाली की जाए तथा सेवानिवृत्त हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं के लंबित देयकों का तुरंत भुगतान किया जाए।डॉ. गिरी ने यह भी मांग रखी कि ग्रीष्म अवकाश में जनगणना कर रहे शिक्षकों को उपार्जित अवकाश तथा रविवार को करवाई जा रही परीक्षाओं के लिए प्रतिकार अवकाश प्रदान किया जाए। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार पाठक ने कहा कि सरकार द्वारा की जा रही शिक्षकों की अनदेखी तथा विभिन्न मांगों के संदर्भ में पूरे प्रदेश में प्रादेशिक नेतृत्व के आह्वान पर शिक्षक-शिक्षिकाएं धरना दे रहे हैं। अन्य वक्ताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के कार्यों में हो रही अनावश्यक देरी तथा हीलाहवाली के विरुद्ध रोष व्यक्त किया। शिक्षकों ने इस दौरान जोरदार नारेबाजी भी की। जिला मंत्री पुष्पेश मिश्र ने कहा कि एनपीएस में कट रहा अंशदान शिक्षकों के खाते में प्रदर्शित नहीं हो रहा है, तथा विभिन्न प्रकरणों और देयकों को अनावश्यक रूप से कार्यालय में लंबित रखा जाता है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र मणिक सिसौदिया निवासी ग्राम मुअज्जमपुर जैतरा धामपुर का उपरोक्त नाम सत्य व सही है। सभी दस्तावेजों में उसका नाम मणिक सिसौदिया ही है। भविष्य में भी मणिक सिसौदिया ही प्रयोग में सदेव रहेगा।

**संजय कुमार पुत्र सन्दर सिंह निवासी ग्राम मुअज्जमपुर जैतरा धामपुर जिला बिजनौर।**

**लोकप्रिय खादी ग्रामोद्योग विकास समिति**
कार्यालय सबलपुर पोस्ट टांडा अफजल जिला मुरादाबाद (उ.प्र.) 244602

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 140.00 कुंतल) तथा कच्ची ऊन (वजन 60.00 कुंतल) की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी/ कॉर्पोरेशन/ पंजीकृत फर्म हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 23.05. 2026 तक जमा कर सकती है। जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तो का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-राहुल कुमार चौहान**
मोबाइल नम्बर-941028340

**रविदास ग्रामोद्योग आश्रम**
कार्यालय दुल्हापुर सबलपुर पोस्ट टांडा अफजल जिला मुरादाबाद (उ0प्र0) 244602

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 90.00 कुंतल) तथा कच्ची ऊन (वजन 40.00 कुंतल) की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी / कॉर्पोरेशन / पंजीकृत फर्म आपूर्ति करने हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 23.05.2026 तक संस्था के कार्यालय पर जमा कर सकती है जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-विनीत कुमार चौहान**
मोबाइल नं. 8006215099

**खादी निर्बल वर्ग विकास समिति**
कोर्ट पूर्वी सम्भल जिला सम्भल उ0प्र0 पिन कोड-244302

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई वजन 80.00 कुन्तल की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी /कॉर्पोरेशन / पंजीकृत फर्म हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 23.05. 2026 तक जमा कर सकती है। जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-उज्जवल कुमार**
मोबाइल नम्बर-9719331111

**नूतन ग्राम विकास समिति**
कार्यालय ग्राम व पो. कासमपुर गढ़ी जिला बिजनौर (उ.प्र.)-246722

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 110.00 कुंतल) तथा कच्ची ऊन (वजन 30.00 कुंतल) की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी/ कॉर्पोरेशन/ पंजीकृत फर्म आपूर्ति करने हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 23.05.2026 तक संस्था के कार्यालय पर जमा कर सकती है जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-अरविन्द कुमार**
मोबाइल नं. 7983154792

**ग्रामोद्योग क्षेत्र विकास समिति**
ग्राम व पो. सुरजननगर जिला रेज (उ.प्र.) पिन 244602

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 150.00 कुंतल) कच्ची उन 50.00 कुन्तल की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी/कॉर्पोरेशन/पंजीकृत आपूर्ति करने हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 23.05.2026 तक संस्था के कार्यालय फर्म पर जमा कर सकती है जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-गौरव विश्नोई**
मोबाइल नं. 724887088

# अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने जनता इंटर कॉलेज का किया औचक निरीक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को अभिभावक शिक्षक संघ जनता इंटर कॉलेज गोपी वाला के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बच्चों तथा अभिभावकों के अनुरोध पर विद्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा पढ़ाई के बारे में जानकारी की तो छात्र-छात्राओं ने बताया कि इंटरमीडिएट कक्षाओं में शिक्षण कार्य पूर्ण रूप से बाधित है केवल हिंदी गणित अर्थशास्त्र विषय के घंटे संचा. लित होते हैं और कक्षा 6 से 10 तक भी चित्रकला गृह विज्ञान, गृह शिल्प पूर्ण रूप से बाधित है। विद्यालय के समस्त बच्चों ने अंग्रेजी के अध्यापक प्रीतम सिंह से अंग्रेजी पढ़ने के लिए अपनी आवाज बुलंद की और सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 मई 2026 को विद्यालय में अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष के निर्देशन में समस्त अभिभावक तथा बच्चे एकत्र होंगे और एक प्रार्थना पत्र प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य एवं एक प्रार्थना पत्र मंडल आयुक्त मुरादाबाद को प्रेषित किया जाएगा एक प्रार्थना पत्र सूचना हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र पाल सिंह गहलोत को सोपा और विद्यालय का गेट बंद कर समस्त बच्चों ने समस्त विषयों के समस्त घंटे संचा. लित कराने हेतु विरोध प्रदर्शन किया व अपना आक्रोश दर्शाया और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी की और विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र सिंह चौहान को विद्यालय में बुलाने की मांग की इस दौरान राजकुमार चाहत रश्मि संध्या शाहेनूर गुलफाम अनुज अर्श सना इरम शायबा अलशिफा अलफिजा साहिल सेवी मीनाक्षी अरसान निकित कुमार फरदीन सेजल आदि मौजूद रहे।



# ब्लॉक का निरीक्षण करने पहुंचे जिला विकास अधिकारी फाइलें अधूरी देख कर्मचारियों को लगाई फटकार



**मूंढापांडे।** ब्लॉक का निरीक्षण करने पहुंचे डीडीओ और डीसी ने सभी अभिलेख देखे साफ सफाई में लापरवाही पर कहा कि कोई हीलाहवाली नहीं चलेगी,उक्त दिशा निर्देश शनिवार को जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक ने ब्लॉक का निरीक्षण करते दिए,मनरेगा पटल, आवास पटल, एनआरएलएम, आधार फीडिग आदि के पटल का निरीक्षण किया, कर्मचारियों से बिदुवार समीक्षा करते हुए आधार फीडिग के बारे में जानकारी ली, ग्राम पंचायतों में श्रमिक दिवस की जानकारी लेकर उनमें वृद्धि के निर्देश दिए,बीडीओ से कहा कि जो विकास कार्य चल रहे हैं, उनमें तेजी लाई जाए, जिससे काम समय पर पूरा हो सके, प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा की, औचक निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कार्यालय में अभिलेखों के रख-रखाव, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और आधार फीडिंग की समीक्षा की। उन्होंने साफ-सफाई, कार्यों में तेजी लाने और विकास योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, अभिलेखों के रख-रखाव की जांच और उन्हें चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश,ग्राम पंचायतों में मनरेगा श्रमिक में वृद्धि और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, प्रधानमंत्री आवास और पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों की सूची की समीक्षा और अपात्रों पर कार्रवाई के निर्देश, कार्यालय में स्वच्छता और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज, चन्दौसी में सत्र 2025-26 के अंतर्गत मूट कोर्ट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चन्दौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एडवोकेट तथा पैनल अधिवक्ताओंकृएड. सगीर सैफी, एड. चन्द्रेश गुप्ता, एड. रंजना शर्मा, एड. विनय राज, एड. राजीव कुमार शर्मा एवं महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. अजीत सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि विनोद कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि विधि के विद्यार्थियों के लिए मूट कोर्ट अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें न्यायिक प्रक्रिया की व्यवहारिक समझ मिलती है। पैनल अधिवक्ता रंजना शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक सफल अधिवक्ता बनने के लिए लगन, मेहनत, ईमानदारी और वाकपटुता आवश्यक गुण हैं। वहीं एड. विनय राज ने कहा कि आभासी न्यायालय में प्रभावी प्रस्तुतीकरण विद्यार्थियों के भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होता है और उन्हें धैर्य एवं सहनशीलता का भी विकास करना चाहिए।

एड. सगीर सैफी ने आपराधिक मामलों की विभिन्न प्रक्रियाओं एवं सावधानियों पर प्रकाश डाला, जबकि एड. चन्द्रेश गुप्ता ने संयम और शिक्षा को एक सफल अधिवक्ता की नींव बताया। एड. राजीव कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को 'स्मार्ट वकालत' के गुर सिखाए। मूट कोर्ट के दौरान छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय द्वारा दिए गए तीन प्रकरणोंकृआपराधिक, सिविल एवं उपभोक्ता संरक्षणकृपर आधारित मामलों में प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा मोनिका ने अभियोजन पक्ष की ओर से अपने तर्क प्रस्तुत किए, जिनका विरोध कविता यादव ने किया। दहेज हत्या से जुड़े मामले में अन्नया, अरबिंद गुप्ता, अवनीश, अनुज और सिमरन ने अभियोजन पक्ष की ओर से जोरदार दलीलें दीं, जबकि बचाव पक्ष की ओर से कविता यादव, विशाल चौधरी, तपस्या यादव, संदीप, दिव्या तिवारी, रिंकू सागर और रोहताश ने प्रभावी तर्क रखे। सिविल वाद के अंतर्गत जुविया बशीम ने वाद दायर करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जबकि अदिति वार्ष्णेय, निदा और सुषमा ने जमानत याचिका पेश की, जिसका विरोध राशि गुप्ता, सुषमा और भूपेन्द्र ने किया। इस दौरान लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पक्षों से बहस करते हुए कानूनी नजीरें प्रस्तुत कीं। न्यायाधीश की भूमिका में विनोद कुमार सिंह, सगीर सैफी और रंजना शर्मा ने निर्णय सुनाते हुए आपराधिक प्रकरण में एक अभियुक्त को साक्ष्यों के अभाव में बरी किया, जबकि अन्य प्रकरण में बीएनएसएस की धाराओं 80, 85 एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के अंतर्गत 7 वर्ष की सजा सुनाई। कार्यक्रम के अंत में प्रवक्ता डॉ. अजीत सिंह ने मुख्य अतिथि एवं पैनल अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर लगभग 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।




कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवक्ता शरद त्यागी का विशेष योगदान रहा। वहीं मीनाक्षी, वंशिका, नीतू, पूजा, पायल, शिवाली, ज्ञानप्रकाश, आकाश, सोनी सैनी और खुशबू सहित कई विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। आयोजन में विकास वर्मा, भारती गुप्ता, कौशल सैनी, आशुतोष गुप्ता, दानवीर, अवनीश, किशोर एवं समन्वयक डॉ. अजीत सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# स्मार्ट मीटर व विद्युत समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** उद्योग व्यापार मंडल (रजि.) ठाकुरद्वारा के पदाधिकारियों ने विभिन्न विद्युत समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों और उपभोक्ताओं की परेशानियों का उल्लेख करते हुए जल्द समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि विद्युत विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं के बिलों में अनियमितता और अधिक खपत की शिकायतें सामने आ रही हैं। व्यापार मंडल ने मांग की कि स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाकर पुराने मीटर ही लगाए जाएं। इसके अलावा, उद्योग एवं व्यापार से जुड़े उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि उनकी समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो रहा है। अधिकारियों द्वारा सुनवाई न किए जाने से उपभोक्ताओं को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। व्यापार मंडल ने यह भी कहा कि विभागीय अधिकारियों के फोन अक्सर रिसीव नहीं होते, जिससे समस्याएं और बढ़ जाती हैं। साथ ही, शहर में कई स्थानों पर जर्जर बिजली लाइनें और पोल हादसों को न्योता दे रहे हैं, जिन्हें जल्द ठीक कराया जाए। अंत में, नगर में दो मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने की मांग की गई ताकि खराबी की स्थिति में तुरंत बिजली आपूर्ति बहाल की जा सके।

व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

# समाधान दिवस में पीड़ित बोला बैंक मैनेजर मांग रहे रिश्वत

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बैंक शाखा प्रबंधक पर रिश्वत मांगने और बार-बार चक्कर कटवाने का गंभीर आरोप लगाते हुए समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। तहसील ठाकुरद्वारा के ग्राम लौंगी कला निवासी कल्लू सिंह पुत्र बलजीत सिंह ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी माता श्रीमती ओमवती के नाम यूको ग्रामीण बैंक शाखा गोप. ीवाला में खाता संख्या 89160100047405 है, जिसमें 27,808 रुपये जमा हैं। उनकी माता का निधन 29 दिसंबर 2021 को हो चुका है। पीड़ित का आरोप है कि धनराशि निकालने के लिए बैंक द्वारा बताई गई सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद शाखा प्रबंधक लगातार उन्हें टालते रहे और बैंक के चक्कर लगवाते रहे। आरोप है कि प्रबंधक ने 5000 रुपये रिश्वत की मांग की और कहा कि बिना पैसे दिए भुगतान नहीं किया जाएगा। कल्लू सिंह का यह भी कहना है कि विरोध करने पर उन्हें धमकी दी गई कि ज्यादा शिकायत करने पर झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया जाएगा।

पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसकी माता के खाते की धनराशि दिलाई जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए। शनिवार को पीड़ित ने समाधान दिवस में शिकायत पर देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की।

# सोसायटी का बैरियर तोड़ा और गार्ड को पीटा, वीडियो वायरल

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित रजत विहार सोसायटी में एक युवक द्वारा बैरियर तोड़ने और बुजुर्ग सुरक्षा गार्ड को पीटने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि यह घटना 1 मई 2026 की है और थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के अंतर्गत आती है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक तेज रफ्तार वाहन से सोसायटी के प्रवेश द्वार पर पहुंचता है और बैरियर को तोड़ते हुए अंदर घुसने की को. शिश करता है। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात बुजुर्ग गार्ड उसे रोकने का प्रयास करता है, जिस पर युवक आक्रोशित हो जाता है और गार्ड के साथ हाथापाई करने लगता है। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। इस घटना के बाद सोसायटी के निवासियों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि सोसायटी के शांतिपूर्ण माहौल को भी प्रभावित करती हैं। निवासियों ने आरोप लगाया है कि आरोपी युवक का व्यवहार पहले भी संदिग्ध रहा है और उस पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस के अनुसार, दिनांक 1 मई को थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में गार्ड के साथ मारपीट की सूचना प्राप्त हुई थी।

# जीएनआरएफ ने राहगीरों को गर्मी में शर्बत पिलाया

## छतों पर परिंदों के लिए पानी जरूर रखें: अरकान कादरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** क्षेत्र के गांव चक फाजलपुर में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट जी एन आर एफ गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने गर्मी में राहगीरों को शर्बत पिलाकर प्यास बुझाई फाउंडेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया गर्मी में इन्सानों के साथ साथ बे जुबान परिंदों का विशेष ध्यान रखें और अपने घरों की छतों पर पानी का बर्तन जरूर रखें ताकि परिंदे अपनी प्यास बुझा सकें इस मौके पर पर कासिम अत्तारी हसन पाशा शहजान अत्तारी अशरफ कादिर अत्तारी शारिक कघदरी सय्यान अब्दुल रहमान आदि मौजूद रहे।




# निवेश का झांसा देकर 75 लाख ठगे

**नोएडा।** निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने टेलीकॉम विभाग से रिटायर्ड 71 साल के इंजीनियर के साथ 75 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में ठगी के संबंध में केस दर्ज कराया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है,उनकी जांच की जा रही है। उसेक्टर-104 स्थित एटीएस वन हैमलेट सोसाइटी में रहने वाले बुजुर्ग आलोक सहदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 फरवरी 2026 को उन्हें वाट्सऐप पर एक निवेश ग्रुप में जोड़ा गया। इस ग्रुप का नाम वेल्थ एलायंस बताया गया, जिसमें शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर भारी मुनाफे का दावा किया जा रहा था। ग्रुप में मौजूद लोगों द्वारा लगातार मुनाफे के स्क्रीनशॉट और ट्रेडिंग की जानकारी साझा की जाती थी।

**पहले निवेश में मुनाफा पैसा भी मिला:** ग्रुप से जुड़े लोगों ने एक ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाया और बताया कि इसके जरिए भारतीय शेयर बाजार और विदेशी बाजार में निवेश किया जा सकता है। शुरुआत में पीड़ित ने छोटी राशि निवेश की और उन्हें आठ हजार रुपये का लाभ भी दिखाया गया, जो उनके खाते में वापस भी आया। इससे उनका विश्वास और बढ़ गया। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें बड़ी रकम निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

**धीरे धीरे करके पैसा कराए ट्रांसफर:** उन्हें बताया गया कि न्यूनतम बैलेंस बनाए रखना जरूरी है और आईपीओ में निवेश करने पर भारी लाभ मिलेगा। धीरे-धीरे पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए गए। आरो. पियों ने यह भी झांसा दिया कि उनके शेयर ज्यादा मात्रा में अलॉट हो गए हैं और अगर अतिरिक्त पैसा जमा नहीं किया गया तो खाता फ्रीज कर दिया जाएगा।

**अकाउंट ब्लाक किया:** जब पीड़ित ने और पैसे देने से मना किया, तो उनका ऐप अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया, वाट्सऐप ग्रुप से हटा दिया गया और दिखाया जा रहा पूरा मुनाफा भी गायब हो गया। इस तरह कुल 75 लाख 64 हजार 47 रुपये की ठगी कर ली गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नोएडा में रोबोट से होगी सीवर की सफाई

**केरल मॉडल को अपनाया जाएगा, नौ मई को तिरुवनंतपुरम जाएंगे अधिकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सीवर सफाई व्यवस्था अब बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है। शहर में मैनुअल सीवर सफाई की जगह जल्द ही रोबोटिक तकनीक से सीवर और मैनहोल की सफाई की जाएगी।

हाल के वर्षों में सीवर सफाई के दौरान हुए हादसों और कर्मचारियों की मौतों के बाद नोएडा प्राधिकरण ने यह बड़ा कदम उठाया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद सफाई कर्मचारियों को सीवर के अंदर उतरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रिस्क फैक्टर जीरो होगा। नोएडा प्राधिकरण का जल खंड विभाग इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है। रोबोटिक मशीनों की खरीद से पहले अधिकारियों को इसके संचालन, तकनीकी उपयोग और रखरखाव की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए 9 मई को प्राधिकरण के दो वरिष्ठ प्रबंधकों को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम भेजा जाएगा। वहां वे रोबोटिक सीवर सफाई सिस्टम का अध्ययन करेंगे और प्रशिक्षण लेंगे।

**क्यों चुना गया केरल:** केरल देश का पहला राज्य माना जाता है, जहां मैनहोल और सीवर सफाई के लिए बड़े स्तर पर रोबोटिक मशीनों का उपयोग शुरू किया गया। वहां मशीनों के जरिए बिना किसी कर्मचारी को अंदर उतारे सीवर लाइन की सफाई की जा रही है। इसी सफल मॉडल को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी निकाय विभाग ने नोएडा समेत अन्य शहरों को भी आधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश दिए हैं।



**कैसे करेगा रोबोट काम:** रोबोटिक मशीन कैमरा, सेंसर और मैकेनिकल आर्म से लैस होती है। यह मशीन मैनहोल में उतरकर गाद, कचरा और जाम सामग्री को बाहर निकालती है। ऑपरेटर बाहर बैठकर कंट्रोल सिस्टम से पूरी प्रक्रिया संचालित करता है। इससे जहरीली गैस, ऑक्सीजन की कमी और हादसों का खतरा समाप्त हो जाता है।

**नोएडा को क्या होगा फायदा:** रोबोटिक सफाई से न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि सीवर सफाई की गति और गुणवत्ता भी बेहतर होगी। जाम लाइनें तेजी से खुलेंगी, शिकायतें कम होंगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी।विशेषज्ञों का मानना है कि रोबोटिक तकनीक लागू होने के बाद सीवर सफाई में मानवीय जोखिम लगभग शून्य हो जाएगा। नोएडा में यह पहल सफल रही तो प्रदेश के अन्य शहरों में भी इसे लागू किया जा सकता है।

# चेन्नई ने मुम्बई को 159 पर रोका

### नमन धीर ने शानदारफिफ्टी लगाई, अंशुल कम्बोज ने हासिल किए मुंबई के 3 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल में शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 160 रन का टारगेट सेट किया है। चेपाक स्टेडियम में मुंबई के कप्तान हार्दिक पंडड्ा ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर के बाद 7 विकेट पर 159 रन बना लिए हैं। नमन धीर ने 37 बाल पर 57 रन की पारी खेली। इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रायन रिकेल्टन ने 37 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से अंशुल कम्बोज ने 3 विकेट झटके। नूर अहमद को 2 विकेट मिले। रामख्रष्ण घोष और जैमी ओवर्टन को एक-एक विकेट



**मुम्बई इंडियंस के नमन धीर अपना जुझारू अर्द्धशतक पूरा करने के बाद दर्शको का अभिवादन करते।**

मिला। 20वें ओवर से 13 रन आए। अंशुल कम्बोज के ओवर में जैमी ओवर्टन ने छक्का लगाया। इससे पहले अंशुल ने हार्दिक पंड्या (18 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। हार्दिक पंड्या और कृष भगत की जोड़ी 19वें ओवर में महज 4 रन ही बना सकी। जैमी ओवर्टन ने इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं दी। 18वें ओवर की दूसरी बाल पर राबिन मिंज (5 रन) अंशुल कम्बोज की बाल पर बोल्ड हो गए। अंशुल को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने विल जैक्स (एक रन) को भी आउट किया। 17वें ओवर की 5वीं बाल पर मुंबई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 57 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवर्टन ने सरफराज खान के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर की 5वीं बाल पर तिलक वर्मा (5 रन) को नूर अहमद ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड के हाथों कैच कराया। नूर को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने रायन रिकेल्टन (37 रन) को भी पवेलियन भेजा। 12वें ओवर की पहली बाल पर शिवम दुबे से तिलक वर्मा का कैच ड्राप हो गया। कवर पर 33 यार्ड सर्कल के किनारे खड़े दुबे थोड़ा धीमे रहे। उन्हें आगे दौड़कर डाइव लगानी पड़ी और गेंद उनके हाथों में आधी वाली की तरह आकर लगी। शिवम ने दूसरा कैच ड्राप किया है। उन्होंने 7वें ओवर में नमन धीर का कैच भी ड्राप किया था। 11वें ओवर की चौथी बाल पर डेब्यू मैच खेल रहे रामख्रष्ण घोष ने सूर्यकुमार यादव (21 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 11वें ओवर में नमन धीर ने डेब्यू मैच खेल रहे रामकृष्ण घोष की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने शुरुआती दो बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 10वें ओवर में सूर्यकुमार यादव ने नूर अहमद की बाल पर लगातार दो बाउंड्री लगाई। उन्होंने दूसरी बाल पर चौका और तीसरी बाल पर छक्का लगाया।

## बुमराह व सूर्यकुमार मैच विजेता हैं, जल्दी करेंगे वापसी: जयवर्द्धने

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्दने का मानना है कि जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव मैच विजेता खिलाड़ी है और ए जल्द ही वापसी करेंगे। शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुम्बई इंडियंस के मैच से पहले प्रमुख कोच महेला जयवर्दने ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही।

जयवर्दने ने कहा कि वे दोनों मैच विजेता हैं और साथ-साथ इंसान भी हैं। वे ऐसे दौर से गुजरेंगे और उनके व्यक्तित्व की खासियत यह है कि वे वापसी करेंगे और लड़ेंगे। इसलिए हमारी बातचीत यही रहती है कि वे खुद पर ज्यादा दबाव न डालें। हम बस यही कहते हैं कि ऐसी चीजें होती हैं, हमें कोशिश जारी रखनी है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे स्वयं के प्रति बहुत ईमानदार हैं और जिस तरह वे कड़ा अभ्यास करते हैं, उनका वर्क एथिक शानदार है। इसलिए हम बस लगातार आगे बढ़ रहे हैं। यही चीज कई सालों से उनके लिए काम करती आई है और यही उनकी सफलता की वजह है। कभी-कभी नतीजे वैसे नहीं आते, जैसा वे चाहते हैं। अगर हमने बीच में कुछ मैच और जीते होते, तो हम अब भी वहां होते, जहां हमें होना चाहिए था। हमारा आत्मविश्वास भी ऊंचा होता और बाकी चीजें भी बेहतर होतीं। इसलिए अब हमारे लिए हर मैच लगभग प्लेऑफ जैसा है। ए खिलाड़ी इतने प्रोफेशनल हैं कि वे इसे समझते हैं और अब और भी अधिक लड़ने के लिए तैयार होंगे। एक कोच के तौर पर मैं उनसे बस इतना ही मांग सकता हूं।

### खेल विशेष

### आचार संहिता का उल्लंघन करने पर जैमीसन को चेतावनी

**जयपुर, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज काइल जैमीसन को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मैच नंबर 43 के दौरान, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए एक डिमेरिट पॉइंट मिला है और उन्हें चेतावनी दी गई है। जैमीसन को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसी भााा, हरकतें या हाव-भाव इस्तेमाल करने से संबंधित है, जो किसी दूसरे खिलाड़ी का अपमान करते हों या उससे कोई आक्रामक प्रतिक्रिया भड़का सकते हों। यह घटना पहली पारी के दूसरे ओवर में हुई, जब वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद, जैमीसन उनके बहुत करीब आ गए और आक्रामक तरीके से पेश आए।

### इंग्लिस 4 मई के मैच से पहले जुड़ेंगे टीम से

**लखनऊ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई जॉश इंग्लिस मुंबई आ गए है और चार मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। इंग्लिस ने निजी कारणों से इस सीजन में सीमित उपलब्धता का हवाला देते हुए पंजाब किंग्स से रिटेंशन लेने से मना करके विवाद खड़ा कर दिया था। इस फैसले पर पंजाब किंग्स के मालिकों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी को अनप्रोफेशनल कहा था। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें नीलामी में 8.6 करोड़ में खरीदा था। इंग्लिस ऐसे समय लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जुड रहे जब उनकी टीम आठ मैचों में से दो जीत के साथ टेबल में सबसे नीचे संघा्र कर रही है। इंग्लिस के आने से लखनऊ सुपर जायंट्स को मुम्बई के खिलाफ मुकाबले में मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### स्पेन वर्ल्ड कप वार्म-अप मैच में इराक से खेलेगा

**मैड्रिड, वार्ता।** स्पेन फुटबॉल फेडरेशन ने घोाणा की है कि स्पेन वर्ल्ड कप फाइनल से पहले एक और वार्म-अप मैच खेलेगा, और इस बात की पुटि की है कि यह एक फ्रेंडली मैच इराक के खिलाफ होगा। यह मैच 4 जून को डेपोर्टिवो ला कोरुना के रियाजोर स्टेडियम में खेला जाएगा। मेक्सिको जाने से पहले स्पेन का यह आखिरी मैच होगा, मेक्सिको में वे पुएब्ला में होने वाले एक और तैयारी मैच में पेरू का सामना करेंगे। मौजूदा यूरोपीय चैंपियन इस गर्मी में होने वाले वर्ल्ड कप में पसंदीदा टीमों में से एक के तौर पर उतर रहा है। हालांकि, मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते को चोटों से जुड़ी कई चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वे 24 मई को ला लीगा सीजन खत्म होने के बाद अपनी टीम की घोाणा करने की तैयारी कर रहे हैं। बार्सिलोना के फॉरवर्ड लामिन यामल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाकी घरेलू सीजन से बाहर हो गए हैं।

## राहुल ने आरआर के खिलाफ 75 रन बनाकर किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**जयपुर, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के धाकड़ बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 75 रनों की पारी खेल कर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इस सीजन में तीन बार सिगल डिजिट किए हैं और एक बार 18 रन बनाए। लेकिन अपनी शो पांच पारियों में 92, 57, 37, नाबाद 152 और शुक्रवार को आआर के खिलाफ 75 रन बनाए। इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल रन 433 हो गए हैं और वह रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा पर पहुंच गए हैं।

आरआर के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 400 7 रन उनसे आगे निकल सकते थे लेकिन वह मात्र चार रन बना सके



और अब चौथे स्थान पर हैं। उनके और राहुल के बीच सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज अभिोक शर्मा (425 रन) और हाइनरिक क्लासन (414 रन) मौजूद हैं।

इस मामले में यशस्वी जायसवाल 312 रनों के साथ दसवें स्थान पर हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली, गुजरात टाइटंस (जीटी) के शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन, एसआरएच के इशान किशन, और पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह शीर्ा दस की सूची के अन्य बल्लेबाजों में शामिल हैं।

## पंजाब टॉप स्पॉट पर अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से उतरेगा

**अहमदाबाद, वाता।** पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गई है, जहां अब बड़े से बड़े टारगेट भी उन्हें रोकने के लिए काफी नहीं लगते। रविवार रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स का सामना करने की तैयारी करते हुए, पंजाब किंग्स टूर्नामेंट की सबसे निडर चेज करने वाली टीम के तौर पर अपनी साख बनाए हुए है,

एक ऐसी टीम जो 220 से ज्यादा के स्कोर को भी आसानी से चेज करने लायक बना सकती है। यह साख सिर्फ हवा-हवाई बातों से नहीं बनी है। इसे लगातार बेहत. रीन बैटिंग परफॉर्मेंस से बनाया गया है, जिसकी सबसे बड़ी मिसाल इस सीजन की शुरुआत में



दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब का 265 रनों का रिकॉर्ड-तोड़ चेज है। एक ऐसे फॉर्मेट में जहां कभी 200 रनों के स्कोर को छूना भी नामुमकिन माना जाता था, पंजाब किंग्स ने 'स्कोरबोर्ड प्रेशर' की परिभााा ही बदल दी है। उनकी बैटिंग की सोच ने पूरी लीग में मैचों का रुख ही बदल दिया है। अब विरोधी टीमें बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद जश्न नहीं मनातीं। इसके बजाय, गेंदबाजी करने वाली टीमें दूसरी पारी में इस बात से पूरी तरह वाकिफ होकर उतरती हैं कि पंजाब का एक जोरदार पावरप्ले मैच का समीकरण पल भर में बदल सकता है। पंजाब के इस अभियान में उनका यही आत्मविश्वास साफ झलकता है। वे आठ मैचों में छह जीत और एक 'नो-रिजल्ट' के साथ पॉइंट टेबल में सबसे ऊपर आराम से बैठे हैं, और उनकी ज्यादातर जीतें चेज करते हुए ही मिली हैं। इनमें से कई जीतें तो मैच खत्म होने से काफी ओवर पहले ही हासिल कर ली गईं, जो इस बात का सबूत है कि वे कितनी तेज रफ्तार से रन बना रहे हैं। प्रभसिमरन सिंह इस आक्रामक अंदाज का चेहरा बन गए हैं।

## SRH की धाकड़ बल्लेबाजी के सामने केकेआर अस्तित्व की लड़ाई लड़ेगी

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग का नया इम्तिहान तब होगा, जब वे रविवार को यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2026 के दिन के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की मेजबानी करेंगे। इस मैच में सबकी नजर इस बात पर होगी कि क्या केकेआर टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट को रोक पाएगी।

एसआरएच लगातार पांच मैच जीतकर जबरदस्त लय में है। यह उनके शुरुआती लड़खड़ाते प्रदर्शन के बाद एक शानदार वापसी है, जिसमें उन्होंने अपने शुरुआती चार में से तीन मैच गंवा दिए थे। तब से हैदराबाद की यह फ्रेंचाइजी आईपीएल की सबसे खौफनाक



बैटिंग टीम बन गई है, जो टॉप ऑर्डर में लगातार आक्रामक खेल और मिडिल ऑर्डर में गहराई के दम पर अपने विरोधियों पर हावी हो रही है। उनकी ताजा मिसाल मुंबई इंडियंस के खिलाफ देखने को मिली, जब उन्होंने सिर्फ 18.4 ओवर में 244 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रदर्शन ने इस बढ़ती धारणा को और मजबूत किया है कि एसआरएच नियमित रूप से रिकॉर्ड तोड़ने वाले स्कोर बनाने में सक्षम है। उनके हालिया पावरप्ले के आंकड़े इस दबदबे को साफ दिखाते हैं, पिछले तीन मैचों में बिना कोई विकेट गंवाए 92 रन, एक विकेट पर 89 रन और बिना कोई विकेट गंवाए 67 रन। ट्रैविस हेड और अभिोक शर्मा इस बदलाव के पीछे की मुख्य ताकत बन गए हैं। हेड ने पिछले मैच में 30 गेंदों पर ताबड़तोड़ 76 रन बनाकर अपनी पुरानी लय हासिल कर ली, जबकि अभिोक 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 425 रन बनाकर इस सीजन के सबसे बेहत. रीन बल्लेबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। यह आक्रामकता यहीं खत्म नहीं होती। हेनरिक क्लासेन ने पारी को संभालने और उसे मजबूती से खत्म करने का सिलसिला जारी रखा है।

## लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाने के लिए जडेजा को फरेरा से ऊपर भेजा गया: पराग

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आर) के कप्तान रियान पराग ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाने और साथ ही फिनिशर्स के लिए आधार तैयार करने के लिए रवींद्र जडेजा को डोनोवन फरेरा से ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। शुक्रवार रात खेले गए इस मुक. ाबले में रवींद्र जडेजा को डोनोवन फरेरा से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजने जाने के सवाल पर पराग ने कहा कि असल में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन भी एक वजह थी।

करीब आठ-नौ ओवर बचे थे और हम फरेरा की एंट्री थोड़ी देर से कराना चाहते थे। हम स्पिनर्स के खिलाफ लगभग आठ-नौ रन प्रति ओवर लेते रहना चाहते थे, फिर जैसे ही तेज गेंदबाज, गेंदबाज करने आते, पहली गेंद से हमला



करना चाहते थे। हमारी यही योजना थी।

जब 12वें ओवर में ध्रुव जुरेल आउट हुए, आरआर का स्कोर तीन विकेट पर 114 रन था। जाडेजा ने 14 गेंदों में 20 रन की पारी खेली और पराग के साथ 53 रन की साझेदारी बनाई। इसके बाद फरेरा की 14 गेंदों में 47 रन की तेज पारी ने आखिरी पांच ओवरों में टीम को 78 रन जोड़ने में मदद की और आआर का स्कोर 225 रन पहंच गया। अन्य सवाल पर पराग ने कहा कि मुझे लगता है कि यह अच्छा स्कोर था। सच कहूं तो मुझे लगा 200 के आसपास पार स्कोर था। विकेट थोड़ा धीमा होने वाला था।

## युवा सनसनी इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई में शनिवार को हुई पहली टी-20 मुंबई महिला लीग नीलामी में टीनएजर इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी के तौर पर उभरीं। उन्हें आकाश टाइगर्स ने 10 लाख रुपये में खरीदा। इसके साथ ही मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने शहर में महिला क्रिकेट के एक नए दौर की शुरुआत की। नीलामी में टीमों के बीच जोरदार बोली लगी, क्योंकि फेंचाइजियों ने आने वाले पहले सीजन के लिए अपनी टीमें तय कीं।

कुल 363 खिलाड़ियों की बोली लगी, जिसमें टीमों ने युवा खिलाड़ियों और घरेलू क्रिकेट के अनुभवी खिलाड़ियों के सही तालमेल पर जोर दिया। फ्रेंच. इजियों ने नीलामी में कुल 1.47 करोड़ रुपये खर्च किए और 50 खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। इरा, जिन्होंने पिछले साल अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर सबका ध्यान खींचा था, इस नीलामी की सबसे खास खिलाड़ी रहीं। इससे यह भी पता चलता है कि यह लीग उभरती हुई प्रतिभाओं को एक मंच देने पर कितना जोर दे रही है। इससे पहले, एमसीए ने 'आइकन प्लेयर्स' के नामों की घोाणा की थी। इनमें सायली सतघरे (सोबो मुंबई फाल्कन्स), साइमा ठाकुर (ठाणे स्काई राइजर्स) और हुमैरा काजी (आकाश टाइगर्स) अपनी-अपनी टीमों की मुख्य खिलाड़ी बनीं। अन्य अहम खिलाड़ियों में, भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की उप-कप्तान सानिका चालके को आकाश टाइगर्स ने 5-50 लाख रुपये में खरीदा। ठाणे स्काई राइजर्स ने व द्धाली भगत (6 लाख), खुशी भाटिया (4.50 लाख) और जील डीमेलो (4.50 लाख) जैसी अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। वहीं, सोबो मुंबई फाल्कन्स ने सिमरन शेख (7 लाख), हर्ली गाला (5 लाख) और रिया चौधरी (5.50 लाख) जैसी खिलाड़ियों के साथ एक मजबूत टीम तैयार की। आकाश टाइगर्स ने फातिमा जाफर (4.25 लाख), मिताली म्हात्रे (2.75 लाख) और जिया मंद्रावड़कर (1.50 लाख) को टीम में शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत बनाया। टी-20 मुंबई महिला लीग का मकसद शहर में महिला क्रिकेट के ढांचे को मजबूत बनाना है।

## मैड्रिड ओपन के ब्लॉकबस्टर फाइनल में सिनर से भिड़ेंगे ज्वेरेव

**मैड्रिड, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर के साथ एक और बड़े मुकाबले के लिए तैयार हैं। जर्मन खिलाड़ी ने शुक्रवार रात 21 साल के बेल्जियम के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉक्स के खिलाफ 6-2, 7-5 से शांत और संयमित जीत के साथ मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, और इस टूर्नामेंट में अपने शानदार रिकॉर्ड को बनाए रखा।

स्पेन की राजधानी में अपनी 30वीं जीत के साथ, ज्वेरेव रोजर फेडरर और राफेल नडाल के बाद तीसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जो मैड्रिड में चार बार फाइनल में पहुंचे हैं। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा कि मैं फाइनल में पहुंचकर



बहुत खुश हूं। बहुत सारे कड़े मुक. ाबले हुए, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में। मैं जानिक के साथ फिर से खेलने का इंतजार कर रहा हूं और एक कड़े मैच की उम्मीद कर रहा हूं। रविवार को जो बेहतर खेलेगा, वही जीतेगा। दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने क्वार्टर-फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को सिर्फ पांच गेम गंवाकर हराया था और उसी लय को अपने अगले मुकाबले में भी जारी रखा। यह मुकाबला पहली बार मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचे ब्लॉक्स के साथ था, जिन्होंने अप्रैल से पहले टूर-स्तर पर क्ले-कोर्ट पर कोई मैच नहीं जीता था।

शुरुआत से ही, ज्वेरेव ने अपना दबदबा बना लिया। दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने जोश भरे माहौल में ब्लॉक्स के खिलाफ जोरदार शॉट लगाए, और साथ ही लंबे समय तक चलने वाली रैलियों में भी वह ज्यादा निरंतरता दिखाने वाले खिलाड़ी साबित हुए। एक घंटा 35 मिनट के बाद, सात बार के मास्टर्स 1000 चैंपियन ने इस सीजन का अपना पहला फाइनल पक्का कर लिया और सिनर के साथ एक जानी-पहचानी भिड़ंत तय कर ली। रविवार का यह मुकाबला ज्वेरेव और सिनर के बीच लगातार पांचवीं मास्टर्स 1000 भिड़ंत है।

# सीडीओ ने भटावली-फाजलपुर गोशालाओं का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने विकासखंड मुरादाबाद के वृहद गौ संरक्षण केंद्र फाजलपुर एवं अस्थाई गौ आश्रय स्थल भटावली का स्थलीय निरीक्षण किया। 330 गौवंश सुरक्षित, चारा पर्याप्तनिरीक्षण में गौ संरक्षण केंद्र फाजलपुर में 185 और अस्थाई गौ आश्रय स्थल भटावली में 145 गौवंश सुरक्षित मिले। दोनों जगह भूसा व हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध था। भटावली गौशाला से लिंक 03 हेक्टेयर भूमि पर हरा चारा तैयार किया जा रहा है।बारिश व लू से बचाव के इंतजाम फाजलपुर में बारिश के दौरान गौवंश को सुरक्षित रखने के लिए 04 फीट ऊंचे प्लेटफार्म का निर्माण कराया जा रहा है। गौवंश को लू से बचाने के लिए शेड के चारों ओर जूट के पर्दे लगाए गए हैं। सीडीओ ने जूट के पर्दों को हर दो घंटे में भिगोने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में गौवंश को राहत मिले।ब्ब्न्ट व स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देशमुख्य विकास अधिकारी ने वृहद गौ संरक्षण केंद्र फाजलपुर में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील कराने के निर्देश दिए।



साथ ही गौवंश का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने और केयर टेकरों को नियमित भुगतान सुनिश्चित करने को कहा।

# कुंदरकी की विद्युत समस्याओं पर सर्किट हाउस में बैठक, 11 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/कुंदरकी।** कुंद. रकी विधानसभा क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को लेकर शनिवार को सर्किट हाउस में बैठक हुई। बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामव. ीर सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और भाजपा पदाधिकारियों के साथ बिजली आपूर्ति पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति सुचारु और निर्बाध बनाई जाए। गर्मी में बढ़ती मांग को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करने को भी कहा।ये हुए प्रमुख निर्देश 11 ट्रांसफार्मरों की क्षमता 25 ज्ञट। से बढ़ाकर 63 ज्ञट। की जाए। 7 स्थानों पर जर्जर लाइनों की मरम्मत कर तार बदले जाएं। लो-वोल्टेज की समस्या प्राथमिकता पर हल की जाए।कुंदरकी नगर में विद्युत लाइन विस्तार के लिए 40 खंभों के साथ 1000 मीटर तार उपलब्ध कराया जाए। विधायक ने क्षेत्र में पहले से 60 से अधिक ट्रांसफार्मर्स की क्षमता बढ़ाने और 10 स्थानों पर जर्जर तार बदलवाने के लिए विभाग का आभार जताया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और बेहतर बिजली व्यवस्था के लिए लगातार कार्य होगा।बैठक में मुख्य अभियंता अशोक चौरसिया, अधीक्षण अभियंता, कुंदरकी क्षेत्र के समस्त अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, संजय कश्यप, नीरज चंद्रा आदि पदाधिकारी भी शामिल हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया



**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी-सहेली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाष रस्तोगी ने ग्रुप की सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत उपस्थित मजदूरों को स्टील के टिफिन उपहार स्वरूप भेंट किए गए तथा उन्हें अंगोछा पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही चाय-नाश्ते की व्यवस्था कर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस अवसर पर सुभाष रस्तोगी ने कहा कि मजदूर वह कड़ी हैं, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। डॉ. मधु तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि मजदूरों के बिना किसी भी विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में ग्रुप की सदस्य कंचनवाला, राजेश्वरी श्रीवास्तव, अनुराधा गोयल, ऊषा अग्रवाल, सरोज शर्मा, सरोज वार्ष्णेय, सीमा वर्मा, रीता आदि उपस्थित रहीं।

### पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 79 मामलों की सुनवाई, 8 परिवारों में हुआ समझौता



**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन, मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 79 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 22 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। वहीं 8 परिवारों में आपसी समझौता कराकर उन्हें पुनः एकजुट किया गया। इसके अलावा 6 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई, जबकि 8 पत्रावलियों को आवेदकों द्वारा बल न देने के कारण बंद कर दिया गया। बैठक में काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, श्रीमती श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी ज्योति आदि उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता ने दबंगो से जान का खतरा बताकर तहसील दिवस में की शिकायत

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अधिवक्ता ने सह खातेदारों से उसके खेत को पानी न दिए जाने गाली गलौज मारपीट करने आदि को लेकर जान का खतरा बताया और कार्रवाई की मांग उठाई। नगर निवासी अधिवक्ता महेंद्र सिंह आज तहसील पहुंचे और उन्होंने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा की गाटा संख्या 351 में बह सह खातेदार है। लेकिन बाकी लोग उसे उसकी जमीन पर पानी नहीं चलाने दे रहे जिसकी वजह से उसकी फसल सूख गई है पानी देने की कोशिश करने पर यह लोग जान से मारने की धमकी देते हैं मारपीट करते हैं और गाली गलौज कर रहे हैं पीड़ित ने इन लोगों से जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### स्व: चौधरी भजनलाल पर अमर्यादित टिप्पणी करने की जगह-जगह निंदा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** अखिल भारतीय बिश्नोई युवा संगठन के राष्ट्रीय सचिव गौरव बिश्नोई ने कहा कि राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बिशनोई रत्न स्व: चौधरी भजनलाल जी के बारे मे बदमाशी शब्द का बोलना बहुत ही गलत व मन को ठेस पहुंचाने वाला है। चौधरी साहब आज दुनिया मे नहीं है लेकिन वो लाखो लोगो के दिलों मे आज भी जिंदा है वो हरियाणा ही नहीं पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश से लेकर उत्तर प्रदेश तक अपने व्यवहार, सामाजिक कार्यों के लिए जाते है वो बिशनोई समाज के ही नहीं 36 बिरादरी के नेता थे। सांसद को दिवंगत चौधरी भजनलाल जी के बारे मे ऐसा नहीं बोलना चाहिए था उनको अपने दिए हुए बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

### नीट परीक्षा को लेकर एसएम इंटर कॉलेज में बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**चन्दौसी।** देशभर में आयोजित होने वाली एनटीए नीट परीक्षा को लेकर संभल जनपद में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चन्दौसी शहर में तीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शनिवार को एस.एम.



इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में नीट परीक्षा में ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए और परीक्षा गाइडलाइन को विस्तार से समझाया गया। प्रधानाचार्य ने निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं।

### मेंढ़ काटने के विरोध पर मारपीट दो नामजद

**कांठ( शाह टाइम्स )** मेंड़ काटने का विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट के गांव चौराहा रसूलपुर निवासी यामीन पुत्र मुन्वबर का आरोप था कि 26 अप्रैल की दोपहर को करीब 2:00 बजे वह अपने खेत पर गया तो उसके खेत की मेंड़ कटी हुई थी इसके बारे में उसने गांव के भूरा पुत्र सोकत व तालिब पुत्र बाबू से पूछ लिया तो उन्होंने गाली गलौज करनी शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गए उन्होंने मारपीट करते हुए कहा कि हमने मेंड़ काटी है जो तुझसे हो कर ले। पीड़ित के मुताबिक उक्त सभी लोग हेकड व दबंग किस्म के हैं आए दिन लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित थाने पहुंचा और अपनी शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने दोनों हमलावरों को नाम जद कर जांच शुरू की है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने जनसमस्याओं को सुना। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए और उनका गंभीरता से समयबद्ध निस्तारण किया जाए। पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों पर एसपी ने संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान सैंजनी निवासी कृष्णा देवी पत्नी खचेडू ने मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर की नकल जारी कराने की मांग की।

बहजोई थाना क्षेत्र के पुरा व हयातनगर के ग्रामीणों ने तार चोरी की शिकायत दर्ज कराई, जिसमें 21 खंभों से तार चोरी होने से 20 नलकूपों की आपूर्ति बाधित है। मोहम्मदगंज निवासी फरियादी ने गाटा संख्या 987, रकबा 0.122 हेक्टेयर में लगाए गए ठियों को उखाड़े जाने की शिकायत की। वहीं पैगा रफातपुर के प्रकरण में गाटा संख्या 424, रकबा 0.437 हेक्टेयर पर अवैध कब्जे की शिकायत सामने आई। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 24, पुलिस विभाग की 15, चकबंदी विभाग की 09, विकास विभाग की 06, खाद्य एवं रसद विभाग की 08, समाज कल्याण विभाग की 03, शिक्षा विभाग की 01 व अन्य विभागों सहित कुल 85 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें से 10 शिकायतों पर मौके पर निस्तारण हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी नीतू रानी, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को सफल आयोजन व व्यापक प्रचार को लेकर बैठक आयोजित

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में आगामी 09 मई 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर शनिवार शाम 4:30 बजे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदुषी सिंह के विश्राम कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल (चन्दौसी) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष विदुषी सिंह ने लोक अदालत के माध्यम से विवादों को त्वरित, सुलभ, किफायती एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से निस्तारित करने पर जोर दिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर उपयुक्त मामलों को चिन्हित कर समय से प्रस्तुत करें। साथ ही आमजन को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। बैठक में नोडल अधिकारी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल, एएसपी कुलदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एसडीएम नीतू रानी व निधि पटेल, तहस. ीलदार रविन्द्र विक्रम व रवि सोनकर, एलडीएम ललित विजय राय सहित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा दी गई।

# नगर में सादगीपूर्ण निकाह बना मिसाल

## समाज को दिया सुधार और सादगी का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर स्थित हाजरा इस्लाम इस्लामी मरकज में क्षेत्र के प्रतिष्ठित इब्राहीमपुर हाउस परिवार में एक सादगीपूर्ण निकाह संपन्न हुआ, जिसने समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया। समाजसेवी मोहम्मद उस्मान के पुत्र मुहम्मद सुब्हान रजा का निकाह बिना किसी दिखावे और फिजूलखर्ची के संपन्न कराया गया, जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक नमाज से हुई। इसके उपरांत मुफ्ती नसीम अहमद ने दूल्हे के सर पर अमामा बांधकर दुआ की। इस अवसर पर सैय्यद शबाहत मियां ने अपने संक्षिप्त बयान में कहा कि शरियत और इंसान की व्यक्तिगत इच्छाएं अलग-अलग होती हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी इच्छाओं से अधिक शरियत को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि दीन की मजबूती इसी में है।

निकाह की रस्म काजी द्वारा खुतबा पढ़कर अदा कराई गई, जिसमें दूल्हा-दुल्हन की कुबू. लियत कराई गई। निकाह के बाद सामूहिक दुआ का आयोजन हुआ तथा उपस्थित लोगों में तबर्रुक वितरित किया गया।



इस अवसर पर समाजसेवी हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि निकाह एक पवित्र और धार्मिक कार्य है, इसे सादगी के साथ संपन्न करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची और दिखावे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए सभी को आगे आना होगा। सादगीपूर्ण निकाह से आर्थिक बोझ कम होता है और समाज में सकारात्मक संद. ेश जाता है। कार्यक्रम में विधायक मोहम्मद फहीम इरफान मोहसिन कमाल शाहबाज पाशा रईस एडवोकेट मोहम्मद शाहिद मोहम्मद फैजी अब्दुल वाजिद मोहम्मद कासिम मुजस्सियम कमाल वारिस पाशा मोहम्मद कोशिद मोहम्मद अशरफ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट द्वारा सादगीपूर्ण निकाह कराने की पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

# शिक्षकों की समस्याओ को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने खण्ड शिक्षाधिकारी को दिया ज्ञापन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई छजलैट के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही के नेतृत्व में खंड शिक्षाधिकारी शिवम गुप्ता के साथ बैठक कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर वार्ता की। शिक्षकों के एक ही पद पर निरंतर एवं 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण होने पर लगने वाले चयन वेतनमान प्रकरणों को प्रत्येक माह के अंत तक निस्तारित कर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अग्रसारित कर दिए जाए जिससे शिक्षकों को स्वीकृती उपरांत ससमय चयन वेतनमान का लाभ प्राप्त हो सके। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण/ अंत: जनपदीय स्थानांतरण के फलस्वरूप विकास क्षेत्र छजलैट में कार्यभार ग्रहण करने वाले जिन शिक्षकों की आफलाइन सेवा पुस्तिका अभी तक अप्राप्त हैं।उनकी सूची तैयार कराकर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित की जाए, जिससे इन शिक्षकों के चयन वेतनमान /अवकाश /जी पी एफ लोन संबंधी आ रही समस्याओं का निस्तारण हो सके। मानव संपदा पोर्टल पर कुछ शिक्षक /शिक्षिकाओं के विभिन्न अवकाशों (यथा चिकित्सा अवकाश,बाल्य देखभाल अवकाश/ अर्जित अवकाश आदि)का दर्ज विवरण गलत/ अपूर्ण है।जिससे शिक्षक/ शिक्षिकाएं विषम परिस्थितियों में भी अवकाश नहीं ले पा रहे हैं। अत: इस प्रकार की त्रुटियों को दूर कर अवकाशों का विवरण सही कराया जाए। एन पी एस (NPS)योजना से आच्छादित शिक्षकों की एन पी एस पासबुक तैयार कराई जाए,जिससे शिक्षकों को प्रतिमाह एन पी एस योजना के अंतर्गत आवंटित प्रान खातों में जमा धनरा. शि की जानकारी प्राप्त होती रहे।ओ पी एस (OPS)योजना के अंतर्गत आच्छादित शिक्षकों के सामान्य भविष्य निधि (GPF) खातों का संपूर्ण विवरण मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया जाए। जिससे शिक्षक प्रत्येक माह अपने वेतन विवरण की भांति सामान्य भविष्य निधि खातों का विवरण भी सुगमतापूर्वक देख सके तथा आवश्यकता अनुसार प्राप्त हो सके। सभी समस्याओं पर खंड शिक्षाधिकारी द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार विमर्श कर संबंधित को तत्काल निस्तारित करने के आदेश दिये। प्रतिनिधि मंडल में दुष्यंत यादव (तहसील प्रभारी), सर्मेन्द्र कुमार सिंह, मेघराज सिंह, मौहम्मद रिजवान, भूपेंद्र यादव,गौरव चौधरी, जावेद अख्तर जुबैर अहमद, प्रभास उज्जवल, विवेक कुमार ,धर्मेंद्र सिंह, तनवीर आलम, जुल्फिकार अहमद आदि उपस्थित रहे।





**नागपुर। महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड एचएससी कक्षा 12 के परिणाम घोषित होने के बाद जश्न मनाते छात्र।**

## अमेरिका नए प्रस्ताव मानता है, तो ईरान पाक में बातचीत को तैयार

**वॉशिंगटन।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका उसका नया प्रस्ताव मानने को तैयार है तो वह अगले हफ्ते की शुरुआत में पाकिस्तान में बातचीत करने के लिए तैयार है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अमेरिका हमले रोकने और ईरानी तटों की नाकाबंदी हटाने की गारंटी देता है, तो तेहरान होर्मुज जलमार्ग खोलने के लिए अपनी शर्तों पर बात करने की पेशकश कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रस्ताव में अमेरिका के प्रतिबंध में ढील के बदले ईरानी परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मामलों पर बात करने का प्रस्ताव है।

# ईरान के बाद क्यूबा पर 'तत्काल कब्जे' की तैयारी

### ट्रम्प ने दिए संकेत, अमेरिका इस कैरेबियाई देश की ओर भेज सकता है अपने बेड़े

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा पर 'तत्काल कब्जा' करने की घोषणा करते हुए संकेत दिया कि 'ईरान के साथ मिशन पूरा होने' के बाद अमेरिका इस कैरेबियाई राष्ट्र की ओर अपने नौसैनिक बेड़े भेज सकता है।

ट्रम्प ने ये टिप्पणियां फ्लोरिडा में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कीं। इससे पहले उन्होंने क्यूबा सरकार और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंधों का विस्तार करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की हंसी के बीच कहा कि क्यूबा नामक एक स्थान है, जिस पर हम लगभग तुरंत नियंत्रण कर लेंगे। क्यूबा की अपनी समस्याएं हैं। पहले हम एक काम खत्म करेंगे--- मुझे पहले एक काम पूरा करना पसंद है। उन्होंने अपनी पुरानी बातों को दोहराते हुए कहा कि क्यूबा के खिलाफ कोई भी कार्रवाई ईरान के साथ जारी अमेरिका-इजरायल युद्ध के बाद की जा



**हंसी के बीच कहा: क्यूबा नामक एक स्थान है, जिस पर हम लगभग तुरंत नियंत्रण कर लेंगे**

सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि अमेरिका द्वीप राष्ट्र (क्यूबा) के पास अपना एक विमानवाहक पोत तैनात कर सकता है।

उन्होंने कहा कि ईरान से वापसी के रास्ते में, हमारे पास अपने बड़े विमानवाहक पोतों में से एक होगा। शायद 'यूएसएस अब्राहम लिंकन', जो दुनिया में सबसे बड़ा है। हम उसे वहां भेजेंगे, जो तट से महज 100 गज की दूरी पर रुकेगा। वे (क्यूबावासी) कहेंगे, 'आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हम आत्मसमर्पण करते हैं। मुझे काम पूरा करना पसंद है। इस बीच, व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक विस्तृत विवरण (फैक्ट शीट) में कहा गया है कि नए प्रतिबंधों का उद्देश्य कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन, शत्रुतापूर्ण ताकतों को समर्थन, आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता के लिए क्यूबा सरकार और उसके समर्थकों को जवाबदेह ठहराना है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि क्यूबा सरकार की नीतियां और कार्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक असामान्य और असाधारण खतरा बने हुए हैं। ये नीतियां स्वतंत्र और लोकतांत्रिक समाजों के नैतिक और राजनीतिक मूल्यों के भी विरुद्ध हैं। ये प्रतिबंध क्यूबा के सुरक्षा तंत्र से जुड़े व्यक्तियों, संस्थाओं और भ्रष्टाचार या गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन में शामिल लोगों को लक्षित करते हैं। दूसरी ओर, क्यूबा सरकार ने इन प्रतिबंधों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें 'एकतरफा दमनकारी उपाय' बताया है, जिसका उद्देश्य क्यूबा के लोगों को सामूहिक सजा देना है। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिग्ज ने कहा कि ये उपाय संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं और अमेरिका को क्यूबा या किसी तीसरे देश पर प्रतिबंध लगाने का कोई अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि इसी सप्ताह मेक्सिको, स्पेन और ब्राजील ने भी क्यूबा की 'गंभीर स्थिति' और वहां गहराते मानवीय संकट पर चिंता व्यक्त की थी। वहीं, अमेरिकी सीनेट ने उस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया है, जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्प को कांग्रेस की पूर्व स्वीकृति के बिना क्यूबा के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने से रोकने का प्रावधान था।

# ईरान-अमेरिका के बीच फिर छिड़ सकता है युद्ध

### तेहरान ने अमेरिका पर समझौतों के उल्लंघन का लगाया आरोप, सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई

तेहरान। ईरान के सैन्य मुख्यालय ने चेतावनी जारी की है कि ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध फिर से शुरू होने की 'प्रबल आशंका' है। मुख्यालय ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका किसी भी समझौते या संधि के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है।

ईरानी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, यदि युद्ध दोबारा शुरू होता है, तो उसका कड़ा जवाब देने के लिए सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 'खातम अल-अंबिया' केन्द्रीय मुख्यालय के उप प्रमुख मोहम्मद जाफर असदी ने 'फारस न्यूज एजेंसी' द्वारा जारी एक बयान में कहा कि हालिया अमेरिकी कार्रवाइयां और बयान राजनयिक समझ की कमी और समझौतों के प्रति उनकी अनिच्छा को दर्शाते हैं। असदी ने कहा कि ईरान की सेना किसी भी संभावित तनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रणनीतिक आकलन बताते हैं कि अमेरिका के कदमों के कारण आने वाले समय में तनाव और बढ़ सकता है। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने इस्लामाबाद में हुई पहले दौर की वार्ता और उसके बाद युद्धविराम चर्चाओं के दौरान पर्याप्त लचीलापन दिखाया था, लेकिन अमेरिका ने इसके बदले सकारात्मक रुख नहीं अपनाया। ईरान का



**ईरानी सैन्य अधिकारियों ने कहा: यदि युद्ध दोबारा शुरू होता है, तो उसका कड़ा जवाब देने के लिए सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई हैं**

आरोप है कि जब भी उसने अपना रुख नरम किया, अमेरिका ने दबाव और आक्रामक मांगें बढ़ा दीं। अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया जिसमें नाकेबंदी हटाने के प्रावधानों सहित कुछ अन्य रियायतें शामिल थीं। ईरानी पक्ष का कहना है कि परमाणु मामले जैसे अन्य बड़े मुद्दों पर चर्चा करने से पहले होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति और प्रतिबंधों में राहत जैसे विषयों पर बात होनी चाहिए। अधिकारियों ने अमेरिकी रुख की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन वार्ता नहीं, बल्कि 'आत्मसमर्पण' चाहता है, जो ईरान को कतई स्वीकार्य नहीं है। दूसरी ओर, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना कड़ा रुख बरकरार रखा है। ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम के दौरान ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को 'अस्वीकार्य' बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया, इजरायल और यूरोप की सुरक्षा के लिए ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ट्रंप ने कहा कि हमने अभी ईरान के साथ बातचीत की है, देखते हैं क्या होता है। लेकिन मैं खुश नहीं हूं। वे ऐसी चीजें मांग रहे हैं जिनसे मैं सहमत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमारे पास विकल्प मौजूद हैं। या तो आप उन पर हमला करके उन्हें हमेशा के लिए खत्म कर दें, या समझौता करने की कोशिश करें। मानवीय आधार पर मैं सैन्य हमले के बजाय समझौते को प्राथमिकता दूंगा, लेकिन सैन्य विकल्प अभी भी मेज पर है। ट्रंप ने ईरान के भीतर नेतृत्व के स्तर पर मतभेदों को प्रगति में बाधा बताया और कहा कि ईरानी सैन्य नेतृत्व पूरी तरह भ्रमित और बिखरा हुआ है। उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि अभी हमारी बातचीत चल रही है। लेकिन बात बन नहीं पा रही है, यह बहुत ही बिखरी हुई है। बेहद बिखरी हुई। वे नेता के तौर पर एक-दूसरे के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि नेता कौन है। इस बीच, संवर्धित यूरेनियम को लेकर भी विवाद बना हुआ है। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना यूरेनियम उसे सौंप दे, जबकि रूस और चीन ने इसे अपने पास रखने की पेशकश की है।

## अमेरिका ने ईरान के तेल व्यापार से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क पर लगाए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम निर्यात नेटवर्क के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। अमेरिका ने उन कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों को लक्षित करते हुए नए प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिन पर देश के अवैध तेल व्यापार को सुगम बनाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इस व्यापार से प्राप्त धन का उपयोग क्षेत्रीय गतिविधियों को अस्थिर करने और आतंकवाद के लिए किया जा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि इन ताजा उपायों का मुख्य उद्देश्य प्रतिबंधित ईरानी कच्चे तेल की आवाजाही के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले जटिल बचने की प्रणालियों को बाधित करना है। इसमें एक जहाज से दूसरे जहाज में तेल का स्थानांतरण और तथाकथित 'डार्क फ्लीट' ऑपरेशन शामिल हैं, जो कार्गो के स्रोत और गंतव्य को छिपाते हैं। अमेरिकी सरकार ने कहा कि ये उपाय ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इसके तहत ईरान की ऊर्जा निर्यात जीवनरेखा और उसे समर्थन देने वाले अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्कों को निशाना बनाया जा रहा है। विदेश विभाग ने कहा कि जब तक ईरान अपनी अस्थिर करने वाली गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए तेल राजस्व उत्पन्न करने का प्रयास करेगा, तब तक अमेरिका ईरान और उसके प्रतिबंधों से बचने वाले भागीदारों, दोनों को जवाबदेह ठहराना जारी रखेगा। अधिकारियों ने यह भी दोहराया कि प्रतिबंधों का उद्देश्य स्थायी सजा देना नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव लाना है।

# अमेरिका ने इजरायल कतर को वायु रक्षा प्रणाली की ब्रिकी को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने दो प्रमुख साझेदारों इजरायल और कतर को बड़े रक्षा पैकेज की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इजरायल को लगभग 99.24 करोड़ डॉलर मूल्य की 10,000 एडवांस्ड प्रिसिजन किल वेपन सिस्टम्स (एपीकेडब्ल्यूएस) और कतर को 4.01 अरब डॉलर के पैट्रियट एयर एंड मिसाइल डिफेंस पैकेज की अनुमति दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इजरायल को प्रस्तावित सौदे के तहत 10000 एपीकेडब्ल्यूएस और उससे संबंधित सैन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। यह सौदा लगभग 99.24 करोड़ डॉलर का है। एपीकेडब्ल्यूएस एक लेजर-गाइडेड प्रिसिजन सिस्टम है, जिसे पारंपरिक रॉकेटों को अधिक सटीक हमला क्षमता देने के लिए विकसित किया गया है। इसे कम लागत वाले लेकिन उच्च-सटीकता वाले हथियार विकल्प के रूप में देखा जाता है, जो ड्रोन, हल्के सैन्य वाहनों और

**यह सौदा लगभग 99.24 करोड़ डॉलर का है**

सीमित दायरे के लक्ष्यों के खिलाफ प्रभावी माना जाता है। दूसरी ओर, कतर को प्रस्तावित रक्षा पैकेज में कुल 500 पैट्रियट मिसाइलें शामिल हैं, जिनमें 200 पीएसी-2 मार्गदर्शन संवर्धित मिसाइल-सामरिक और 300 पीएसी-3 मिसाइल खंड संवर्धन मिसाइलें शामिल हैं। पीएसी-2 और पीएसी-3 दोनों पैट्रियट प्रणाली के उन्नत संस्करण हैं, जिनका उपयोग बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और हवाई खतरों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। विशेष रूप से पीएसी-3 को आधुनिक मिसाइल इंटरसेप्शन क्षमता के लिए अधिक उन्नत माना जाता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह बिक्री कतर की वायु सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगी और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाएगी। यह रक्षा मंजूरी ऐसे समय आई है जब पश्चिम एशिया पहले से ही गंभीर सैन्य तनाव के दौर से गुजर रहा है।

# ईरान के साथ समझौता न हो तो बेहतर: ट्रम्प

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता न हो तो वही अमेरिका के लिए बेहतर होगा। ट्रम्प ने शुक्रवार शाम यहां एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए संकेत दिया कि यदि वार्ता अमेरिका की शर्तों के अनुरूप नहीं होती, तो समझौता न होना भी बेहतर हो सकता है।

उन्होंने कहा कि साफ कहूं तो शायद बिना किसी समझौते के हम बेहतर स्थिति में हों। सच जानना चाहते हैं? क्योंकि हम इसे ऐसे ही जारी नहीं रहने दे सकते। यह बहुत लंबे समय से चल रहा है। इससे पूर्व, ट्रम्प ने फ्लोरिडा रवाना होने से पहले मीडिया से कहा था कि संघर्ष समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के नवीनतम प्रस्ताव से वह संतुष्ट नहीं हैं। कार्यक्रम में उन्होंने दोहराया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कोई

**साफ कहूं तो शायद बिना किसी समझौते के हम बेहतर स्थिति में हों: ट्रम्प**

समझौता होगा या नहीं, लेकिन यदि बातचीत विफल रही तो अमेरिका कठोर सैन्य कदम उठा सकता है। ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखते हैं क्या होता है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि वार्ता असफल रही, तो वह ईरान को उड़ा देंगे। ईरानी कार्गो जहाज की हालिया जब्ती का उल्लेख करते हुए ट्रम्प ने अमेरिकी कार्रवाई का वर्णन असामान्य अंदाज में किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने जहाज को रोका, फिर टगबोट्स की मदद से नियंत्रण में लिया और उस पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि जहाज रुक गया।

## अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन की वैश्विक कार्बन कर योजना का विरोध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सहयोगी समुद्री देशों के गठबंधन के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन द्वारा प्रस्तावित नेट-जीरो फ्रेमवर्क का विरोध किया है। उसने तर्क दिया है कि यह एक वैश्विक कार्बन टैक्स के रूप में कार्य करेगा जो अमेरिकी उपभोक्ताओं, जहाजरानी उद्योगों और व्यापक आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। आईएमओ समुद्री पर्यावरण संरक्षण समिति के 84वें सत्र में अमेरिका फर्स्ट नीतिगत दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे अमेरिकी राजनयिकों ने विवादित एनजेडएफ संरचना को अपनाने के बजाय वैकल्पिक प्रस्तावों पर चर्चा करने पर बल दिया। अमेरिका ने एनजेडएफ को दृढ़ता से खारिज कर दिया, इसे एक त्रुटिपूर्ण प्रस्ताव बताया जो वैश्विक नौवहन एवं ऊर्जा क्षेत्रों पर अत्यधिक लागत थोपेगा।

# जर्मनी से नाराज ट्रम्प ने 5000 सैनिक वापस बुलाए

### जर्मन चांसलर ने कहा था: ईरान ने अमेरिका की बेइज्जती की, अमेरिका की प्लानिंग भी बेकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जर्मनी से करीब 5000 सैनिक हटाने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह प्रक्रिया अगले 6 से 12 महीनों में पूरी होगी। यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया है। मर्ज ने पिछले महीने एक कार्यक्रम में कहा था कि अमेरिका के पास कोई अच्छी प्लानिंग नहीं है।

उसे पता ही नहीं है कि वह इस जंग से बाहर कैसे निकलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत को टालने में माहिर है और अमेरिका को बिना नतीजे के इस्लामाबाद तक आना-जाना पड़ा। इससे अमेरिका को ईरान के सामने अपमानित होना पड़ा। इससे ट्रम्प नाराज हो गए थे। उन्होंने मर्ज को लेकर कहा कि वे बहुत खराब काम कर रहे हैं। उनको लगता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना अच्छी बात है। उन्हें हकीकत की समझ नहीं है। मुताबिक दिसम्बर तक

**यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया**



जर्मनी में 36,000 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक तैनात थे। यह संख्या जापान के बाद दूसरी सबसे बड़ी तैनाती है, जहां करीब 55,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। इसके अलावा इटली में करीब 12,000 और ब्रिटेन में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। जर्मनी में अमेरिकी सैन्य ठिकाने लंबे समय से यूरोप में अमेरिका की रणनीतिक मौजूदगी का अहम हिस्सा रहे हैं। हालांकि, अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच ईरान को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है। यूरोपीय देशों ने ईरान जंग में ट्रम्प का साथ देने के लिए कई बार इन्कार किया है। जिसके बाद ट्रम्प आरोप लगाते आए है कि यूरोपीय देश केवल कागजी शेर है क्योंकि समय पर वह कभी काम नहीं आते। इसी बीच ट्रम्प ने इटली और स्पेन से भी सैनिक हटाने का संकेत दिया है। उनका कहना है कि ये देश ईरान के खिलाफ अमेरिका का साथ नहीं दे रहे हैं, जिससे नाटो के भीतर मतभेद बढ़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इससे पहले भी जर्मनी से सैनिक हटाने की बात कर चुके हैं। तब उन्होंने जर्मनी को दिवालिया कहा था क्योंकि वह नाटो के तय 2 प्रतिशत रक्षा खर्च लक्ष्य से पीछे था। तब उन्होंने 12,000 सैनिकों को हटाने की योजना बनाई थी, लेकिन अमेरिकी संसद के विरोध और लाजिस्टिक दिक्कतों के कारण यह लागू नहीं हो पाई। बाद में राष्ट्रपति जो बाइडन ने 2021 में इस योजना को रोक दिया और फिर रद्द कर दिया। पिछले साल अमेरिका ने रोमानिया में भी अपने सैनिकों की संख्या कम करने का फैसला लिया था। दरअसल, ट्रम्प अमेरिकी सैनिकों को यूरोप से हटाकर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शिफ्ट करना चाहते हैं ताकि चीन के खतरों से निपटा जा सके। जर्मनी में 36000 इटली में 12,000 और ब्रिटेन में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। जर्मनी में अमेरिकी सेना की मौजूदगी 1945 से शुरू हुई, जब नाजी जर्मनी की हार के बाद अमेरिका ने वहां कब्जा कर लिया था। दूसरे विश्व युद्ध के तुरंत बाद वहां करीब 16 लाख अमेरिकी सैनिक तैनात थे, हालांकि 1 साल के बाद वहां 3 लाख सैनिक रह गए।

# ईरान के खिलाफ युद्ध खत्म हो चुका है

### 60 दिन की समय सीमा पूरी होने पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने संसद को दी जानकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संसद को बताया है कि ईरान के खिलाफ चल रहा युद्ध खत्म हो गया है। ट्रम्प ने ईरान युद्ध की 60 दिन की कानूनी समयसीमा खत्म होने के बाद सांसदों को यह जानकारी दी।

पालिटिको के अनुसार, ट्रम्प ने सांसदों को लिखे एक पत्र में कहा कि 7 अप्रैल 2026 के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच कोई गोलीबारी नहीं हुई है। उन्होंने आगे कहा कि 28 फरवरी 2026 को शुरू हुई शत्रुता अब समाप्त हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम ईरान युद्ध को जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत के विवाद को शांत करने की कोशिश माना जा रहा है। अमेरिका में 1973 में पारित श्वार पावर्स रिजोल्यूशन के तहत राष्ट्रपति को सैन्य कार्रवाई की सूचना कांग्रेस को देने के बाद 60 दिनों के भीतर उसे समाप्त करना होता है, जब तक कि कांग्रेस आगे की कार्रवाई को मंजूरी न दे। अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था। ट्रम्प प्रशासन ने 2 मार्च को औपचारिक रूप से कांग्रेस को इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद 60 दिन की समयसीमा 1 मई को समाप्त हो गई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने भले ही 1 मई को सांसदों को दी जानकारी में ईरान युद्ध समाप्त होने की बात कही है, लेकिन अभी भी इसे लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि वह ईरान के मौजूदा प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं हैं, हालांकि कूटनीति और सैन्य कार्रवाई दोनों विकल्प खुले हैं। पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखना होगा कि आगे क्या होता है। उन्होंने ईरान के नेतृत्व को बिखरा हुआ बताया और कहा कि इसी वजह से सहमति नहीं बन पा रही है। ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन वे पूरी तरह उलझे हुए हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरानी नेतृत्व काफी असंगठित है और अंदरूनी मतभेदों से घिरा हुआ है। ट्रम्प के मुताबिक, आंतरिक मतभेदों के कारण तेहरान की बातचीत की स्थिति कमजोर हो रही है।

## एडमिरल त्रिपाठी म्यांमार यात्रा पर समुद्री सहयोग बढ़ाने पर करेंगे बात

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी शनिवार से चार दिन की म्यांमार यात्रा पर हैं जहां वह रक्षा मंत्री सहित वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ने पर चर्चा करेंगे। नौसेना ने बताया है कि एडमिरल त्रिपाठी आज से 5 मई तक म्यांमार की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

इस दौरान वह म्यांमार सशस्त्र बलों के कमांडर- इन- चीफ जनरल ए विन ऊ, म्यांमार के रक्षा मंत्री जनरल यू हटुन आंग और म्यांमार नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल हेटिन विन के साथ-साथ म्यांमार सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन वार्ताओं से द्विपक्षीय समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन स्तर पर संबंधों को मजबूत करने और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने का अवसर मिलेगा। उनकी यात्रा के कार्यक्रम में म्यांमार नौसेना की केंद्रीय नौसेना कमान, नौसेना प्रशिक्षण कमान और प्रथम बेड़े में कार्यक्रम और म्यांमार सशस्त्र बलों के शहीद नायकों के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करना शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में रक्षा सहयोग से संबंधित कई विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें समुद्री सुरक्षा, क्षमता विकास, क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारतीय नौसेना रक्षा सहयोग बैठकों, स्टाफ वार्ताओं, प्रशिक्षण आदान-प्रदान और भारत-म्यांमार नौसेना अभ्यास , भारत-म्यांमार समन्वित गश्त , बंदरगाह के दौरों और जल सर्वेक्षणों सहित परिचालन संबंधी गतिविधियों के माध्यम से म्यांमार नौसेना के साथ नियमित रूप से संपर्क में रहती है।

## पुलवामा में आतंकी सहयोगी गिरफ्तार हथियार व ग्रेनेड बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी सहयोगी को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार और ग्रेनेड बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलवामा पुलिस ने 44 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) शादिमर्ग और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 183वीं बटालियन के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में एक आतंकवादी सहयोगी को धर दबोचा। उन्होंने बताया कि यह अभियान सीबी नाथ रोड स्थित कासबयार में चलाया गया, जहां संयुक्त टीम ने काचीपोरा निवासी संदिग्ध मोहम्मद उमर मलिक को गिरफ्तार किया।

# पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने में जुटी है सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर एलपीजी सिलेंडर की कमी को देखते हुए सरकार पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने में लगी है और अब तक लगभग 5.96 लाख पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन चालू किए गए हैं तथा अतिरिक्त 2.68 लाख कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, साथ ही लगभग 6.66 लाख नए ग्राहकों ने कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया संकट के बारे में एक वक्तव्य जारी कर बताया कि खाड़ी क्षेत्र में बदलती स्थिति के मद्देनजर, सरकार ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सहायता

**प. एशिया संकट के मद्देनजर एलपीजी की कमी से निपटने की कवायद तेज**

सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से समन्वित कदम उठा रही है। वक्तव्य में कहा गया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू एलपीजी, घरेलू पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) को 100 प्रतिशत आपूर्ति की जाए। कमर्शियल एलपीजी के लिए अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा औषधि, इस्पात, ऑटोमोबाइल, बीज, कृषि आदि क्षेत्रों को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# फिल्म एक दिन की कहानी से गहरा है मेरा कनेक्शन : आमिर



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार और फिल्मकार आमिर खान का मानना है कि फिल्म एक दिन उनके अपने व्यक्तित्व का हिस्सा दिखाती है। आमिर खान प्रोडक्शन्स की आने वाली फिल्म एक दिन को लेकर काफी चर्चा है। यह एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली लव स्टोरी है। फिल्म में जुनैद खान एक शर्मीले लड़के का किरदार निभा रहे हैं जिसे साई पल्लवी जैसी कॉन्फिडेंट लड़की से प्यार हो जाता है, लेकिन आमिर खान का मानना है कि यह फिल्म उनके अपने व्यक्तित्व का हिस्सा दिखाती है। जुनैद खान के किरदार से खुद को जोड़ते हुए आमिर खान ने कहा, यह कहानी एक ऐसे लड़के की है जो काफी संकोची है, यानी उसे खुद पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि वो किसी लड़की से कैसे बात करे। जब मैं 16, 17, 18 साल का था, तो मैं भी ऐसा ही था। मैं बहुत शर्मीला था और मुझे लगता था कि लड़कियां मेरी तरफ ध्यान नहीं देतीं, इसलिए मुझे लगा कि मुझे जीवन में कोई नहीं मिलेगा। फिल्म का हीरो भी यही सोचता है कि कोई लड़की उसे पसंद नहीं करेगी। इसलिए जब मैंने यह कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि यह मेरी कहानी है। फिल्म एक दिन के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान की मशहूर जोड़ी एक बार फिर साथ आई है। इससे पहले उन्होंने कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दी हैं। अब इस फिल्म के साथ वे रोमांस जॉनर में वापस आ रहे हैं, जिसे लेकर फैंस बहुत उत्साहित हैं। आमिर खान प्रोडक्शन्स की इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसे आमिर खान, मंसूर खान तथा अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है।

## आमिर खान, जुनैद खान, साई पल्लवी संग एक दिन टीम ने शेयर किया खुशी का पल

**मुंबई।** फिल्म एक दिन के मेकर्स ने टीम के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है, जिसमें सभी खुशी के पल बिताते नजर आ रहे हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसके ट्रेलर और गानों ने पहले ही अच्छा माहौल बना दिया था, और अब फिल्म उम्मीदों पर खरी उतरते हुए दर्शकों का दिल जीत रही है। इसी बीच मेकर्स ने टीम के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है, जिसमें सभी खुशी के पल बिताते नजर आ रहे हैं। जैसे ही एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई, मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें सभी साथ बैठकर खुशियों भरा पल एंजॉय करते दिखे। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, ऐसे पलों से एक ऐसी कहानी तक जिससे आप प्यार करेंगे। एक दिन अब सिनेमाघरों में है। एक दिन के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान लंबे समय बाद फिर साथ आए हैं, जिससे हिंदी सिनेमा की सबसे पसंदीदा क्रिएटिव जोड़ियों में से एक की वापसी हुई है। दोनों ने साथ मिलकर दर्शकों को कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दी हैं। अब एक दिन के साथ यह जोड़ी फिर से रोमांस जॉनर में लौटी है, जिससे फैंस के बीच नई एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है। दोनों का दोबारा साथ आना दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा रहा है।



# शादी नहीं करना चाहते अरहान : मलाइका

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा ने बेटे अरहान खान को लेकर एक बात शेयर की। उन्होंने बताया कि अरहान ने कहा कि वह शादी नहीं करना चाहते और बच्चे भी प्लान नहीं कर रहे हैं। मलाइका के मुताबिक, बेटे ने मजाक में कहा कि ग्रैंडकिड्स की उम्मीद छोड़ दो। हाल ही में टाइम्स एंटरटेनमेंट को दिए इंटरव्यू में मलाइका रिश्तों और शादी पर बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी रिश्तों को अलग नजरिए से देखती है। उनका बेटा कई बार ऐसी बातें बोलता है, जो उन्हें सोचने पर मजबूर करती हैं। मलाइका ने बताया कि अरहान ने उनसे कहा कि मैं शादी नहीं करूंगा, इसलिए ग्रैंडकिड्स के बारे में भूल जाइए। वजह पूछने पर अरहान ने बढ़ते प्रदूषण और खराब माहौल का जिक्र किया। उसने कहा कि एक्यूआई 500-1000 तक पहुंच रहा है, ऐसे माहौल में बच्चों को दुनिया में लाना सही नहीं लगता। मलाइ. का ने माना कि बेटे की सोच उनसे अलग है। उन्होंने उसे समझाया कि जिंदगी के हर फेज का अलग अनुभव होता है और परिवार बनाना भी उसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते बदलते रहते हैं और जिंदगी में कुछ भी स्थायी नहीं होता। इंसान को परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालना पड़ता है। इंटरव्यू में मलाइका ने सेल्फ-लव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन खुद से प्यार करने को कहती हैं, क्योंकि अगर इंसान खुद को स्वीकार नहीं करेगा, तो जिंदगी खुलकर नहीं जी पाएगा। मलाइका अरोड़ा की शादी 1998 में अरबाज खान से हुई थी। दोनों का 2017 में तलाक हो गया था। अरहान उन्हीं के बेटे हैं। तलाक के बाद भी दोनों बेटे की को-पैरेंटिंग कर रहे हैं। मलाइका लंबे समय तक अर्जुन कपूर के साथ रिश्ते को लेकर भी चर्चा में रहीं।



**मलाइका ने माना कि बेटे की सोच उनसे अलग है। उन्होंने उसे समझाया कि जिंदगी के हर पफेज का अलग अनुभव होता है और परिवार बनाना भी उसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते बदलते रहते हैं और जिंदगी में कुछ भी स्थायी नहीं होता। इंसान को परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालना पड़ता है। इंटरव्यू में मलाइका ने सेल्पफ-लव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन खुद से प्यार करने को कहती हैं।**

## आयुष्मान खुराना ने आम आदमी के किरदारों को जीवंत किया : मुदस्सर अजीज

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक मुदस्सर अजीज ने कहा है कि पिछले एक दशक में आयुष्मान खुराना ने आम आदमी के किरदारों को जिस तरह जीवंत किया है, वह उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है। निर्देशक मुदस्सर अजीज एक बार फिर एक भरपूर मनोरंजन करने वाली फिल्म पति पत्नी और वो दो के साथ लौट रहे हैं। अपनी लेखनी और निर्देशन से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाले मुदस्सर इस बार आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह जैसे कलाकारों से सजी एक बहु-कलाकार फिल्म लेकर आ रहे हैं।

# मराठी सिनेमा की सबसे बड़ी ओपनिंग बनी राजा शिवाजी

**मुंबई।** जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी ने शानदार शुरुआत करते हुए इतिहास रच दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 12.40 करोड़ (नेट) की कमाई के साथ मराठी सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिग दर्ज की है।

साथ ही यह 2026 की सभी फिल्मों में तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग भी बन गई है। एक मई 2026 को मराठी और हिंदी में जियो स्टूडियोज द्वारा भव्य रूप से रिलीज की गई यह फिल्म महान योद्धा राजा शिवाजी को समर्पित है। महाराष्ट्र सहित कई जगहों पर दर्शकों की भारी भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ी। इस फिल्म का निर्देशन रितेश देशमुख ने किया है। हिंदी और मराठी मीडिया के समीक्षकों से फिल्म को सर्वसम्मति से शानदार प्रतिक्रियाएं मिली हैं। सकारात्मक वर्ड ऑफ माउथ के चलते फिल्म आगे भी मजबूत प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।



## अजय देवगन ने भी की तारीफ

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने रितेश देशमुख को फिल्म राजा शिवाजी के लिए उनकी कड़ी मेहनत को सलाम किया है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी अब सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और आते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। फिल्म के साथ एक खास वीडियो की झलक भी सामने आई है, जिसमें अजय देवगन और रितेश देशमुख की दिलचस्प बातचीत देखने को मिलती है। इस बातचीत में अजय देवगन बताते हैं कि आजकल लोग सुपरहीरो फिल्मों जैसे एवेंजर्स, सुपरमैन और स्पाइडरमैन को बहुत पसंद करते हैं। लेकिन वो यह भी याद दिलाते हैं कि हमारे अपने इतिहास में ऐसे असली हीरो रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए सच में बड़ी कुर्बानियां दी हैं।वहीं रितेश देशमुख, जो इस फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।

# पापा के करीब रहने के लिए बॉलीवुड में आना चाहती थीं त्रिशाला दत्त



**मुंबई।** संजय दत्त की बेटी त्रिशाला दत्त एक समय बालीवुड में आना चाहती थीं। इसकी वजह एक्टिंग का सपना नहीं, बल्कि पिता के करीब रहना था। त्रिशाला ने इनसाइड थाट्स आउट लाउड पाडकास्ट में कहा कि बचपन में उन्हें लगता था कि फिल्मों में आने से वह पिता के साथ ज्यादा समय बिता पाएंगी। त्रिशाला, संजय दत्त और उनकी पहली पत्नी ऋचा शर्मा की बेटी हैं। ऋचा का 1996 में ब्रेन ट्यूमर से निधन हुआ था। इसके बाद त्रिशाला अमेरिका में नाना-नानी के साथ पली-बढ़ीं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने बॉलीवुड में आने की इच्छा जताई, तब संजय दत्त ने पूछा था कि क्या एक्टिंग सच में उनका पैशन है। त्रिशाला के मुताबिक, उन्होंने पिता से कहा था कि वह सिर्फ उनके करीब रहना चाहती हैं। इस पर संजय दत्त ने समझाया कि सिर्फ स्टार किड होने से कोई ए-लिस्ट एक्ट्रेस नहीं बनता। उन्होंने बेटी को वही करने की सलाह दी, जिसमें उसकी असली रुचि हो। त्रिशाला ने कहा कि उनके पिता जिंदगी में मुश्किल दौर से गुजरे हैं। उन्होंने हमेशा उन्हें सही दिशा दिखाने की कोशिश की। बॉलीवुड में करियर बनाने के बजाय त्रिशाला ने मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र चुना। वह अब थेरेपिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में मान. सिक स्वास्थ्य पर कम खुलकर बात होती है।

वह लोगों को बताना चाहती थीं कि संघर्ष सामान्य है। त्रिशाला ने दीपिका पादुकोण की भी तारीफ की, जिन्होंने डिप्रेशन पर खुलकर बात की थी। त्रिशाला ने बताया कि उन्होंने माता-पिता के साथ सामान्य पारिवा. रिक जिंदगी नहीं जी। वह बचपन से अमेरिका में रहीं और भारत कम आ पाती थीं। हालांकि, उन्होंने कहा कि जब भी वह संजय दत्त के साथ होती हैं, उन्हें सामान्य पिता-बेटी जैसा रिश्ता महसूस होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)